वर्ष- 12 अंक - 143
लखनऊ, शनिवार 11 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिए निर्देश, भदोही के एसीएमओ होंगे निलंबित 03
विकसित भारत के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग प्रवासी भारतीय : राष्ट्रपति 12


# वक्फ बोर्ड को भू-माफिया बोर्ड न बनाएं : योगी

**समृद्धि न्यूज, महाकुम्भ नगर।**

महाकुम्भ के आयोजन की जमीन पर विवाद खड़ा करने वालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा जवाब दिया है। सीएम योगी ने शुक्रवार को महाकुम्भ में एक चैनल के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन्हें विकास पसंद नहीं वही लोग विवाद खड़ा कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कुम्भ की परम्परा प्राचीन है, यह हजारों वर्षों की विरासत के साथ जुड़ी हुई है। हम किसी मत और मजहब के खिलाफ नहीं है, लेकिन अगर कोई 1400 वर्षों के इतिहास वाले इस्लाम को हजारों वर्षों की विरासत पर थोपने का प्रयास करेगा तो यह किसी को स्वीकार नहीं होगा।

सीएम योगी ने कहा कि जिनको विकास पसंद नहीं है ऐसे लोग माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ये भव्य आयोजन में व्यवधान पैदा करने की मानसिकता है। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग कुम्भ के भू-भाग को वक्फ की भूमि बताकर इसे लेने का दावा कर रहे हैं, वह मानसिकता किसी पवित्र उद्देश्य से नहीं हो सकती। यह किसी अच्छे आयोजन में व्यवधान पैदा करने का कुत्सित प्रयास हो सकता है, यह कुदृष्टि किसी भू-माफिया की हो सकती है। इसलिए वक्फ बोर्ड को भू माफिया बोर्ड न बनाएं।

सीएम योगी इशारों-इशारों में समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनके वक्त जमीनों पर कब्जे हुए इस विवाद के पीछे वही लोग हैं। इनके आकाओं का कहना ही है जो 'प्लाट खाली है, वो प्लाट हमारी है' ये नारा पहले भी लगते रहे हैं। लेकिन उनके मंसूबे सफल नहीं होंगे। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा यूपी और बिहार के लोगों के फर्जी वोटर वाले बयान पर सीएम योगी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सीएम योगी ने कहा कि दिल्ली में जितना अधिकार अरविंद केजरीवाल का है उतना ही अन्य राज्यों से आए हुए लोगों का भी है। लोग दिल्ली की सुविधाओं और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दूसरे राज्य के नागरिक को दिल्ली का मतदाता बनने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति दिल्ली में सरकार की भी किसी प्रकार की सेवा से जुड़ा है तो उसे मतदाता बनने का अधिकार है। इसके अलावा दिल्ली के निर्माण में लगे श्रमिक वर्ग हो या व्यवसायी हो, राजनेता हो या अन्य प्रोफेशनल सभी का दिल्ली पर उतना ही अधिकार है जितना अरविंद केजरीवाल का है। मतदाता बनाने काम चुनाव आयोग के हस्तक्षेप से होता है इसमें किसी सरकार का कोई रोल नहीं है। केजरीवाल ने संवैधानिक संस्था पर प्रश्न उठाया है।

**जवाब**

- हजारों वर्षों की विरासत से जुड़ी है कुम्भ की प्रचीन परम्परा
- जिन्हें विकास पसंद नहीं वही लोग विवाद खड़ा कर रहे



### प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से आज प्रयागराज नए रूप में सभी के सामने है : योगी

सीएम योगी ने कहा कि इस बार महाकुम्भ का आयोजन 10 हजार एकड़ जमीन पर हो रहा है। इसके अलावा 5 हजार एकड़ में अन्य पार्किंग की जगह आरक्षित की गई है। सीएम योगी ने कहा कि जब देश गुलाम था तब मुगलों और अंग्रेजों ने कुम्भ के आयोजन पर अनेक रोड़े अटकाने का प्रयास किए थे, वे यहां से वसूली करते थे। लेकिन आजादी के बाद भी कुम्भ को अच्छी सुविधा नहीं मिल पाई। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से आज यहां कुछ हो पा रहा है, यही नहीं प्रयागराज शहर भी आज नए रूप में हम सभी के सामने है। सीएम योगी ने कहा कि यहां कुम्भ का आयोजन पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ होगा। आस्था और आधुनिकता का एक महासमागम के रूप में कुम्भ देश और दुनिया के समाने सबसे बड़े आयोजन के रूप में सामने आएगी।

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात, महाकुम्भ का दिया निमंत्रण



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 में आने का व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, 卐आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। आपके मार्गदर्शन और प्रेरणा से सनातन गर्व का प्रतीक महाकुम्भ-2025, प्रयागराज आज अपने दिव्य, भव्य और डिजिटल स्वरूप से दुनिया को नए भारत का दर्शन करा रहा है। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी।

# 'गलतियां होती हैं, मैं इंसान हूं, भगवान नहीं' : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि गलतियां होती हैं, मैं इंसान हूं, भगवान नहीं।

श्री मोदी ने अपने पहले पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री के रूप में अपने अलग-अलग कार्यकाल के बारे में पूछे जाने पर, जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत के साथ एक पॉडकास्ट में, कहा कि गलतियां होती हैं, मैं इंसान हूं, भगवान नहीं। उन्होंने कहा कि पहले कार्यकाल में, लोग मुझे समझने की कोशिश कर रहे थे और मैं दिल्ली को समझने की कोशिश कर रहा था। दूसरे कार्यकाल में, मैं अतीत के दृष्टिकोण से सोचता था। तीसरे कार्यकाल में, मेरी सोच बदल गयी है, मेरा मनोबल ऊंचा है और मेरे सपने बड़े हो गये हैं।

प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी श्री कामथ की पॉडकास्ट श्रृंखला 'पीपल बाय डब्ल्यूटीएफ' में अतिथि के रूप में उपस्थित होने के दौरान की। जब उनसे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके पुराने भाषणों के बारे में पूछा गया, तो



प्रधानमंत्री ने जवाब दिया कि मैंने कुछ असंवेदनशील तरीके से कहा था। गलतियां होती हैं। मैं इंसान हूं, भगवान नहीं। पॉडकास्ट में श्री मोदी अच्छे लोगों के राजनीति में आने की वकालत की, इस बात पर जोर दिया कि उन्हें महत्वाकांक्षा के साथ नहीं बल्कि एक मिशन के साथ राजनीति में आना चाहिये। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका ध्यान सरकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत पहुंचना सुनिश्चित करने के लिये समाधान खोजने पर रहेगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मैं 2047 तक विकसित भारत के लिये सभी समस्याओं का समाधान चाहता हूं...सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत डिलीवरी होनी चाहिये। यही वास्तविक सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवीर पुरूष की भर्ती 19 जनवरी तक

**लखनऊ।** लखनऊ मुख्यालय लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर व कॉलेज के एएमसी स्टेडियम सेंटर में अग्निवीरों की भर्ती पुरूष 10 जनवरी से 19 जनवरी तक आयोजन किया जा रहा है जिसमें 20 जनवरी से 22 जनवरी तक मेडिकल के लिए आरक्षित है। इसमें 13 जनपदों के 10778 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### इटावा में साईं मंदिर से पांच लाख की चोरी

**इटावा।** इटावा जिले के सिविल लाइन इलाके में साईं मंदिर में लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि साईं मंदिर से चोरी की घटना को लेकर के पुलिस की गहन जांच जारी है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। दीवार फांदकर मंदिर के गेट का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें करीब साढ़े 4 किलो की चांदी की वस्तु दान-पेटी में करीब 30 हजार की नगदी चोरों ने पार कर फरार हो गए।

### बीएचयू में दुर्लभ आनुवंशिक विकार वाले मरीजों को मिलेगी जेनेटिक टेस्टिंग की सुविधा

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर के प्रोफेसर परिमल दास के नेतृत्व में आनुवंशिक विकार वाले मरीजों को नि:शुल्क जेनेटिक टेस्टिंग की सुविधा मिलेगी। विभाग में दुर्लभ आनुवंशिक रोगों जैसे प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी डिसऑर्डर, लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर, म्यूकोपॉलीसेकेराइडोस, पोम्पे डिजीज, फैब्री रोग और न्यूरो डेवलपमेंटल डिसऑर्डर्स पर शोध चल रहा है। इस शोध कार्य में ही सभी मरीज़ों को नि:शुल्क जेनेटिक टेस्टिंग एवं काउंसलिंग की सुविधा दी जा रही है।

### रेस्टोरेंट में थूक लगाकर रोटी बनाने के मामले में युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** खोड़ा पुलिस ने रेस्टोरेन्ट में रोटी बनाते समय रोटियों पर थूकने के मामले में युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी स्वतन्त्र कुमार सिंह ने बताया कि इरफान के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# राजनाथ ने मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक समुदाय से एकजुटता का किया आह्वान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया में कई तरह के संघर्ष और चुनौतियों के मद्देनजर वैश्विक समुदाय में एकजुटता बढ़ाने का आह्वान किया है।

श्री सिंह ने रक्षा मंत्रालय द्वारा फरवरी में आयोजित किये जाने वाले प्रतिष्ठित रक्षा प्रदर्शनी और एयर शो 'एयरो इंडिया 2025' से पहले शुक्रवार को यहां राजदूतों की गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए परस्पर समृद्धि और वैश्विक शांति सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया।

रक्षा मंत्री ने बैठक में आये विभिन्न देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों से कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण है कि समान विचारधारा वाले देश शांति और समृद्धि के लिए सामूहिक कार्रवाई के लिए मिलकर प्रयास करें। इनके बिना, हमारी आने वाली पीढ़ियां आज के युग में आर्थिक विकास या तकनीकी नवाचारों का लाभ नहीं उठा पाएंगी।÷ उन्होंने कहा कि भारत विकासशील देशों की प्रमुख आवाज के रूप में उभर रहा है और यह अनेक देशों के सामूहिक दृष्टिकोण की वकालत करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि समृद्धि की सामूहिक खोज में विविध विचारों पर विचार किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच मार्गदर्शक सिद्धांतों सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में, समकालीन चुनौतियों का समाधान करते हुए आपसी समृद्धि और शांति सुनिश्चित करने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के बीच एकता को बढ़ावा देना आवश्यक है। भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुंबकम, 'एक पृथ्वी, एक परिवार' के मूल सिद्धांत के आधार पर साझा समृद्धि और साझा जिम्मेदारी का समर्थन किया है, जो 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन का विषय भी था। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज भारत के पास एशिया में सबसे बड़ा रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र है और सरकार क्षमताओं को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**संबोधन**

- समान विचारधारा वाले देश शांति और समृद्धि के लिए सामूहिक कार्रवाई के लिए मिलकर करें प्रयास



# राहुल गांधी को वीर सावरकर मानहानि मामले में जमानत

**एजेंसी, मुंबई।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को स्वातंत्र्यवीर सावरकर मानहानि मामले में पुणे की एक विशेष अदालत ने 25,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

पुणे के विशेष कोर्ट में आज राहुल गांधी को सुनवाई के लिए उपस्थित रहना था। लेकिन विदेश दौरे पर रहने की वजह से राहुल गांधी आज कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। राहुल गांधी के वकील ने मिलिंद पवार ने कोर्ट को बताया कि राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, इसलिए मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की जाए। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की , जिसमें राहुल गांधी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। इसके बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को 25,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। कोर्ट में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन जोशी अदालत के समक्ष जमानतदार के रूप में खड़े हुए थे। वकील मिलिंद पवार ने कहा कि अदालत ने कांग्रेस नेता को कोर्ट में पेश होने से स्थायी छूट भी दी है। पवार ने कहा कि मामले की सुनवाई अब 18 फरवरी को होगी। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में भाषण देते हुए वीर सावरकर के बारे अपमानजनक व्यक्तव्य दिया था। इसी व्यक्तव्य को अपमानजनक बताते हुए सात्यिकी सावरकर ने पुणे की कोर्ट में याचिका दाखिल की है।



**अगली सुनवाई 18 फरवरी को**

### आठ तक के स्कूल 14 जनवरी तक रहेंगे बंद

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लखनऊ के डीएम सूर्य पाल गंगवार ने शीतलहर के मद्देनजर कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों (समस्त बोर्ड) को 14 जनवरी, 2025 तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, स्कूल प्रबंधन ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर सकते हैं। कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए हैं। जिन स्कूलों में अवकाश घोषित नहीं है, वहां कक्षाएं ऑनलाइन कराई जाएं। यदि ऑनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था न हो, तो स्कूल सुबह 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक संचालित किए जाएं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया है कि स्कूलों में ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। सभी कक्षाओं में तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए हीटर आदि का प्रयोग अनिवार्य है। बच्चों को खुले स्थान पर पढ़ाई कराने की मनाही की गई है। इसके अलावा, छात्रों को यूनिफॉर्म पहनने की बाध्यता खत्म कर दी गई है। अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि बच्चे गर्म कपड़े पहनकर ही स्कूल आएं।

# चालकों व परिचालकों के मानदेय में वृद्धि

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि चालकों के मानदेय में 09 प्रतिशत एवं परिचालकों के मानदेय में 07 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। वर्तमान समय में चालकों एवं परिचालकों को 1.89 रुपये प्रति किमी की दर से मानदेय मिल रहा था जिसे बढ़ाकर क्रमशः 2.06 रुपये प्रति किमी एवं 2.02 रुपये प्रति किमी कर दिया गया है अर्थात चालकों के मानदेय में 17 पैसे प्रति किमी एवं परिचालकों के मानदेय में 13 पैसे प्रति किमी की वृद्धि की गयी है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि नोयडा क्षेत्र के नगरीय सेवाओं एवं ग्रामीण सेवाओं के अलावा एनसीआर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कौशाम्बी, साहिबाबाद एवं लोनी डिपो के चालक, परिचालक, गोरखपुर क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित सोनौली, सिद्धार्थनगर एवं महराजगंज डिपो के संविदा चालक के अंतर्गत उपनगरीय सेवाओं के चालक परिचालक के मानदेय यथावत रखे गये हैं। नवीन उत्तम प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालकों को दो वर्ष की निरन्तर सेवा एवं परिचालकों को 04 वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी है। इसके लिए वित्तीय वर्ष में उन्हें 288 दिन की डयूटी एवं 66000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना जरूरी है। इसके पूर्व लागू नवीन उत्कृष्ट योजना में 78000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना प्राविधानित था।


# एचएमपीवी ने लखनऊ में दी दस्तक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

चीन के वायरस एचएमपीवी ने लखनऊ में दस्तक दे दी है। शहर की एक महिला की जांच के बाद निजी लैब ने उन्हें एचएमपीवी पॉजिटिव करार दिया है। महिला को चरक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। वहां से रात 11 बजे बलरामपुर अस्पताल में एडमिट किया गया। निजी लैब की जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई हैं। आगे की जांच के लिए सैंपल को केजीएयू भेजा गया है।

महिला को अस्पताल के वार्ड नंबर 11 के आइसोलेशन में रखा गया है। नमूना जांच के लिए केजीएमयू भेजा गया है। 60 वर्षीय महिला लखनऊ के कैंट क्षेत्र की निवासी है।

ह्युमन मेटा न्यूमो वायरस




(एचएमपीवी) की देश में दस्तक के साथ ही स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। वर्तमान में देश में बुधवार तक 11 मामले सामने आ चुके हैं। चिकित्सकों के मुताबिक लोगों को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। अमूमन यह जाड़े के दिनों में फैलता है और जुकाम, बुखार खांसी, सीने में जकड़न आदि करता है। इससे बचाव का सबसे सहज तरीका ठंड के बावजूद लगातार पानी पीते रहना है। साथ ही भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना, फ्लू जैसे लक्षणों वाले मरीजों से दूरी रखना आदि सावधानियां बरतना है। ह्युमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) न्यूमोविरडी वायरस परिवार का वारिस है। एचएमपीवी 60 साल से वातावरण में मौजूद है। इसकी पहचान बाद में हुई है। यह मौसमी बीमारी की श्रेणी में आता है। अमूमन इसका संक्रमण पता ही नहीं चलता है। फ्लू जैसे लक्षण वाला यह कोई नया वायरस नहीं है। पहली बार वर्ष 2001 में इसके बारे में पता चला। नीदरलैंड में बच्चों को यह संक्रमण पाया गया था। देश में पहली बार 2003 में इस वायरस की पुष्टि हुई थी। बीजे मेडिकल कॉलेज और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे ने पहली बार बच्चों में इसकी पुष्टि की थी।

# अद्भुत संयोग : महाकुम्भ में पहली बार होगा चारों पीठ का संगम

**समृद्धि न्यूज, महाकुम्भ नगर।**

महाकुम्भ में इस बार कई अद्भुत संयोग देखने को मिल रहे हैं।आस्था के इस महाकुम्भ में जहां देश-विदेश के करोड़ों लोग आ रहे हैं, वहीं पहली बार ऐसा हो रहा है जब सनातन परम्परा के चारों सर्वोच्च पीठों का भी संगम होगा। यह एक अद्भुत संयोग है जो पहली बार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस महाकुम्भ में पहली बार श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य आएंगे। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ मौनी अमावस्या पर महाकुम्भ में पहुंचेंगे। शंकराचार्य मार्ग स्थित उनके आश्रम में तैयारियां पूर्ण हो गई हैं।



महाकुम्भ में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब सनातन के चारों पीठों का मिलन होगा। कुंभ और महाकुम्भ के इतिहास में इसे अद्भुत संयोग के रूप में देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि पहली बार कर्नाटक स्थित श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ ने महाकुम्भ का आमंत्रण स्वीकार किया है।

# झारखंड से अलकायदा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी, रांची।**

झारखंड की राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के चितरी गांव से शुक्रवार को अलकायदा के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम ने कांड संख्या 301/24 में आरोपित शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है।

झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा शाहबाज अंसारी के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह को उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। देश की खिलाफत करने और गंभीर आतंकी साजिश रचने को लेकर दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और अलग-अलग राज्यों की पुलिस की मदद से वर्ष 2024 में झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की थी। झारखंड पुलिस के एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब



कॉन्टिनेंट के आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जबकि राजस्थान में ट्रेनिंग ले रहे छह संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया था, जिसमें अधिकांश झारखंड के रहने वाले थे। मामले में शाहबाज अंसारी फरार चल रहा था। इसी बीच झारखंड एटीएस और दिल्ली की स्पेशल सेल को यह सूचना मिली कि शाहबाज अंसारी अपने गांव चितरी आया हुआ है, जो रांची लोहरदगा के बॉर्डर पर स्थित है। जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में अब तक झारखंड के रांची के बरियातू से डॉ इश्तियाक अहमद, हजारीबाग से फैजान अहमद, चान्हो से मो. मोदब्बीर, मो. रिजवान, मुफ्ती रहमतुल्लह मजहिरी, मतिउर रहमान, एनामुल अंसारी और लोहरदगा के कुडू से इलताफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। पिछले वर्ष गिरफ्तार संदिग्धों में रांची के एक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. इश्तियाक अहमद को मास्टरमाइंड के तौर पर चिह्नित किया गया था। उस दौरान दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। जांच में आए तथ्यों के आधार पर 23 अगस्त, 2024 को एटीएस के साथ संयुक्त टीम ने दबिश दी। सबसे पहले हजारीबाग से एटीएस की टीम ने फैजान अहमद को गिरफ्तार किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रांची के बरियातू जोड़ा तालाब के अल हसन रेसीडेंसी में एटीएस की टीम ने दबिश दी, जहां से एटीएस की टीम ने इश्तियाक को गिरफ्तार किया था।


## आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
**samradhinews@gmail.com**
**7985738649/9305748833**



**उपलब्धि** — ब्लैक-होल प्रणाली के गुणों के अध्ययन में होगी आसानी

# ब्लैक होल सिस्टम के एक्स-रे में आयरन लाइन की खोज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के खगोल वैज्ञानिकों ने धरती से 75 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर आकाशगंगा में एक चर्चित बाइनरी ब्लैक होल की एक्स-किरणों में लौह-उर्त्सन के चिह्न देखें हैं जिससे उस ब्लैक-होल प्रणाली के गुणों के अध्ययन में आसानी होगी।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार और किसी बायनरी ब्लैक होल में एक्स-रे के साथ लौह तत्व के उत्सर्जन को देखा गया है। बायनरी अथवा जुड़वा ब्लैक होल (कृष्ण विवर) प्रणाली में एक ही घेरे में दो-ब्लैक होल सक्रिय रहते हैं।

इस खोज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान-भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (आईआईए) के खगोलविद शांतनु मोंडल और मौसमी दास, एनआईएसईआर के अनिकेत नाथ, नॉर्वे की रुबिनूर खातून, अमेरिका की करिश्मा बंसल और न्यू मैक्सिको विश्वविद्यालय, अमेरिका के ग्रेग बी. टेलर शामिल है। उनका इस अध्ययन के परिणाम एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (एएंडए) पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। कृष्ण विवर सुदूर अंतरिक्ष में ऐसे शक्तिशाली गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र होते हैं जो प्रकाश की किरणों सहित हर खगोलीय पिंड को अपने गर्भ में खींच लेते हैं। ब्लैक होल के प्रभाव में क्षेत्र या क्षितिज में पहुंच कर कोई प्रकाश सहित कोई भी चीज बार नहीं आती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार रेडियो आकाशगंगा के 4सी+37.11 बाइनरी ब्लैक होल सिस्टम के एक्स-रे में आयरन लाइन की खोज की गई है। आयरन-उत्सर्जन के ये संकेत उस ब्लैक होल के गुणों को समझने में मदद कर सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार आईआईए के खगोलविदों द्वारा किए



गए एक अध्ययन में चंद्रा स्पेस टेलीस्कोप से प्राप्त डेटा का उपयोग करके यह खोज की है। निष्कर्ष निकाला गया है कि लौह-तत्व का उत्सर्जन उस जुड़वा ब्लैक होल के केंद्र से दूर की परिधि में गुरुत्वाकर्षण से जुटे पदार्थों और घर्षण जनित आयनित प्लाज्मा दोनों से उत्पन्न होता है।

आईआईए में रामानुजम फेलो और इस विषय पर प्रकाशित शोध-पत्र के प्रमुख लेखक शांतनु मोंडल ने कहा कि हमने 4सी+37.11 के निरीक्षण का निर्णय लिया, जो एक ऐसी ही आकर्षक और अनोखी खगोलीय वस्तु है। इस जुड़वा ब्लैक होल प्रणाली का पता 2004 में लगा था जिसमें दो केंद्र या विवर हैं, जो परस्पर मात्र 23 प्रकाश वर्ष की दूरी पर हैं। इन दो जुड़वा कृष्ण विवरों की निकटता इन्हें एक विशेष चरम परिवेश में उनकी गतिशीलता और अंत:क्रियाओं के अध्ययन को एक दुर्लभ और मूल्यवान अवसर बनाती है। आईआईए की मौसमी दास और अध्ययन की सह-लेखिका ने कहा है कि हालांकि एफई (फेरस यानी लौह) के उत्सर्जन की रेखाएं कई नज़दीकी एसएमबीएच से पाई गई हैं, लेकिन इस एसएमबीएच बाइनरी सिस्टम में इससे पहले किसी ने कभी नहीं देखी थी। ऐसी वर्णक्रमीय रेखा एसएमबीएच के परस्पर विलय के बारे में कुछ नयी जानकारी प्रकट कर सकती है।

# इग्नू के सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने किया अध्ययन केंद्र का औचक निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. विक्रम कीर्ति सिंह ने परीक्षा केन्द्र इग्नू अध्ययन केन्द्र का औचक निरीक्षण कर नए सत्र के लिए प्रवेश शुरू करा दिए हैं। इग्नू के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ.विक्रम कीर्ति सिंह ने गोला के इग्नू अध्ययन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया और अध्ययन केंद्र के समन्वयक एवं स्टाफ सदस्यों के साथ वार्ता की फिर इग्नू ने जनवरी 2025 सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ कर दिए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आनलाइन अथवा ओडीएल मोड के प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक एवं



स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थी घर बैठे और नौकरी के साथ भी पढ़ाई का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है, इग्नू उनके लिए सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करके उनके लिए उत्थान के सामान अवसर उपलब्ध कराना है। इग्नू दूरदराज के क्षेत्र एवं ग्रामीण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने का कार्य कर रहा है। स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं पास या समकक्ष होना आवश्यक है। स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होना जरूरी है। प्रवेश के लिए अधिकतम उम्र का कोई बंधन नहीं है। अभ्यर्थी को फोटोग्राफ, शैक्षिणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, अनुभाव प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी की जरूरत होती है। अभ्यर्थी को आवेदन फार्म में अध्ययन का तरीका, प्रोग्राम का प्रकार, मुख्य विषयों की जानकारी भरनी होगी। आवेदन फार्म में गलती होने पर उसे सुधारने का भी अवसर दिया जाएगा। इग्नू में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थी को अधिकारिक लिंक पर लॉगिन करना होगा।

## नवीन परती पर दीवार बनाकर किया था अवैध कब्जा, राजस्व टीम ने किया ध्वस्त

**संसारपुर,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भम्मापुर मजरा भरिगमा मे नवीन परती की भूमि पर बनी अवैध दीवार को तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त करवा दिया। राजस्व निरीक्षक संसारपुर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहसील गोला के ग्राम भम्मापुर में नवीन परती की भूमि पड़ी थी जिस पर गांव के ही निवासी विनोद पुत्र गया प्रसाद ने एक अवैध दीवार बनवा कर कब्जा कर रखा था। जिस पर ग्रामीणों का विरोध था सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए सुनील कुमार पुत्र लालाराम व प्रांशु वर्मा ने तहसील गोला में उप जिला अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र दिया था। जांच के दौरान नवीन परती भूमि पर पाई गई। जिस पर उपजिला अधिकारी विनोद गुप्ता के आदेश पर राजस्व टीम सर्वेश यादव के नेतृत्व में गठित की गई। जिसमें राजस्व निरीक्षक अनिल श्रीवास्तव, संसार लेखपाल जैनेंद्र कुमार, भरगामा लेखपाल उदयभान सिंह, उपनिरीक्षक प्रेमचंद थाना मैलानी, मय पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। नायब तहसीलदार सर्वेश यादव के नेतृत्व में अवैध बनी दीवार को बुलडोजर से ध्वस्त करवा करवा कर अतिक्रमण हटवा दिया गया एवं नवीन प्रति की भूमि ग्राम पंचायत की सुपुर्दगी में कर दी गई।

# मैलानी नानपारा छोटी रेल लाइन को बड़ी रेल लाइन का दिया जाए दर्जा

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




कस्बे के व्यापारियों व क्षेत्र के ग्रामीणों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक संजय कुमार को सौंपा है। बेलरायां रेलवे स्टेशन पर तराई विकास संस्थान व बेलरायां व्यापार मंडल के व्यापारियों ने आमान परिवर्तन को लेकर रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा। ज्ञापन में नानपारा मैलानी छोटी रेल लाइन का आमान परिवर्तन किए जाने की मांग की गई है जिससे बॉर्डर के लोगों को भी दुनिया के बड़े शहरों से जुड़ाव हो सके और इलाका विकास की ओर तेज गति से आगे बढ़ सके। तराई विकाश संस्थान समिति के लोगो ने बताया कि समिति का आंदोलन नानपारा से मैलानी तक सभी स्टेशनों पर शुरू होगा। यह आम आदमी गरीबों व्यापारियों किसानों के विकास के लिए बहुत बड़ी समस्या इलाके में यातायात को लेकर बनी हुई है। आमान परिवर्तन होने से सभी वर्गों में खुशियां लौटेंगी। बॉर्डर इलाका यातायात के बेहतर साधन न होने के चलते विकास से कोसों दूर हो गया है। इस दौरान व्यापारी सतीश अग्रवाल, पप्पू पंचोली, चंद्रमोहन, रूपचंद्र, जितेंद्र वर्मा, उदय वर्मा लक्ष्मी नारायण वर्मा जिला पंचायत सदस्य रामू पांडे, तुषार लहड़ी, दिनेश वर्मा, इंद्रपाल, दीपक सोनी, राजू अग्रवाल तथा तराई विकाश सस्थान के सत्य प्रकाश, सुरेंद्र अग्रवाल सहित काफी संख्या में व्यापारी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## होमगार्ड की बहाली को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** पीड़ित होमगार्ड सत्रोहन लाल अवस्थी की बहाली को लेकर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रशक्ति अराजनैतिक के द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी लखीमपुर खीरी को दिया गया है। बता दें कि पीड़ित होमगार्ड सत्रोहन लाल अवस्थी जो 2 वर्ष से न्याय पाने के लिए विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहा है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 02/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से **''खुली''** निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण :** गुरसहायगंज, कायमगंज, कासगंज एवं गंजडुंडवारा स्टेशनों पर पुराने जर्जर स्टील ओवरहेड टैंकों को ट्यूबवेल के साथ आर.सी.सी. ओवरहेड टैंकों से बदलना एवं स्टेशनों पर वितरण पाइप लाइनों की मरम्मत/सुधार करना, **अनुमानित लागत** : रु. 4,97,96,856.30, **बयाना राशि** : रु. 3,99,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 10 माह। **क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण :** कानपुर अनवरगंज – मथुरा अनुभाग में फर्रूखाबाद-20के.एल.डी., कन्नौज-10के.एल.डी. एवं कासगंज-25के.एल.डी. में मॉड्यूलर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट का प्रावधान। (स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत इज्जतनगर डिवीजन में मॉड्यूलर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट का प्रावधान), **अनुमानित लागत** : रु. 3,39,26,895.01, **बयाना राशि** : रु. 3,19,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 10 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 05.02.2025 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-365** **इज्जतनगर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें


# महाकुंभ में शामिल होने जा रहे संतों के दल को डीएम ने शॉल ओढ़ाकर किया स्वागत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शुक्रवार को श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा हरिद्वार, उत्तराखंड से महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले तूफानपुरी नागा बाबा के नेतृत्व में 10 साधुओं के दल कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय सिंह संग साधु-संतों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सूक्ष्म जलपान कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तूफानपुरी नागा बाबा सहित साधुओं के दल से संवाद करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना और जिले की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद भी प्राप्त किया। डीएम ने एडीएम संग मौजूद साधुओं के दल को शाल अर्पित कर महाकुंभ 2025 प्रयागराज की सुखद यात्रा की शुभकामनाएं देकर विदा किया। इस दौरान साधुओं के दल को जलपान भी कराया। इस दौरान बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) संजय आनंद, परियोजना अधिकारी नोएडा कमलेश कुमार मौजूद रहे।

# छटनी के विरोध में संविदा कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

छटनी के विरोध में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के संविदा कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया और ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपकर विचार करने की अपील की। बिजली विभाग में संविदा कर्मचारियों की लगातार सेवाएं समाप्त की जा रही है। जिसको लेकर गुरुवार को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष अतुल कुमार खरे की अध्यक्षता में छटनी के विरोध में गोला डिविजन के कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। अतुल कुमार खरे ने बताया। कि गोला उपकेंद्र में 11 बिजली घर हैं। इन बिजली घरों पर 256संविदा कर्मी तैनात थे,



जिनमें से 130कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई। बिजली विभाग द्वारा मुंबई की कंपनी वर्ल्ड क्लास लिमिटेड को आउटसोर्सिंग कर्मी रखने के लिए ठेका दिया गया है। जिसके द्वारा सूची जारी की गई है जिसमें जिसमें 256संविदा कर्मियों में से 130 संविदा कर्मियों की आउटसोर्सिंग समाप्त कर दी गई है। जिसको लेकर उनके सामने रोजी रोटी का संकट आ गया है। धरना प्रदर्शन में विकास कटियार, डिवीजन अध्यक्ष बाबी सिंह, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष सुमित गिरि, उपाध्यक्ष अब्दुल लईक, महामंत्री राहुल गुप्ता, राजन, अनवर अली, गौरव सिंह, हरी प्रताप, आसिफ अंसारी सहित तमाम बिजली कर्मचारी मौजूद रहे। विद्युत वितरण खंड द्वतीय के अधिशाषी अभियंता अरविंद कुमार का कहना है कि आउटसोर्सिंग का ठेका मुख्यालय से किया गया है, जिन कर्मचारियों ने अपना पूरा जीवन विभाग की सेवा की। उन्हें हटाया जाना उचित नहीं है।

## वॉलीबॉल में चठिया और बैडमिंटन में रागिनी विजेता

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** मेरा युवा भारत एवं नेहरू युवा केंद्र लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में गोला क्लस्टर लेवल दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कृषक समाज इंटर कॉलेज में पूर्व स्वयंसेवक संदीप कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रधानाचार्य मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहबर्धन करते हुए कहा कि खेलो में प्रतिभाग से व्यक्ति का आत्मविश्वास मजबूत होता है और वह जीवन मे भी निखर कर आगे बढ़ता रहता है। पहले दिन खेल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में वॉलीबॉल



और बालिका वर्ग में बैडमिंटन का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल में बांकेगंज और कुंभी गोला की 6 टीम ने प्रतिभाग किया। जिसमें युवा मंडल चठिया विजेता और युवा मंडल हैदराबाद की टीम उपविजेता रही। वहीं बैडमिंटन में रागिनी विजेता और शीतल उपविजेता रही। सरोज वर्मा, अनुराग बाजपेई मकसूद अली ने निर्णय के रूप में और स्कोरर के रूप में कपिल वर्मा एवं वीरेंद्र ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक गण एवं युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

## हवन-पूजन, कन्या भोज के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हवन पूजन और कन्या भोज के साथ समापन हो गया। स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद बल उद्यान में स्वामी जी मूर्ति की स्थापना की जाएगी। 12जनवरी को जन्मोत्सव पर मूर्ति का अनावरण होगा। जिसे लेकर विद्यालय में 2जनवरी से श्रुति श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित हरि कृष्ण शास्त्री ने हर रोज अलग अलग तमाम प्रसंग सुना कर श्रोताओं को भक्ति भाव से भर दिया। गुरुवार को हवन पूजन और कन्या भोज के साथ श्रीमद् भागवत कथा को विराम दे दिया गया।

# विधवा महिला की जमीन पर कब्जा, प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के आरोप को लेकर एक बार फिर भारतीय किसान यूनियन राष्ट, शक्ति (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर जिला अधिकारी लखीमपुर खीरी को ज्ञापन सौंपा है। जिला अध्यक्ष का कहना है कि ज्ञापन देने के बाद प्रशासन के द्वारा समय से कार्रवाई नहीं हुई तो हजारों किसानों के साथ एक विशाल धरना प्रदर्शन करने की रणनीति तैयार की जाएगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की मानी जाएगी। भारतीय किसान यूनियन राष्ट शक्ति (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया है कि थाना मैगलगंज क्षेत्र में पीड़िता मंजू देवी पत्नी स्व. शिशु पाल की जमीन गाटा संख्या 334,335क है की जमीन पर दबंग लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है लेकिन उसकी शिकायत पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष द्वारा पूर्व में भी एक ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन उपरोक्त ज्ञापन पर अभी तक कोई भी राजस्व विभाग का अधिकारी मौके पर जांच करने नहीं पहुंचा इससे दबंग माफिया के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और पीड़िता न्याय की मांग को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रही है। जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन को एक बार फिर सूचना दी गई है और ज्ञापन सौंप कर पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करने की मांग की गई है यदि जिला प्रशासन द्वारा ज्ञापन पर दिए गए समय के अंतर्गत अगर कोई भी कार्रवाई नहीं करता है तो हजारों किसानों के साथ धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालय पर किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# घर के बाहर खड़े बैट्री ई-रिक्शा की चोरी हो गईं बैटरियां

**खीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना कोतवाली सदर क्षेत्र की पुलिस चौकी मिश्राना के अंतर्गत रहने वाले विशाल बाजपेई पुत्र जितेंद्र कुमार बाजपेई निवासी मेला मैदान गढ़ी रोड मोहल्ला गोकुलपुरी का रहने वाला है।पीड़ित ने कोतवाली पुलिस चौकी पर शिकायत देकर कहा है कि ई रिक्शा बैटरी संचालित जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 31 बीपी 8813 है जिसको चलाकर रोजी-रोटी का खर्च सहित अपने परिवार का खाना खर्चा चलाता था लेकिन बीती 8 जनवरी 2025 की रात के करीब 1 बजे से लेकर 3 बजे के बीच में रोजाना की तरह 8 तारीख को भी ऑटो रिक्शा मेरे घर के पास खड़ा था जिसकी बैटरियां चोरी हो गई जो की ईस्टमैन कंपनी



की थी जो चार्ज हो रही थी 3 बजे रात के बाद जब पीड़ित ने चार्जिंग की स्थिति जानने के लिये देखा तो पीड़ित का ऑटो रिक्शा घर के करीब 30 कदम की दूरी पर खड़ा पाया गया और उसकी चारों बैटरियां गायब थी जो किसी अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिया गया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मामले की जांच कराने और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव की अधिसूचना जारी

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव के लिए शुक्रवार को चुनाव कमेटी की बैठक में सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव वर्ष 2025 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके तहत सबसे पहले 13 जनवरी सोमवार और 15 जनवरी बुधवार सुबह 10 बजे से 3 से तक 250 रुपये वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा कराया जाएगा। 13 जनवरी से 16 जनवरी तक सुबह 11 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की विक्री की जाएगी। 15 जनवरी बुद्धवार और 16 जनवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की आपत्ति, जाँच एंव नामांकन 17 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर 01 बजे तक नामांकन पर आपत्ति ली जाएगी। फिर उसी दिन दोपहर एक से 01.30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी और उसी दिन दोपहर 1.30 बजे से 03 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें !**

# अनारक्षित कुम्भ मेला स्पेशल रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा पूर्वघोषित अनेक अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने की तिथि(यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|
| 05105 | बनारस | 12:30 | प्रयागराज रामबाग | 15:45 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 15.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02, 10.02, 11.02, 12.02, 13.02, 14.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05106 | प्रयागराज रामबाग | 16:30 | बनारस | 19:50 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 15.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02, 10.02, 11.02, 12.02, 13.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05107 | बनारस | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 23:45 | 12.01, 13.01, 14.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 11.02, 12.02, 13.02, 25.02, 26.02 एवं 27.02.2025 |
| 05108 | प्रयागराज रामबाग | 07:00 | बनारस | 10:30 | 13.01, 14.01, 15.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 12.02, 13.02, 14.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05109 | बनारस | 08:00 | झूँसी | 10:45 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 1 5.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02, 10.02, 11.02, 12.02, 13.02, 14.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05110 | झूँसी | 12:45 | बनारस | 15:40 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 15.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02,10.02, 11.02,12.02, 13.02, 14.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05113 | बनारस | 05:20 | झूँसी | 08:35 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 |
| 05114 | झूँसी | 09:25 | बनारस | 12:45 | |
| 05111 | बनारस | 16:45 | झूँसी | 19:55 | 13.01, 14.01, 15.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 11.02, 12.02, 25.02 एवं 26.02.2025 |
| 05112 | झूँसी | 21:00 | बनारस | 00:40 | 13.01, 14.01, 15.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 11.02,12.02, 25.02 एवं 26.02.2025 |
| 05115 | बनारस | 20:00 | झूँसी | 23:10 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 |
| 05116 | झूँसी | 23:45 | बनारस | 02:50 | |
| 05175 | गोरखपुर | 22:30 | प्रयागराज रामबाग | 07:30 | 27.01.2025, 28.01.2025 एवं 29.01.2025 |
| 05176 | प्रयागराज रामबाग | 11:45 | गोरखपुर | 21:05 | 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05177 | गोरखपुर | 15:00 | झूँसी | 01:00 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05178 | झूँसी | 14:15 | गोरखपुर | 22:55 | 13.01.25, 14.01.25, 15.01.25, 29.01.25, 03.02.25, 12.02.25 एवं 26.02.2025 |
| 05179 | गोरखपुर | 10:30 | झूँसी | 19:50 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 30.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05180 | झूँसी | 23:00 | गोरखपुर | 08:30 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 30.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05181 | गोमतीनगर | 03:30 | झूँसी | 21:15 | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 |
| 05183 | गोरखपुर | 06:00 | झूँसी | 14:30 | 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05184 | झूँसी | 17:30 | गोरखपुर | 03:00 | |
| 05185 | गोरखपुर | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 25.01.25, 26.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर | 18:00 | 13.01.25, 14.01.25, 15.01.25, 26.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 03.02.25, 12.02.25 एवं 26.02.2025 |
| 05187 | गोरखपुर | 18:00 | झूँसी | 02:45 | 27.01.2025, 28.01.2025 एवं 29.01.2025 |
| 05188 | झूँसी | 06:30 | गोरखपुर | 16:00 | 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05193 | गोरखपुर | 23:30 | झूँसी | 08:30 | 28.01.2025 एवं 29.01.2025 |
| 05194 | झूँसी | 11:00 | गोरखपुर | 21:00 | |
| 05157 | छपरा | 12:30 | झूँसी | 20:40 | 14.01.2025, 28.01.2025, 30.01.2025, एवं 03.02.2025 |
| 05158 | झूँसी | 06:30 | छपरा | 14:50 | 15.01.2025, 26.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 31.01.2025 एवं 04.02.2025 |
| 05127 | छपरा | 23:15 | झूँसी | 07:45 | 14.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05128 | झूँसी | 22:35 | छपरा | 07:30 | 27.01.2025 |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | 12.01.2025, 13.01.2025, 25.01.2025, 26.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 02.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 31.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05163 | थावे | 15:30 | झूँसी | 02:45 | 12.01.2025,13.01.2025, 02.02.2025, 03.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05164 | झूँसी | 10:00 | थावे | 20:30 | 13.01.2025, 14.01.2025, 03.02.2025 , 04.02.2025, 12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | 12.01.2025, 13.01.2025,14.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025 एवं 03.02.2025 |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | 12.01.2025,13.01.2025, 14.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025 एवं 03.02.2025 |
| 05119 | मऊ | 10:30 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05120 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | मऊ | 03:45 | |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | 12.01.2025, 13.01.2025, 14.01.2025, 02.02.2025, 03.02.2025, 11.02.2025, 12.02.2025, 25.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | आजमगढ़ | 22:45 | झूँसी | 05:20 | 12.01.2025, 13.01.2025, 26.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 02.02.2025,11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05102 | झूँसी | 08:40 | आजमगढ़ | 16:20 | 13.01.2025, 14.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025,12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05159 | भटनी | 21:00 | झूँसी | 03:30 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 15.01.25, 26.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05160 | झूँसी | 23:25 | भटनी | 07:45 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 16.01.2025. 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05161 | भटनी | 09:55 | झूँसी | 16:10 | 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी | 01:10 | 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 31.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05312 | काठगोदाम | 13:50 | झूँसी | 13:00 | 12.01.2025, 27.01.2025, 01.02.2025, 10.02.2025 एवं 24.02.2025 |
| 05311 | झूँसी | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | 13.01.2025, 28.01.2025, 02.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05314 | कासगंज | 19:50 | झूँसी | 17:45 | 12.01.2025, 27.01.2025, 01.02.2025, 10.02.2025 एवं 24.02.2025 |
| 05313 | झूँसी | 19:45 | कासगंज | 18:00 | 13.01.2025, 28.01.2025, 02.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05011 | गोरखपुर | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | 12.01.2025 से 16.01.2025 |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर | 04:30 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुरक्षा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
लखनऊ, शनिवार 11 जनवरी, 2025


# योगी ने मां की रसोई व कुम्भवाणी का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में आकाशवाणी के एफएम चैनल कुम्भवाणी (103.5 मेगाहर्ट्ज पर) का शुभारंभ किया। इसके बाद वह रानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचे और मां की रसोई का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, माँ अन्नपूर्णा की कृपा सभी पर बनी रहे।

सर्किट हाउस में आकाशवाणी के एफएम चैनल कुम्भवाणी (103.5 मेगाहर्ट्ज पर) का शुभारंभ करते हुए सीएम योगी ने अपनी बचपन की यादें ताजा की। उन्होंने कहा कि जब वह छोटे थे, उन दिनों वह आकाशवाणी पर रामचरितमानस का पाठ सुना करते थे। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि बचपन में जब मेरी उम्र सात-आठ साल रही होगी, तब मैं आकाशवाणी पर रामचरितमानस का पाठ सुनता था। उस समय दूरदर्शन और अन्य चौनल नहीं थे। हर घर में रेडियो जरूर होता था। आज तो एफएम चैनल युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय है और उनके स्मार्टफोन में भी वह सिग्नल पकड़ लेता है। यह कुम्भवाणी उन करोड़ों लोगों तक महाकुम्भ को पहुंचाएगा जो चाह कर भी यहां नहीं पहुंच पाते। अपने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग किसी कारण से महाकुम्भ में नहीं पहुंच पा रहे हैं, उन तक हम प्रौद्योगिकी के माध्यम से पहुंचेंगे और महाकुम्भ का सजीव प्रसारण उनके समक्ष कर पाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुम्भ केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि सनातन गौरव और गर्व का एक महाआयोजन है, एक महासमागम है।

उन्होंने कहा कि जिसको सनातन धर्म के गौरव और गरिमा को देखना हो तो वह कुम्भ का दर्शन करें। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग एक संकीर्ण दृष्टि से सनातन धर्म को देखते हैं, साम्प्रदायिक मतभेद, भेदभाव या छुआछूत के नाम पर लोगों को बांटने का काम करते हैं उन लोगों को आकर देखना चाहिए कि यहां पर ना पंथ का भेद है, न जाति का भेद है, न छुआछूत है, न कोई लिंग का भेद है। उन्होंने कहा कि यहां सभी पंथ और सम्प्रदाय एक साथ एक ही जगह स्नान करते हैं।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिए निर्देश भदोही के एसीएमओ होंगे निलंबित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



अनुशासनहीनता व उच्च अधिकारियों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करना भदोही के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को महंगा पड़ा। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जांच कराई। जांच में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पर लगे आरोप सही मिले। डिप्टी सीएम ने आरोपी चिकित्साधिकारी को निलंबित करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

भदोही में एसीएमओ डॉ. विवेक प्रकाश श्रीवास्तव जिला क्षय रोग अधिकारी पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। बीते दिनों डॉ. विवेक का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसमें उन्हें उच्चाधिकारियों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दिखाया गया। आरोप है कि विभाग की छवि धूमिल करने के इरादे से वीडियो वायरल किया गया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया। डॉ. विवेक द्वारा उच्च अधिकारियों एवं विभाग पर लगाये गये कतिपय गम्भीर आरोपों की जाँच कराई गई। इसकी जिम्मेदारी मिर्जापुर के विन्ध्याचल मण्डल में अपर निदेशक को सौंपी गई। एक सप्ताह में जांच आख्या सौंपने के आदेश दिए गए। जांच में पाया गया कि वीडियो जानबूझ कर डॉ. विवेक ने बनाकर वायरल किया। ताकि स्वास्थ्य विभाग को बदनाम किया जा सके। लगातार उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने तथ्यों को परखने के बाद डॉ. विवेक प्रकाश श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिए हैं।

## खबरें एक नजर में

### शुभम ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ ही की शानदार गेंदबाजी, साई इंफ्रा ने जीता मैच



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डिवीजन में साई इंफा क्रिकेट क्लब ने क्रीक स्टार क्रिकेट क्लब को 160 रन से हरा दिया। इस मैच में शुभम मिश्रा ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ ही दो विकेट भी झटके। साई इंफा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 34 ओवर में अपने सभी विकेट गवांकर 336 रन बनाये। साई की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और सलामी बल्लेबाज अंश चौधरी मात्र चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं अक्षय मिश्रा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 13 चौका और एक छक्का की मदद से 34 बाल पर 66 रन बना लिये। शुभम मिश्रा ने छह चौका और तीन छक्का की मदद से 32 बाल पर 51 रन बनाये। इमरान खान ने 32 बाल पर 44 रन बनाये। अतुल सिंह छह चौका और तीन छक्का की मदद से 35 बाल पर 58 रन बनाये। क्रीक स्टार क्रिकेट क्लब टीम 176 रन ही बना पाई और साई ने 160 रन से मैच को जीत लिया। क्रीक स्टार के सलामी बल्लेबाज दिव्यांश शून्य पर ही पवेलियन लौट गए। वहीं आयुष राज ने अपनी टीम में सर्वाधिक 55 रन बनाये।

### लखनऊ में निजी विश्वविद्यालय के हॉस्टल में छात्रा ने की खुदकुशी

**लखनऊ।** जिले के एक निजी विश्वविद्यालय में शुक्रवार की सुबह हॉस्टल के कमरे में छात्रा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसने कमरे में आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची चिनहट थाना की पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट और छात्रा का मोबाइल कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा की पहचान मथुरा की रहने वाली अक्षिता उपाध्याय (20) के रूप में हुई है। वो यहां पर कैंपस में बने हॉस्टल के चौथे ब्लॉक की तीसरी मंजिल पर कमरा नंबर 308 में रह रही थी। उसके साथ सीमा और अलीशा खान भी रहती है। शुक्रवार की सुबह अलीशा ने अक्षिता के कमरे का दरवाजा खटखटाया। भीतर से कोई भी आवाज नहीं आयी। जब दरवाजा नहीं खुला तो किसी प्रकार की अनहोनी की आशंका पर अलीशा ने असिस्टेंट वार्डन दीप्ति मिश्रा को सूचित किया। उन्होंने चौकीदार की मदद से दरवाजा खुलवाया तो देखा कि अक्षिता की लाश पंखे के सहारे झूल रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कमरे की तलाशी ली। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट और मोबाइल मिला है, जिसे जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में परिवार को जानकारी देते हुए कमरे में उसके साथ रहने थाली छात्रा से भी पूछताछ की जा रही है।

### लखनऊ में ओरल हैल्थ अवेयरनेस ड्राईव शुरू




**लखनऊ।** भारत का अग्रणी ओरल केयर ब्रांड, कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड भारत में ओरल हैल्थ मूवमेंट की मदद से ओरल हैल्थ में सुधार ला रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को ओरल हैल्थ बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। कंपनी भारत में ओरल हैल्थकेयर की उपलब्धता और जागरुकता की कमी को पूरा करने के लिए टेक्नोलॉजी की मदद ले रही है। अपने इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए कोलगेट पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने इंडियन रेलवेज़ के साथ साझेदारी की है, जिसके अंतर्गत 10 जनवरी, 2025 को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर एक एआई-पॉवर्ड डेंटल स्क्रीनिंग कियोस्क लगाया। इस पहल का उद्देश्य ओरल हैल्थ की जागरुकता बढ़ाना है। यह पहल मुफ्त डेंटल जांच और परामर्श प्रदान करके ओरल हेल्थ के प्रति जागरूकता और पहुंच बढ़ाने का लक्ष्य रखती है। प्लेटफ़ॉर्म 1 पर स्थित कियोस्क पर 100 से अधिक लोगों ने दौरा किया, जिससे यह यात्रियों और आगंतुकों को जोड़ने की दिशा में एक सफल कदम साबित हुआ। इस एआई-पॉवर्ड कियोस्क में लोगों को आकर्षक और दिलचस्प अनुभव प्राप्त हुआ। वो एडवांस्ड ओरल केयर टेक्नोलॉजी का उपयोग करके अपनी ओरल हैल्थ में सुधार लाने के उपाय कर सके।

### राजधानी में अग्निवीर भर्ती, पहले दिन दौड़े कानपुर के युवा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की सैन्य छावनी आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) स्टेडियम में अग्निवीर रैली भर्ती शुरू है। यह भर्ती आज से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें 13 जिलों के करीब 10 हजार युवा शामिल होंगे। भर्तियां कुल 4 ट्रेड्स में हो रही हैं। इनमें अग्निवीर जीडी, टेक्निकल, कार्यालय सहायक और ट्रेड्समैन है। युवाओं को स्टेडियम में तड़के 2 बजे से 5 बजे तक प्रवेश दिया गया है। यह वो अभ्यर्थी हैं, जो पहले ही अग्निवीर लिखित परीक्षा पास कर चुके हैं। आज शुक्रवार को पहले दिन कानपुर के अभ्यर्थियों को भर्ती में मौका दिया गया है।

### खुर्रमनगर ओवरब्रिज का एक लेन खुला, 12 घंटे ही गाड़ियों को मिलेगी एंट्री

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में खुर्रमनगर ओवरब्रिज 267 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हो गया। शुक्रवार से लोगों के लिए एक लेन खोल दिया गया है। फ़िलहाल, ब्रिज पर सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक यानी 12 घंटे ही गाड़ियों को एंट्री मिलेगी। बाकी समय में ब्रिज की फ़िनिशिंग होगी।

# आर्गेनिक टेस्टिंग लैब से किसानों के जीवन में आएगी खुशहाली : सूर्य प्रताप शाही

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

- आर्गेनिक टेस्टिंग लैब एनएबीएल सहित यूरोप तथा अमेरिका के मानकों के अनुसार उत्पादों की कर सकेंगे जांच



टिश्यू कल्चर लैब उ. प्र. में कृषि क्षेत्र का कायाकल्प करने तथा आर्गेनिक टेस्टिंग लैब कृषि उत्पादों की जांच कर अंतरराष्ट्रीय बाजारों के मानकों के अनुसार प्रदेश की कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार से अधिक लाभ कमाने का मौका देंगे, जिससे प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। यह बात शुक्रवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने विधानभवन में आयोजित एक प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम के दौरान कही।

कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में केला, आलू, गन्ना, बांस तथा अंजीर की खेती को किसानों के लिए अधिक लाभदायी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना की जानी प्रस्तावित है। इसके साथ ही प्रदेश की कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आर्गेनिक टेस्टिंग लैब भी स्थापित किए जाने है। दोनों प्रकार की प्रयोगशालाओं की स्थापना पर सभी संबंधित विश्वविद्यालयों द्वारा मंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया।

उक्त प्रयोगशालाओं की प्रस्तावित स्थापना पर कृषि मंत्री ने कहा कि आर्गेनिक उत्पादों की टेस्टिंग के लिए अभी तक हमें अन्य प्रदेशों पर निर्भर रहना पड़ता था जिससे अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे कृषि उत्पाद पैदा करने वाले प्रदेश के किसानों को पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। यह आर्गेनिक टेस्टिंग लैब एनएबीएल सहित यूरोप तथा अमेरिका के मानकों के अनुसार उत्पादों की जांच कर सकेंगे। इसके साथ टिश्यू कल्चर लैब अच्छी गुणवत्ता वाले केले, आलू, गन्ना, बांस तथा अंजीर की उन प्रजातियों को विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगी जो किसानों की मांग को पूरा कर सकेंगे।कृषि मंत्री ने बांदा, अयोध्या तथा मेरठ कृषि विश्वविद्यालयों में प्रस्तावित ऑडिटोरियम का प्रस्तुतीकरण भी देखा।

उन्होंने अपेक्षित सुधारों पर सुझाव दिए तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑडिटोरियम के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों के उप कुलपतियों को निर्देश दिए कि वे अपनी समस्त प्रॉपर्टी का रजिस्टर बनाएं तथा अपनी कृष्य भूमि का विवरण भी दर्ज करें। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को इस बात के लिए भी निर्देशित किया कि यह वर्ष कृषि विभाग की स्थापना का 150वां वर्ष है। इसलिए इस मौके पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे विभागीय योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने में और अधिक सक्रियता आ सके। इस अवसर पर कृषि राज्यमंत्री, बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव, कृषि रविन्द्र, निदेशक कृषि, उपकार के महानिदेशक, संजय सिंह, अयोध्या तथा कानपुर कृषि विश्वविद्यालयों के उप-कुलपति तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष पहुंची लखनऊ जेल, निरूद्ध महिलाओं का जाना हाल



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.बबीता सिंह चौहान ने जिला कारागार लखनऊ का निरीक्षण किया। वहां निरूद्ध महिलाओं व किशोरियों से सीधे हाल चाल लिया। इसके बाद उनके रहन सहन, खान पान, चिकित्सा एवं रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जेल अधिकारियों से जानकारी की।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह, जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, जेलर मृत्युंजय पाण्डेय, जेलर सुरेन्द्र मोहन, जेलर सुनील मिश्रा, डिप्टी जेलर सुमन सहित जेल स्टॉप मौजूद था। इस अवसर पर कारापाल अंशु ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को बताया कि जेल में निरूद्ध महिलाओं को इस वक्त रोजगारपरक प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है, जल्द ही स्वयंसेवी संस्थान की मदद से प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जायेगा। बाकी चिकित्सकीय सुविधा, खानपान को समय से कराया जा रहा है।

# अप्रवासी भारतीयों ने विदेशों में हिन्दी भाषा को काफी बढ़ावा दिया : डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित




- वैश्विक चेतना के कारण भी हिन्दी भाषा का हो रहा प्रचार-प्रसार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि, हिन्दी के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है। हिन्दी भाषा को विश्व के विभिन्न देशों में प्रचार-प्रसार में गिरमिटिया मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मॉरीशस, सूरीनाम में गिरमिटिया मजदूरों ने हिन्दी भाषा को सम्पन्न और समृद्ध किया। प्रवासी भारतीयों ने हिन्दी भाषा व संस्कृति को बढ़ाने में अपना बहुत योगदान दिया है। वैश्विक चेतना के कारण भी हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार हो रहा है। अप्रवासी भारतीयों ने विदेशों में हिन्दी भाषा, संस्कृति व साहित्य को काफी बढ़ावा दिया है।

विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की ओर से शुक्रवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार में हुआ। सबसे पहले दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना डॉ. कामिनी त्रिपाठी ने प्रस्तुत की गयी। संस्थान के निदेशक राज बहादुर ने अतिथि डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ. सुधाकर अदीब, डॉ. कैलाश देवी सिंह, डॉ. सूर्यकान्त का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट की।

इस अवसर पर डॉ. सुधाकर अदीब ने कहा, कबीर, सूर, तुलसी, बिहारी, मीरा, मतिराम, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, दिनकर जैसे ऋषि तुल्य कवियों, कवयित्रियों ने भक्ति साहित्य को सुशोभित किया। आज हिन्दी भाषा निरन्तर समृद्ध होती जा रही है। विश्व स्तर पर हिन्दी की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है।

विश्व में बौद्धिक सम्पदा के रूप में हमारे तकनीकी, शिक्षा, प्रबन्धन, कम्प्यूटर के विशेषज्ञ हिन्दी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। विदेशी लेखकों ने भी अनुवाद के माध्यम से हिन्दी को बढ़ावा दिया है। भारत में प्रदेशों की साहित्यिक अकादमियों व संस्थाओं द्वारा भी हिन्दी भाषा को बढ़ाने व प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा रही है। हिन्दी भाषा का भविष्य गरिमामयी है।

# बिजली निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों ने मनाया विरोध दिवस

- 13 जनवरी को बिजली कर्मी पूरे दिन काली पट्टी बंधेंगे और करेंगे विरोध सभा
- निजीकरण वापस होने तक सतत अभियान रहेगा जारी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों ने विरोध सभा कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

13 जनवरी को बिजली कर्मी पूरे दिन काली पट्टी बंधेंगे और विरोध सभा करेंगे। अवकाश के दिनों में बिजली कर्मी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से आम उपभोक्ताओं के बीच जनजागरण अभियान चलाएंगे। लखनऊ में शक्ति भवन पर हुई बड़ी विरोध सभा में सैकड़ों की तादाद में बिजली कर्मी मौजूद थे। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने राजधानी लखनऊ में शक्ति भवन पर हुई विरोध सभा को संबोधित करते हुए कहा कि निजीकरण के विरोध में चल रहा आंदोलन निजीकरण वापस होने तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी किसी धोखे में नहीं है, उन्हें स्पष्ट है कि एक बार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को निजी घरानों को सौंप दिया गया तो पूरे प्रदेश की बिजली व्यवस्था का निजीकरण करने में समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन और शासन का निर्णय संपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण का है। शुरुआत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से की जा रही है।

13 जनवरी को समस्त ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी और अभियन्ता पूरे दिन काली पट्टी बंधेंगे और विरोध सभा करेंगे। आन्दोलन के अगले कदम 13 जनवरी को घोषित कर दिये जायेंगे।

# विधान भवन के सामने परिवार ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने बचाया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी में हजरतगंज स्थित विधान भवन के सामने निगोहां से आए एक परिवार ने आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस की मुस्तैदी से उन्हें बचा लिया गया।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को दोपहर में विधान भवन के सामने, राजकमल रावत ने अपनी समस्या को लेकर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ आत्मदाह का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि सितंबर 2024 में निगोहां के कांटा गांव के एक युवक शहंशाह को रात में उसके घर के बाहर गोली मारी गयी थी।

शहंशाह ने अपने बयान में कहा था कि उसी के गांव के राजकमल ने उसे गोली मारी थी। इन दोनों के बीच जमीन का विवाद था। शहंशाह के बयान के आधार पर आरोपी राजकमल (आज आत्मदाह का प्रयास करने वाला व्यक्ति) को गिरफ्तार कर उसके पास से असलहा भी बरामद किया गया था। इसके बाद राजकमल को अदालत ने जेल भेज दिया था। पुलिस के मुताबिक, चार दिन पहले राजकमल जेल से बाहर आया था। उसने आरोप लगाया कि शहंशाह और उसके करीबियों ने उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया था जिसकी वजह से वह जेल में रहा। उसके अनुसार, जेल से बाहर आने के बाद भी उसे और उनके परिवार को परेशान किया जा रहा है। राजकमल का आरोप है कि विरोधियों द्वारा परेशान करने के कारण वह परिवार के साथ आत्मदाह का प्रयास करने यहां आया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सपा की महिला विधायक से अभ्रदता करने वाला तथाकथित भाजपा नेता गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** कानपुर में सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से सपा के चुनाव चिह्न पर जीतकर आईं महिला विधायक नसीम सोलंकी का तथाकथित भाजपा नेता धीरज चड्ढा ने दूसरी बार अपमान किया। मामले में पुलिस ने सपा विधायक नसीम सोलंकी को धमकाने वाला तथाकथित भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। देर रात सपा कार्यकर्ताओं ने थाने में धरना प्रदर्शन कर भाजपा नेता के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि नसीम सोलंकी को धमकी देने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने के प्रकरण में पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार सुबह आरोपी धीरज चड्ढा को पुलिस हिरासत में लिया गया है।

**शुभारंभ** उप्र आबकारी व उप्र पुलिस विभाग ने शुरु किया नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान

# सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी : नितिन अग्रवाल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




आबकारी विभाग के राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग एवं उत्तर प्रदेश पुलिस ने मिलकर नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देता है।

आईएसडब्लूएआई के अपील पर अभियान की शुरुआत करते हुए राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि कभी भी शराब पीकर वाहन नहीं चलाना चाहिए। हम सुविधा से अधिक सुरक्षा को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के यातायात एवं सड़क सुरक्षा के महानिरीक्षक सुभाष चन्द्र दुबे ने कहा कि हमारे नागरिक सड़कों पर सुरक्षित रहें, उत्तर प्रदेश पुलिस इसके लिए प्रतिबद्ध है। लोगों को सड़क पर नशे में वाहन न चलाने को लेकर अभियान के तहत जागरूक किया जायेगा।

महानिरीक्षक सुभाष दुबे ने कहा कि मानव जीवन के लिए जोखिम पैदा करने वाला नशा है। नशे में गाड़ी चलाना अवैध है। हम हर नागरिक से कानून का पालन करने, जिम्मेदार होने और कभी भी नशे में गाड़ी न चलाने की अपील करते हैं।

इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीत पाधी ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश पुलिस और आबकारी विभाग के संयुक्त अभियान में साझेदारी कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारा विश्वास है कि लोगों को शराब के सेवन एवं जिम्मेदार व्यवहार के बारे में सही जानकारी दी जाए। महत्वपूर्ण जीवन को बचाने के लिए हम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बता दें कि 11 जनवरी से साप्ताहिक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत हो रही है। उत्तर प्रदेश में इसकी पूर्व संध्या पर ही कार्यक्रम आयोजित कर नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान की शुरुआत की गयी, जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त विकास पाण्डेय, आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह सहित पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### सपा के पूर्व अध्यक्ष ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लखनऊ के मौलवीगंज में समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू ने अपनी कैंसर की बीमारी से परेशान होकर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मुजीबुर्रहमान के आत्महत्या की जानकारी मिलते ही वर्तमान महानगर अध्यक्ष सहित तमाम नेता एवं जनप्रतिनिधि उनके आवास पर पहुंचें। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी से लड़ाई लड़ रहे थे। मुजीबुर्रहमान को कैंसर से लड़ते हुए दो वर्ष बीत चुके थे। सुबह के वक्त अपने आवास पर ही उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारी और खून से लथपथ गिर पड़े। जब तक परिजन कुछ समझ पाते, उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाना वजीरगंज की पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को पुलिस ने अपने कब्जे लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की जांच में पुलिस उपनिरीक्षक सहित एक टीम जुट गयी है।

# गायत्रीपुरम कुर्सी रोड पर रामकथा का शुभारम्भ

- कलश यात्रा का हुआ भव्य आयोजन

लखनऊ समृद्धि न्यूज।




कुर्सी रोड स्थित गायत्रीपुरम में राम कथा का आयोजन जनसेवा कल्याण समिति के तत्वाधान में किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत शकंरपुरवा द्वितीय की पार्षद शिवम उपाध्याय व पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी ने सैकड़ों महिलाओं के साथ कलश यात्रा निकाली।

वहीं कथावाचक वैष्णव कुलभूषण के संबोधन से माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी ने बताया की जनसेवा कल्याण समिति के प्रयास से रामभक्तों के लिए दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, रामकथा 10 जनवरी से 18 जनवरी तक चलेगी। कथा का समय सायं 4 से 8 होगा। स्थान गायत्रीपुरम अभिनव स्कूल गायत्री सरोवर वाटिका है।

उन्होंने बताया कि इस पवित्र अवसर पर भक्तजनों की अपार आस्था और उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा के दौरान वातावरण भक्तिमय हो उठा और रामकथा के माध्यम से प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन और मर्यादाओं का संदेश जनहित तक पहुंचाया जाएगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करता है बल्कि समाज में सद्भाव और सकारात्तक ऊर्जा का संचार भी करता है। भक्तजनों से अनुरोध है कि वह इस रामकथा में समय निकाल कर सम्मलित हों जिससे की प्रभु श्री राम के आदर्शों से अवगत होकर उनके बताए सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित हों।

# अवैध कटान पर डिप्टी रेंजर बोले क्या कार्रवाई चाहते हैं आप लोग

**▸ कटान होने की सूचना पर डिप्टी रेंजर का जवाब लोगों के लिए बना चर्चा, कार्रवाई शून्य**



**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में वन विभाग के जिम्मेदारो के कार्यशैली पर उठ रहा बड़ा सवाल लोगों के बीच बना चर्चा का विषय। हाल ही में गोन्डा प्रभाग के अन्तर्गत पंडरी कृपाल रेन्ज के ग्राम पेडारन थाना मोतीगंज में बिना परमिट के सागौन के कई वृक्ष काटे गये।जब कुछ लोगों ने जिम्मेदार वन कर्मियों को सूचना दी तो अवैध कटान पर मेहरबान डिप्टी रेंजर राम चन्द्र सिंह के निराले बोल कार्यवाही के लिए सूचना देने वाले से ही पूछ रहे हैं कि आप बताओ क्या कार्यवाही कर दूं।

इस तरह के गैर जिम्मेदाराना जवाब लोगों में चर्चा का विषय बन गया है।जबकि वन क्षेत्राधिकारी का सख्त निर्देश है कि बिना परमिट के एक भी प्रतिबंध वृक्ष कटा तो जुर्माने के साथ मुकदमा लिखाया जाएगा। वहीं वन संरक्षक मनोज कुमार को भी अवैध कटान की जानकारी दिया गया है तथा कार्यवाही को टालमटोल करने की बात भी बताई गयी है। जिस पर वन संरक्षक मनोज कुमार ने अश्वासन दिया है कि इस सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी पंकज शुक्ला को निर्देश देकर कार्यवाही करवाई जाएगी।अब सवाल यह उठता है की उच्च अधिकारी संज्ञान में तत्काल लेकर कार्यवाही करते हैं, लेकिन कर्मचारी क्यों जानकारी होने पर भी टालमटोल करते हैं यह एक विचारणीय विषय है।वहीं लोग अनुमान लगा रहे हैं कि प्रभागीय वनाधिकारी पंकज शुक्ला की ढिलाई का परिणाम है अवैध कटान और कर्मचारियों के निराले जवाब जो कार्यवाही के स्थान पर लिपापोती करते हैं और गलत कार्य को छुपाने के लिए साक्ष्य को मिटाने हेतु जड़ तक खोदवा देने की राय लकड़कट्टो को दे दिया जाता है। फिलहाल वन क्षेत्राधिकारी सुशांत ने उक्त सम्बन्ध में बताया कि वन संरक्षक देवीपाटन वृत्त के द्वारा निर्देशित हुआ है कार्यवाही प्रचलित है।

## अटल बिहारी के जन्मशताब्दी पर होगा मुशायरा व कवि सम्मेलन

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।** भारत रत्न महाकवि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी के अवसर पर उत्तर प्रदेश उर्दू एकेडमी व राही सामाजिक संस्था लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन 11जनवरी 2025 को डॉ संपूर्णानंद टाउन हॉल गांधी पार्क में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शोएब अनवर बाराबंकी करेंगे। व संचालन आसिम काकोरवी करेंगे। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप के द्वारा किया जाएगा।कवियों में प्रदीप सारंग , शहबाज तालिब, सलमान जफर,फैज खुमार, आसिम मकनपुरी,नरायन शर्मा,सना लहरपुरी, ज्योतिमा शुक्ला,नीता सिंह व लता श्रीवास्तव,आलिम गोंडवी, मुजीब सिद्दीकी, याकूब अज्म गोंडवी, अहमद राजा बहराइची, नजमी कमल बदायूनी, डॉक्टर आफताब आलम सहित अनेको मौजूद रहेगी।

# खनन अनुमति से पहले सहखातेदार की एनओसी अनिवार्य: डीएम

**▸ अवैध खनन पर डीएम ने दिए प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिले में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

गोंडा तहसील के डडवा कानूनगो गांव में अवैध मिट्टी खनन की पुष्टि होने पर डीएम ने शुक्रवार को तत्काल दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के आदेश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि खनन पर प्रभावी रोक लगाई जाए और अवैध गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। गोंडा तहसील के डडवा कानूनगो गांव निवासी माधुरी सिंह ने 7 जनवरी को जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार गाटा संख्या 239/1.303 हे पर आठ सहखातेदारों में से अधिकांश ने बिना विधिक विभाजन के मिट्टी का खनन कराया। माधुरी सिंह ने बताया कि उनका मामला न्यायालय में लंबित है इसके बावजूद उनके हिस्से की जमीन से अवैध खनन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर खान अधिकारी अभय रंजन और संबंधित अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया।

जांच में यह सामने आया कि फौजदार सिंह, जो सहखातेदारों में से एक हैं की जमीन को छोड़कर बाकी हिस्सों से लगभग चार फीट गहराई तक मिट्टी का खनन हुआ है। फौजदार सिंह की जमीन परती है जबकि इसका आंशिक भाग कृषि उपयोग में है। उनकी भूमि के दो ओर पूर्व में खनन हो चुका है जबकि तीसरी ओर सरकारी नाला है। जांच के आधार पर डीएम नेहा शर्मा ने अवैध खनन के दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और भविष्य में खनन अनुमति देने से पहले सहखातेदारों की अनापत्ति प्रमाणपत्र एनओसी को अनिवार्य करने के निर्देश दिए।

## पोर्टल पर ब्लाक निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थियों का होगा सत्यापन

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** निदेशक महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्यु के उपरान्त, निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 2203 तथा नगरीय क्षेत्र के 309 लाभार्थी पोर्टल पर ब्लाक प्रदर्शित रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पोर्टल पर ब्लाक प्रदर्शित हो रहे लाभार्थियों का एक सप्ताह में सत्यापन कराना सुनिश्चित करें ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजना से लाभान्वित किया जा सके।सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि विकास खण्ड चित्तौरा में 142, तेजवापुर 100, हुजूरपुर 97, शिवपुर 197, महसी 111, कैसरगंज 96, फखरपुर 116, बलहा 291, पयागपुर 101, विशेश्वरगंज 104, मिहींपुरवा 222, नवाबगंज 433, जरवल 58 व रिसिया 135 तथा नगर क्षेत्र अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बहराइच के 204 व नानपारा के 78, नगर पंचायत जरवल के 09 व रिसिया के 18 इसी प्रकार कुल 2512 निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों का डाटा पोर्टल पर ब्लाक प्रदर्शित हो रहा है। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि स्थलीय सत्यापन कराते हुए ईकेवाईसी हेतु आधार एक सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर होंगे रक्तदान कार्यक्रम

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में शास्त्री जी की पुण्य तिथि 11 जनवरी को महाविद्यालय परिवार द्वारा रक्तदान के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार ने बताया कि शास्त्री जी की असामयिक मृत्यु 11 जनवरी 1966 में हो गई थी उनकी स्मृति में इस महाविद्यालय की स्थापना हुई थी उनकी पुण्य तिथि के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। जिनमे पी ए सी बैंड द्वारा गार्ड ऑफ़ ऑनर, सर्वधर्म सभा पाठ एवं हवन यज्ञ, रक्तदान शिविर, आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को यूनिफार्म स्वेटर का वितरण व लखनऊ रोड स्थित शास्त्री तिराहे पर स्थित शास्त्री जी की प्रतिमा पर अखंड रामचरित मानस का पाठ प्रारंभ होगा। महाविद्यालय के नैक समन्वयक प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि कल आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अध्यक्ष प्रबन्ध समिति जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती नेहा शर्मा, उपाध्यक्ष प्रबंध समिति वर्षा सिंह, सचिव प्रबंध समिति उमेश शाह सहित प्रबंध तंत्र के सभी सम्मानित सदस्यों सहित एसमाज सेवियों को आमंत्रित किया गया है। प्रो सिंह ने बताया पुण्य तिथि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो की विस्तृत तैयारी की जा चुकी है ।

# सीएचसी वजीरगंज में कन्या जन्मोत्सव आयोजित

**▸ अधीक्षक व संरक्षण अधिकारी ने नवजात बच्चियों के साथ केक काटा**

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।**




महिला कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वजीरगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशुतोष शुक्ला व संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा ने सीएचसी पर जन्म लेने वाली नवजात बच्चियों के साथ केक काटकर उनका जन्मोत्सव मनाया। इसके बाद अधिकारियों ने वहां जन्म लेने वाली 10 बच्चियों को हिमालय बेबी किट, तौलिया व ऊनी कपड़ा प्रदान किया गया। परियोजना समन्वयक आशीष मिश्रा ने उपस्थित लोगों को चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 की सुविधा के साथ-साथ विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। वन स्टाप सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने कन्या सुमंगला योजना की जानकारी देने के साथ उन्हे विभिन्न योजनाओं में आवेदन प्रक्रिया बताते हुए उसका लाभ लेने की अपील की।

इस दौरान एआरओ अमित श्रीवास्तव, बीपीएम मंजू शुक्ला, काउंसलर नीतू त्रिपाठी, अध्यापिका आराधना सिंह, सामजिक कार्यकर्ता पंकज राव, केस वर्कर देवमणि मिश्र, केस वर्कर मुकेश भारद्वाज, आशा व लाभार्थी मौजूद रहे।

# दो छात्रों को ट्रक ने मारी टक्कर एक की मौत, दूसरा घायल

**▸ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ हाइवे मार्ग स्थित चौपाल सागर के पास बाइक सवार दो छात्रों को ट्रक ने टक्कर मार दिया जिस में एक छात्र की मौत हो गई। दूसरा छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उस को मेडिकल मेडिकल कालेज मेभर्ती कराया गया है।

हालत गम्भीर बताई गई है। दोनो छात्र बी एस की परीक्षा देने लालबहादुर शास्त्री महा विद्यालय आ रहे थे। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के सोनहरा गांव के निवासी 18 वर्षीय छात्र आलोक कुमार मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा व उसी थाना क्षेत्र के रेरुवा गांव के निवासी 19 वर्षिय दिव्यांश ओझा पुत्र जमुना प्रसाद दोनो बाइक से परीक्षा देने आ रहे थे। ट्रक की जोरदार टक्कर मार ने से दोनो गम्भीर रुप से घायल हो गए। घायल अवस्था मे मेडिकल कालेज ले गए। जहाँ आलोक मिश्रा को मृत्यु घोषित कर दिया। दिव्याश ओझा की हालत गम्भीर बनी हुई है। मृतक आलोक मिश्रा अपने घर का इकलौता था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, पांच घायल

**▸ घायलों को सीएचसी में कराया भर्ती, दो घायलों को मेडिकल कॉलेज किया रेफर**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के दहाव गांव में भूमि में लगे पेड़ के विवाद की रंजिश में गुरुवार को दोपहर में कहासुनी के बाद दो पक्षों मे जमकर मारपीट हुई। जिसके चलते एक पक्ष के दंपती सहित तीन, दूसरे पक्ष से पिता पुत्र घायल हो गए। दोनों पक्ष के घायलों उनके परिजन लेकर थाने पहुंचे जहां से पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने घायल दंपती को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।हरदी थाना क्षेत्र के दहाव गांव निवासी 45 वर्षीय अनोखे लाल पुत्र खिलावन व नरेंद्र वाजपेयी के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। गुरुवार दोपहर में लगभग तीन बजे दोनों पक्षों मे कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष से अनोखी लाल, उनकी पत्नी 40 वर्षीय फुलकुंवारा, बेटा 14 वर्षीय रिंकू घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से 55 वर्षीय नरेंद्र वाजपेयी, उनका बेटा 30 वर्षीय विनीत घायल हो गया। दोनों पक्ष घायलों को लेकर थाने आए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने गंभीर घायल अनोखे व फुल कुंवारा को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि दो पक्षों मे विवाद के बाद मारपीट हुई है। एक पक्ष से नरेंद्र वाजपेयी की तहरीर मिली है। जांच के बाद दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया जायेगा।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासनिक अधिकारियों का बुलडोजर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में शुक्रवार को अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्यवाई करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने बुलडोजर चलाकर सफाई अभियान चलाया। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जिले के रुपईडीहा एवं शहरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण किया गया। शासन के निर्देश के क्रम में एसडीएम नानपारा के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम रुपईडीहा पहुँची और बुलडोजर चलाते हुए अतिक्रमण को नेस्तनाबूद किया। वहीं अधिशासी अधिकारी की टीम ने शहरी क्षेत्र में किये गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चलाया। एसडीएम अश्विनी पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री की तरफ से मिले आदेश के क्रम में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को हटाया गया है। और विधिक कार्यवाई भी की गई है।

# स्पोंसर सिप कार्यक्रम मे किशोरियों को साइकिल वितरित

**▸ प्रथम संस्था ने सात किशोरियों को दिया साइकिल**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



प्रथम संस्था शहर के रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर जनजागरुकता व जनपद के पांच ब्लॉक में आउट ऑफ स्कूल बच्चों तथा दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन ,नामांकन ,सुरक्षा ,बालश्रम तथा उपस्थिति सुनिश्चित कर उन्हें शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है।

इसी क्रम में बंगलाचक ग्राम पंचायत मे प्रधान प्रतिनिधि सुरेश प्रताप सिंह व सरोज सिंह के द्वारा उद्घाटन कर सात किशोरियों को साईकिल स्पोंसर सिप कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा के लिए संस्थागत प्रदान किया गया। बिदित हो की पिछले वर्ष अप्रैल माह मे प्रथम संस्था द्वारा गाँव मे बच्चों की शिक्षा व गुणवत्ता को बढ़ाने, प्रत्येक बच्चे की स्कूल उपस्थित सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक बच्चे के अधिकार सुरक्षित के मुद्दे पर किशोरी/किशोर का गठन गाँव मे किया था और वे बच्चे जो शिक्षा से वंचित थे उन्हें स्पोंसर सिप कार्यक्रम से जोड़ा गया था जिन्हे साईकिल दी गयी है। ये कुल 11 बच्चे है जिन्हे शैक्षिक मदद किया गया है व 25 परिवारों को व्यवसाय व उनके 1 बच्चे को शिक्षा के लिए शैक्षिक मदद संस्थागत किया गया है। कार्यक्रम मे संस्था से जिला समन्वयक अश्वनी सिंह, शिव नाथ मिश्रा व बीना देवी इंटर कालेज से आनंद श्रीवास्तव व गाँव से तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

## प्रतिमा का अनावरण 16 जनवरी को

**बहराइच।** आरपीएस मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की विशालकाय प्रतिमा का अनावरण आगामी 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे प्रस्तावित है। यह अनावरण विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं श्री राम जन्मभूमि निर्माण समिति के महामंत्री चंपत राय जी द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि प्रख्यात संत रविशंकर गुरुभाई भी इस आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी युवा पीढ़ी और सनातन संस्कृति के प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने और स्वामी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र के संतों, गणमान्य व्यक्तियों और बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

# प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष घनश्याम व महामंत्री बने अनुपम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



**कार्यकारिणी का इंटर कॉलेज में हुआ चुनाव**

कमला देवी इंटर कॉलेज गोलवा घाट में शुक्रवार को प्रधानाचार्य परिषद का चुनाव हुआ। जिसमे सर्व सम्मति से समिति के सदस्यों ने घनश्याम बाजपेई को अध्यक्ष और अनुपम मिश्रा को महामंत्री बनाया गया। इंटर कालेज में आयोजित चुनाव में श्रीनाथ शुक्ल और शिव कुमार मिश्र को संरक्षक तथा घनश्याम बाजपेई प्रधानाचार्य श्री सरस्वती इन्टर कॉलेज रिसिया को अध्यक्ष, अनुपम कुमार मिश्र महामंत्री ,गिरिजाशंकर पांडेय,बृजेन्द्र कुमार शर्मा, जसवंत सिंह, अरविन्द कुमार मिश्र और मनोज कुमार यादव को उपाध्यक्ष कलीम अहमद, यशपाल सिंह, ज्ञान चंद्र कन्नौजिया,अशोक शुक्ल,श्रीमती मधु चौधरी तथा रमेश मिश्र को मंत्री,सत्य प्रकाश सिंह को कोषाध्यक्ष,श्री प्रकाश पटेल संरक्षण मंत्री, अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव संगठन मंत्री तथा श्री विनोद कुमार मिश्र आय व्यय निरीक्षक और गजेंद्र मणि मिश्र,आनंद मोहन श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पाठक, द्विजेंद्र भूषण पाठक,पुरुषोत्तम वर्मा,पंकज पाठक, आशा राम यादव, किरण यादव और रमेश कुमार यादव को सदस्य मनोनीत किया गया।

चुनाव अधिकारी प्रदेश परिषद के प्रदेश न्याय समिति के अध्यक्ष श्रीनाथ शुक्ल रहे।

इस अवसर पर राम सुंदर पांडेय प्रदेश महामंत्री संगठन समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर पयागपुर नगर पंचायत अध्यक्ष ने संभाला कार्यभार?

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



यूपी शासन की ओर से पयागपुर नगर पंचायत अध्यक्ष बालेंद्र श्रीवास्तव को बर्खास्त कर दिया गया था। हाई कोर्ट के आदेश पर बालेंद्र ने एक बार फिर अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला लिया है। इस घटनाक्रम से पयागपुर की सियासत एक बार फिर गर्म हो गई है।

एक मामले में प्रशासन ने 28 फरवरी को उनके प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार सीज कर दिए थे ।इस मामले की अपील इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में की गई थी ।मामले की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी किया है ।उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश के बाद बालेंद्र श्रीवास्तव ने गुरुवार को पुनः अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ के दो सदस्यीय बेंच क्रमशः न्याय मूर्ति राजन राय और न्याय मूर्ति बृज राज सिंह ने अपने फैसले में सर्वोच्च न्यायालय उच्च न्यायालय के मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि जनता द्वारा निर्वाचित किसी जनप्रतिनिधि को इस तरह से उनके पद नहीं हटाया जा सकता। उल्लेखनीय है कि नव सृजित नगर पंचायत पयागपुर का पहला चुनाव 4 मई 2023 को हुआ था और इसमें सपा के बालेंद्र श्रीवास्तव चुनाव जीत कर नगर पंचायत के पहले अध्यक्ष बने थे । शपथ ग्रहण के बाद बोर्ड की पहली बैठक 9 जून 2023 को हुई। और कुछ ही दिन बाद 22 जून 2023 को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध हुई शिकायत के आधार पर जांच आख्या के बाद 28 फरवरी 2024 को उनके वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा बालेंद्र को अध्यक्ष पद का दुरुपयोग करते हुए अनियमित,स्वेच्छाचारी और अधिनियमों का उल्लंघन करने का दोषी मानते हुए नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 48 के अंतर्गत बालेंद्र कोअध्यक्ष पद से हटाने की कार्यवाही की गई। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता नगर अध्यक्ष पद पर नियमानुसार कार्य करते रहेंगे। इसी क्रम में गुरुवार को बालेंद्र श्रीवास्तव ने समर्थक सभासदों के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया।

# 25 किलो चरस सहित 3 गिरफ्तार, नेपाली मुद्रा में कीमत 50 लाख

**▸ भारत तस्करी के माध्यम से भेजी जानी थी चरस**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




पड़ोसी नेपाली जिला दांग की घोराही नगरपालिका में 25 किलो चरस सहित 1 महिला सहित 3 लोगो को गिरफ्तार किया गया। दांग जिला पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दांग जिले की घोराही उप महानगर पालिका वार्ड नं 13 सिर्जनशील टोले के कुल बहादुर बस्नेत के घर के ग्राउंड फ्लोर पर किराए के घर में रहने वाले 3 लोगो को उक्त चरस सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मुखबिर की अनुसार सूचना पर इस घर में छापा मारा गया। कमरे में 2 प्लास्टिक के ड्रम में छोटे छोटे प्लास्टिक के थैलों में उक्त चरस भरी हुई थी।

कमरे से नेपाली जिला प्यूठान की स्वर्गद्वारी नगरपालिका वार्ड नं 2 निवासी 39 वर्षीय निम बहादुर आले, इसी जिले की नौबहिनी गांव सभा वार्ड नं 2 की 21 वर्षीया देवकली बूढ़ा मगर व रोल्पा जिले की त्रिवेणी गांव सभा वार्ड नं 7 निवासी 29 वर्षीय प्रकाश घर्ती मगर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में इन लोगो ने बताया कि हम लोग इसे धीरे धीरे नेपालगंज लेकर जाने वाले थे। वहीं से इसे भारतीय क्षेत्रों में दूसरे लोग कैरिंग कर लेकर जाते। नेपाल में भांग के पौधे में पाए जाने वाले चिपचिपे पदार्थ को राल कहते हैं। इसी से चरस तैयार होती है। इसके लिए भांग के फूलों को हाथ पर रगड़ा जाता है।

जिससे काली परत जमती है। यही चरस है। सरकार के लाइसेंस पर कुछ खेती दवाओं के उपयोग हेतु की जाती है। परंतु चोरी छिपे इसकी बहुतायत से खेती नेपाल में हो रही है। पिछले एक माह में रुपईडीहा की पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने लगभग आधा दर्जन लोगों के पास से चरस की बरामदगी की है।

# पर्यटकों को बहराइच के बिछिया-गिरिजापुरी मार्ग पर दिखा तेंदुआ, वीडियो हुआ वायरल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

**तेंदुए का दिखना बना आकर्षण का केंद्र**

बीती शाम तिकुनिया से आए पर्यटकों का एक दल, जिसमें राजेश, संतोष कुमार, राजन और अन्य लोग शामिल थे, कतर्नियाघाट के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहा था। वापसी के दौरान, बिछिया-गिरिजापुरी मार्ग पर उनकी गाड़ी अचानक रुक गई। कारण था एक तेंदुआ, जो कच्चे मार्ग पर आराम से विचरण कर रहा था।

कतर्नियाघाट वन्यजीव क्षेत्र में घूमने आए पर्यटकों को हाल ही में एक रोमांचक अनुभव हुआ, जब बिछिया-गिरिजापुरी मार्ग पर अचानक एक तेंदुआ उनके सामने आ गया। यह दुर्लभ नजारा देखकर पर्यटक रोमांचित हो उठे और उन्होंने इस अद्भुत पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया। सोशल मीडिया पर साझा किया गया यह वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे कतर्नियाघाट की जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों की चर्चा हो रही है।कतर्नियाघाट वन्यजीव क्षेत्र अपने अद्भुत वन्यजीवों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। हाल ही में यहां घूमने आए पर्यटकों ने एक रोमांचक घटना का अनुभव किया, जब उन्हें बिछिया-गिरिजापुरी मार्ग पर एक तेंदुआ दिखाई दिया। पर्यटकों द्वारा बनाए गए इस वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा किया गया, जो तुरंत वायरल हो गया। लोग इस अद्भुत दृश्य की तारीफ कर रहे हैं और कतर्नियाघाट के वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। गौरतलब हो कि कतर्नियाघाट न केवल बाघों के लिए बल्कि तेंदुओं, हिरणों, और पक्षियों की कई प्रजातियों के लिए भी जाना जाता है। यह क्षेत्र पर्यटकों को प्रकृति और वन्यजीवों के करीब लाने का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

## सात नायब तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

**गोंडा।** रंजन वर्मा नायब तहसीलदार तरबगंज को नायब तहसीलदार गोण्डा के साथ प्रभारी तहसीलदार गोण्डा बनाया गया है, अनुराग पाण्डेय नायब तहसीलदार गोण्डा को नायब तहसीलदार तरबगंज के प्रभारी तहसीलदार तरबगंज बने, जयशंकर सिंह नायब तहसीलदार तहसील करनैलगंज से नायब तहसीलदार तहसील तरबगंज बनाया गया है, संतोष कुमार यादव नायब तहसीलदार तहसील करनैलगंज से नायब तहसीलदार तरबगंज बनाया गया है, अनु सिंह नायब तहसीलदार तहसील मनकापुर से नायब तहसीलदार करनैलगंज बनाया गया है, राम प्रताप पाण्डेय नायब तहसीलदार तहसील तरबगंज से नायब तहसीलदार करनैलगंज बनाया गया है, चन्दन नायब तहसीलदार तहसील तरबगंज से नायब तहसीलदार मनकापुर बनाया गया है।

# आखिर सीओ साहब कहां करें निवास, जब वर्षों से बदहाल है आवास

संतोष सिंह



**महराजगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ सुरक्षा को लेकर काफी सजग रहते हैं। और उनके द्वारा यह फरमान भी जारी किया गया है कि सभी अधिकारी गण अपने अपने क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करें। जिससे की जनता जनार्दन को त्वरित न्याय मिल सके। लेकिन समस्या तब खड़ी हो जाती है जब अधिकारी के पास आवास ही नहीं हो तो वह निवास कहां करें । मामला महराजगंज क्षेत्राधिकारी का है जिनका आवास वर्षों से वीरान पड़ा हुआ है 20 वर्ष पहले सीओ यहां पर रहा करते थे लेकिन वर्षों बीत गए उसके बाद दोबारा किसी भी क्षेत्राधिकारी द्वारा यहां पर निवास नहीं किया गया महराजगंज तहसील के सामने ही सीओ आवास स्थित है जोकि जर्जर होने के बाद उसकी ईटों नीलामी कर दी गई तब से लेकर अब तक क्षेत्राधिकारी आवास बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है वही क्षेत्राधिकारी आवास में ही लोग शराब पीते हैं और पैकिंग इधर-उधर बिखरते हैं साथ-साथ अराजक तत्वों का वहां पर जमावड़ा लगता है इस स्थान पूरी तरह से कूडा और कबाड़ा फैला हुआ है और क्षेत्राधिकारी आवास के सामने ही तमाम रेडी पटरी वाले ने अवैध रूप से कब्जा करके अपनी दुकान चला रहे हैं। जबकि महराजगंज क्षेत्राधिकारी के क्षेत्र मे महराजगंज ,शिवगढ़, बछरावां, हरचंदपुर जैसे महत्वपूर्ण थाने आते हैं और ये थाने कई जिलों की सीमाओं से जुड़ते हैं जैसे बाराबंकी, अमेठी, उन्नाव, लखनऊ की सीमाओं से इनकी सीमा लगती है उसके बावजूद भी जिम्मेदारों द्वारा सीओ का आवास न बनाये जाने के कारण लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

15 से 20 वर्ष पहले महराजगंज क्षेत्राधिकारी आवास में पथराव हो गया था उसके बाद पीएसी तैनात कर दी गई तब से लेकर अब तक कोई भी क्षेत्राधिकारी आवास में नहीं रहा और फिर धीरे-धीरे आवास खंडहर में बदल गया और उसकी ईंटें भी नीलाम कर दी गई लेकिन आज तक न आवास को बनाया गया न ही इस पर ध्यान दिया गया।

**लखनऊ**, बाराबंकी, अमेठी, उन्नाव की सीमाएं महराजगंज, शिवगढ़, बछरावां, हरचंदपुर की थानों से लगती है उसके बावजूद भी महराजगंज क्षेत्राधिकारी का आवास न बना होने से लोगों के बीच वर्षों से चर्चा का विषय बना हुआ है।

## डंपर ने आगे चल रहे ट्रक में मारी टक्कर, चालक घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** डंपर की तेज रफ्तार होने के चलते आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में डंपर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ने के साथ-साथ चालक घायल हुआ है। घटना शुक्रवार सुबह 6:00 के आसपास की है, जब बांदा बहराइच मार्ग पर बछरावां कस्बे में छोटी नहरिया के पास डंपर चालक बांदा से सुल्तानपुर के लिए जा रहा था। डंपर की तेज रफ्तार होने के चलते आगे चल रहे ट्रक में पीछे से चक्कर मार दी। टक्कर जोरदार होने के चलते डंपर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और चालक घायल हो गया। टक्कर लगने के घायल अवस्था में चालक का राहगीरों ने एक निजी अस्पताल में इलाज कराया। तथा हाईवे मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। जिसकी जानकारी होते ही स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त डंपर को मार्ग से किनारे कराया और जाम हटवाकर आवागमन सुचारू रूप से शुरू कराया गया।

# पीपीपी मॉडल पर विकसित होगा रायबरेली का बस अड्डा

- डीएम ने सदर विधायक अदिति सिंह के साथ बस अड्डे का किया निरीक्षण
- कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे जन सामान्य को उसका लाभ मिल सके: अदिति सिंह

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सदर विधायक अदिति सिंह के साथ जनपद के बस अड्डे को पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाने हेतु बस अड्डे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, एआरएम दिनेश चंद श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए की आवश्यकता अनुसार बसों की पार्किंग तथा ठहराव हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए, लगभग 50 बसों की पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि बस अड्डे में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था न होने से बसें सड़कों पर खड़ी होती है और जाम की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे यातायात प्रभावित होता है। बस अड्डे में पर्याप्त बसों की पार्किंग की व्यवस्था होने पर बसे अपने निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ी होंगी, जिससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी, यातायात सुगम बना रहेगा। विधायक अदिति सिंह ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को शीघ्र कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे की जन सामान्य को जल्द से जल्द उसका लाभ मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति, चलाया गया जागरूकता 3



**सलोन, समृद्धि न्यूज़।** शासन की मंशा अनुरूप मिशन शक्ति के तहत अलग-अलग जगहों पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया ।जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों व कल्याण कारी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया ।सलोंन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा दरसवां और इटारा ग्राम सभा के गौवा बाजार में मिशन शक्ति के तहत ग्राम चौपाल आयोजित किया गया ।जिसमें कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह,सूची चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार व महिला उप निरीक्षक ने महिलाओं व बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी ।साथ ही जारी हेल्पलाइन नंबरों व जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट वितरण किए गए ।वहीं ग्राम विकास अधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव व प्रधान ने उपस्थित लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं व शिकायतों की जानकारी की ।तथा निस्तारण हेतु तत्काल प्रयास किए ।इस मौके पर मुख्य आरक्षी दुन्नी लाल निगम,आरक्षी भभूती समेत तमाम महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

### अरुणाभ फाउंडेशन महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए कर रहा है विशेष प्रबंध




**बछरावां रायबरेली।** अरुणाभ फाउंडेशन द्वारा आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले भव्य एवं दिव्य महाकुंभ में यात्रियों के लिए विशेष प्रबंध किया जा रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप द्विवेदी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार अरुणाभ फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र के लोगों को बस द्वारा महाकुंभ मेले में निशुल्क यात्रा कराई जाएगी, साथ ही यात्रियों के भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था भी फाउंडेशन के द्वारा निशुल्क प्रदान की जाएगी, साथ ही फाउंडेशन द्वारा महाकुंभ मेला में एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में लोगों का अत्याधुनिक मशीनो द्वारा नि:शुल्क आँखों का जाँच और जाँच के तुरंत बाद आवश्यकतानुसार चश्मा वितरण की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। आगे अगर किसी व्यक्ति को आँखो के ऑपरेशन की आवश्यकता पडती है तो नजदीकी केंद्रो मे नि :शुल्क ऑपरेशन भी कराया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि यात्रा की अधिक जानकारी के लिए आप 6293181818 इस दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# तबादला नीतिः ठेंगा दिखाते ब्लॉक के अधिकारी और कर्मचारी

महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।




घर की खेती की तरह ब्लॉक में नौकरी कर रहे ब्लॉक के कर्मचारी व अधिकारी अंगद की पैर की तरह 10 वर्ष से अधिक समय से जमे हुए हैं ब्लॉक की कुर्सियों पर आखिर क्यों नहीं होता इनका तबादला तबादला नीति से अलग है इनकी व्यवस्था जहां एक ओर सरकार द्वारा 3 वर्ष बाद अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले कर दिए जाते हैं तो वही इसके विपरीत महराजगंज ब्लॉक में तैनात अरुण कुमार श्रीवास्तव एडीओसी, आशुतोष श्रीवास्तव वरिष्ठ लिपिक, राजीव त्यागी एपीओ मनरेगा, शोभित सिन्हा कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा। अच्युत अग्रवाल जेई की ऊंची पहुंच और पकड़ के कारण योगी आदित्यनाथ सरकार बदनाम होती नजर आ रही है क्योंकि यहां नियम के विरुद्ध काम होता है वर्षों से दिखाई पड़ रहा है जिसका खामियाजा आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को उठाना भी पड़ा लेकिन फिर भी नहीं चेते जिले के अधिकारी और कर्मचारी लगातार महराजगंज ब्लॉक में यह अधिकारी व कर्मचारी बेधड़क होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं साथ-साथ अब उनके क्षेत्र में काफी अच्छे रिश्ते भी हो चुके हैं अक्सर उनके कार्यालय में दलालों का जमावड़ा लगा रहता है जो की ग्राम पंचायत में सेटिंग गेटिंग का खेल खेल कर गरीब जनता से अधिकारियों की जेब भरवाते हैं और खुद भी मालदार हो रहे हैं क्योंकि नौकरी का एक नियम होता है कि आप अधिक समय तक कहीं पर भी रुक नहीं सकते लेकिन आप अधिक समय दे रहे हैं तो भ्रष्टाचार होना लाजिमी हो जाता है।

**साहब तो मीटिंग में हैः गनर-** इस मामले में जब मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उनके गनर ने बताया कि साहब तो मीटिंग में है।

## रोड एक्सीडेंट में युवक की हुई मौत

**अमावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के लड़के की एक्सीडेंट में अमेठी जिले में हुई मौत मोहनगंज थाने मे दी लिखित तहरीर पूरे नंदा मंज़रे समरहदा थाना मिल एरिया रायबरेली के निवासी आर्यन सिंह पुत्र स्वतंत्र सिंह 9 तारीख को लगभग 8 :30 बजे अपनी मौसी के यहां उत्तरपारा से रायबरेली ड्यूटी पर जा रहा था तभी सामने से तेज रफ्तार ट्रक जिसका नंबर एचआर 55एआर 0381ने टक्कर मार दी वहीं घायल को लेकर अस्पताल गए जहां उसकी मौत हो गई उसकी मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है क्योंकि लड़का काफी जिम्मेदार और परिवार की मदद करने वाला था ।

# भाकियू अराजनैतिक ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



भारतीय किसान यूनियन( अराजनैतिक ) के पदाधिकारियों ने किसानो की समस्या को लेकर सैकड़ो किसानों ने उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष रामनरेश गौड़ ब्लॉक अध्यक्ष लवकुश कुमार की अगुवाई में सैकड़ो किसान, किसानों की समस्या को लेकर उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव को ज्ञापन सौंप कर निम्न बिंदुओं पर समस्या हल करने का मांग की।किसानों ने बताया कि राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक द्वारा गलत पैमाइश कर क्षेत्र में किसानों को आपस में लड़वाया जा रहा है। जिसका जीता जागता प्रमाण ग्राम सभा भौंसी में गाटा संख्या 1346 में कब्जा करवाया गया। तहसील अध्यक्ष रामनरेश गौड़ ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शाम 5ः00 बजे से प्रातः 7:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति कराई जाए जिससे कि छात्र-छात्राओं को पढ़ने लिखने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े उनकी पढ़ाई लाइट की वजह से बाधित न हो सके।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

- सीओ सिटी और उनकी टीम ने पहुंचाया हवालात

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




रायबरेली पुलिस ने एक ऐसे ऑनलाइन ठग गिरोह के शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो लोन लेने वाले लोगों को ब्लैकमेल करके उनसे ठगी किया करते थे। आपको बता दें कि पुलिस ने इस मामले में तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर व डीह थाना पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद गिरफ्तार अभियुक्त शिवम यादव ने पूछताछ में बताया कि वह एक लोन रिकवरी एजेंट है। वह अपने साथी शिवा और सत्येंद्र पांडे जिसके पास लक्ष्य एसोसिएट हाउस ऑफ डेट रिकवरी एजेंसी का अर्थॉरिटी लेटर है उसके जरिए वे लोन लेने वाले व्यक्तियों का डाटा निकाल लेते थे। लोन की धनराशि को ओवर ड्यू दिखाकर लोगों के फोन से पर्सनल डाटा जैसे परिचय के मोबाइल नंबर और फोटो, वीडियो आदि प्राप्त कर लेते थे। बैंक लोन ओवर ड्यू जमा करने के नाम पर ठगी करते हुए ये लोग कस्टमर की फोटो वीडियो को न्यूड बनाकर उसे पर भेजने और वायरल करने की धमकी देते। जिसके बाद ऑनलाइन क्यू आर कोड के जरिए पैसा वसूलते थे। उसने पूछताछ में बताया कि इस काम में शिवा पंडित उर्फ सत्येंद्र पांडे व उसका भाई का सत्यम पांडे भी शामिल है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में शिवम यादव पुत्र वाल्मीकि यादव निवासी गिरिपशाह का पुरवा थाना नगर कोतवाली, दीप प्रकाश दुबे पुत्र गया पुर दुबे नेहरू नगर थाना नगर कोतवाली और विपुल पांडे पुत्र प्रमोद पाण्डे निवासी दोहरी थाना डीह को गिरफ्तार करके कार्रवाई की है। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल फोन में लैपटॉप बराबर भी किया है।

# कांशीराम आवास कॉलोनी में गरीबों के हक पर भ्रष्टाचार का कब्जा

- मकान भाड़े पर देने का चल रहा गोरखधंधा

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।



कांशीराम आवास योजना, जो गरीबों और आवासहीन लोगों को घर मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, आज भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो गई है। बीएसपी शासनकाल में शुरू की गई इस योजना के तहत बने मकानों का आवंटन जरूरतमंदों को नहीं, बल्कि उन लोगों को किया गया है जिनके पास पहले से ही आवास की व्यवस्था थी। इस गलत आवंटन का दुरुपयोग अब कई लोग कर रहे हैं, और यह योजना अपने उद्देश्य से भटक चुकी है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जिन लोगों को कांशीराम आवास कॉलोनी में मकान आवंटित किए गए थे, वे स्वयं इन मकानों में नहीं रहते। इसके बजाय, वे इन मकानों को किराए पर उठाकर मोटी रकम वसूल रहे हैं। किरायेदारों की गैर जिम्मेदाराना प्रवृत्ति के कारण मकानों की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। मकानों की उचित देखरेख न होने से घास-फूस और झाड़ियां उग आई हैं, जिससे मकान कमजोर हो गए हैं और इनकी हालत और भी बिगड़ रही है।

अब सवाल यह उठता है कि जिन लोगों के पास पहले से निजी आवास थे, उन्हें कांशीराम आवास योजना के मकान क्यों आवंटित किए गए? यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि प्रशासन ने भौतिक सत्यापन क्यों नहीं किया, और यह योजना क्यों भ्रष्टाचार का शिकार हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते इस मामले में सख्त कदम उठाए होते, तो गरीबों और आवासहीन लोगों का हक नहीं छीना जाता। मीडिया टीम ने जब इस मामले की जांच की, तो कई ऐसे लोग मिले जिन्हें वास्तव में मकान की आवश्यकता थी, लेकिन उन्हें मकान आवंटित नहीं किए गए। इन लोगों का कहना है कि प्रशासन को उन लोगों की पहचान करनी चाहिए जिन्होंने फर्जी तरीके से आवास प्राप्त किया और आवंटन को निरस्त करना चाहिए। इस मुद्दे का समाधान प्रशासन को तत्काल उठाना चाहिए। कांशीराम आवास योजना के मकान आवंटन की गहन जांच की जाए, और यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल वास्तविक जरूरतमंदों को आवास दिया जाए। गैरकानूनी रूप से मकान प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का आवंटन तुरंत रद्द किया जाए। जिन लोगों ने इन मकानों का दुरुपयोग किया है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों को इस प्रक्रिया में भागीदार बनाना चाहिए ताकि वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान की जा सके। इस तरह से न केवल भ्रष्टाचार को रोका जा सकता है, बल्कि योजना के उद्देश्य को भी पूरा किया जा सकता है। कांशीराम आवास योजना का उद्देश्य गरीबों को घर प्रदान करना था, लेकिन भ्रष्टाचार और प्रशासन की लापरवाही ने इसे अपनी असल दिशा से हटा दिया है। यदि प्रशासन ने समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए, तो भविष्य में भी गरीबों का हक मारा जाता रहेगा। प्रशासन को इस मामले में त्वरित और सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि आवास योजना का वास्तविक लाभ उन तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत है।

# किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ दिलाने के लिए जुटा प्रशासन

**उतरौला (बलरामपुर)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। गुरुवार शाम एसडीएम अवधेश कुमार और तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने उतरौला तहसील क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक ग्राहक सेवा केंद्रों (सीएससी) का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों के ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम और तहसीलदार ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन और ई-केवाईसी प्रक्रिया के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को स्वयं पंजीकरण करने या सीएससी के माध्यम से अपनी जानकारी अपडेट करने के लिए प्रेरित किया। किसानों को यह भी बताया गया कि योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए पंजीकरण का सत्यापन आवश्यक है। एसडीएम अवधेश कुमार ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों को निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाई जाए और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने कहा कि युद्धस्तर पर किसानों के पंजीकरण और सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। पंजीकरण प्रक्रिया के निरीक्षण के बाद एसडीएम और तहसीलदार ने क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए की गई अलाव व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने बस स्टैंड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा, हाटनरोड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था का निरीक्षण किया और नियमित रूप से अलाव जलाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने ठंड से प्रभावित तमाम जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। यह पहल क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों को ठंड से राहत देने के लिए की गई। इस अवसर पर अम्मार रिज़्वी और जैन खान सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। प्रशासन ने किसानों और जरूरतमंदों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की बात कही। उतरौला तहसील में पीएम किसान सम्मान योजना के तहत किसानों के ई-केवाईसी और पंजीकरण प्रक्रिया को गति दी जा रही है।



- ई-केवाईसी और सत्यापन पर जोर

# कम्पोजिट विद्यालय मिर्जापुर जाने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील, पढ़ाई बाधित

**महुआ बाजार ( बलरामपुर )।** उतरौला डुमरियागंज मुख्य मार्ग से उतरौला के मिर्जापुर गांव व कंपोजिट विद्यालय को जाने वाला लगभग एक किलोमीटर लम्बा डामर रोड पिछले कई वर्षों से जगह-जगह टूट कर गड्ढे में तब्दील हो गया है। इसी तरह मनकापुर मार्ग से होकर ग्राम बनकटवा को जाने वाला मार्ग अधूरा छोड़ दिया गया है लगभग 6 माह पूर्व आधे सड़क का मरम्मत कर आधा सड़क को छोड़ दिया गया है जहां बड़ी-बड़ी गिट्टियां व छर्रीयां उखड़कर सड़क पर बिखरी पड़ी हैं। नीचे पड़े बड़े-बड़े पत्थर अब ऊपर आ गए हैं। जो वाहनों के टायरों, वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्राम वासियों व राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर तय करना पड़ता है। इस जर्जर



सड़क पर सभी का चलना दूभर हो गया है। रात के समय राहगीर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। ग्राम वासियों एवं राहगीरों का कहना है कि उतरौला डुमरियागंज मुख्य मार्ग से मिर्जापुर गांव व स्कूल तक जाने वाली सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। जिससे स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं राहगीरों एवं ग्राम वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस खराब सड़क पर जाने के लिए ई रिक्शा चालक तो बिल्कुल तैयार नहीं होते हैं। सरकार द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की बहुत सी घोषणाएं की हुई हैं, जिन पर विभागीय अधिकारी काम करने का दावा करते हैं। लेकिन जो सड़कें पहले से ही पक्की हैं और गड्ढों में तब्दील हो रही है उनकी तरफ न तो नुमाइंदों का ध्यान जा रहा है और न ही विभाग के कार्यालयों में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों का।

सड़कों की मरम्मत के लिए प्रति वर्ष करोड़ों रुपये का बजट विभागों में आता है। विभागीय अनदेखी के चलते यह रोड गड्ढों में तब्दील हो चुका है। गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को जान का जोखिम बना रहता है। विभागीय अधिकारी इस जर्जर सड़क के गड्ढे को भरवाने की जहमत तक नहीं उठा रहे हैं। पिछले कई साल से इस टूटी हुई सड़क को बनवाने की मांग ग्रामीण कर रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस को परंपरागत से मनाने हेतु तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



गणतन्त्र दिवस को परम्परागत , हर्षोल्लास एवं भव्यपूर्वक मनाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस को परंपरागत, हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए विस्तृत चर्चा की गई।

गणतंत्र दिवस पर जनपद के सभी सरकारी कार्यालय /अर्द्ध सरकारी कार्यालय/ शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा एवं राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जाएगा एवं गोष्ठी में अमर क्रांतिकारी एवं शहीदों के बलिदान को याद किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस लाइन में परेड तथा स्टेडियम से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकास भवन से सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की झांकी निकाल योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद स्मारक एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर विशेष रूप से आकर्षक लाइटिंग के साथ सजाया जाएगा इसके साथ ही साथ सभी सरकारी कार्यालय पर भी लाइटिंग की जाएगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नगर निकायों एवं ग्राम पंचायत में साफ सफाई का विशेष अभियान चलाया जाएगा। संयुक्त जिला चिकित्सालय साहित अन्य जिला चिकित्सालयों में मरीज को फल वितरण किया जाएगा।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त अधिकारी सभी कार्यक्रमों को अच्छी तरह से संपन्न कराएंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण एवं समाजसेवी उपस्थित रहें।

# सचमुच में होगी आप-दा में आप?

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दिनों दिल्ली वासियों को अरबों की परियोजनाओं का सौगात दिया है। शिलान्याध और लोकार्पण के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में मोदी ने जो जोश भरा उससे पार्टी प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं में नववर्ष में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। मोदी का स्लोगन आप-दा को नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे आज दिल्ली विधान चुनाव में पूरे जोर शोर से प्रचलित हो रहा है। प्रत्याशी और समर्थक दिल्ली में आप की भ्रष्टाचारी सरकार की फेहरिस्त पेश कर दिल्ली वासियों के लिए दस वर्षों से आप-दा बनी आप से निजात पाने और भ्रष्टाचार के सबूत पेशकर भाजपा सरकार लाने की खुशामद कर रहे हैं, आप के एक एक मंत्रियों के भ्रष्टाचार पर विस्मयबोधित चर्चा और मोदी का स्लोगन दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने में एक




बज्रास्त भी साबित हो सकता है। दिल्ली वासियों से मोदी ने अपील भी करते हुए स्पष्ट तौर पर कहा है कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है तो न सिर्फ जनकल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी, बल्कि इनमें व्याप्त भ्रष्टाचार को रोका जाएगा और ठेकेदारों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। जिसे अभी तक दिल्ली की आप सरकार सिर्फ कागजों पर चलाती रही और दिल्ली वासियों के लिए किसी आप-दा से कम नहीं रही। अपने भ्रष्टाचार छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर हमेशा तोहमत लगाती रही। जिसने पूरे दस साल बर्बाद किए। अब आम आदमी पार्टी को हार का डर सताने लगा है, इसलिए आप बहुत घबराई हुई है। इस लिए सम्मानित दिल्ली की जनता के बीच अफवाह फैला रही है कि उसकी सरकार जाने पर कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। बताते चलें पिछले दिनों आम आदमी पार्टी संयोजक केजरीवाल की पार्टी आप को मोदी ने आप-दा कह कर संबोधित किया था और आप-दा को नहीं सहेंगे,बदल कर रहेंगे जैसे नारे देकर पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन में जोश भरने का काम किया था, जिसका असर दिल्ली विधान सभा चुनाव में दिखता नजर आ रहा है। फिलहाल आरोप प्रत्यारोप के बीच दिल्ली विधान सभा चुनाव मुफ्त की योजनाओं और आर्थिक लाभ का वोट बैंक को आकर्षित करने का बेहतरीन फार्मूला बन गया है। दिल्ली की जनता का पलड़ा किसकी तरफ झुकता है इस पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं।

# प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ मेले का आध्यात्मिक एवं आर्थिक महत्व

*प्रहलाद सबनानी*

हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार कुंभ मेला एक धार्मिक महाआयोजन है जो 12 वर्षों के दौरान चार बार मनाया जाता है। कुंभ मेले का भौगोलिक स्थान भारत में चार स्थानों पर फैला हुआ है और मेला स्थल चार पवित्र नदियों पर स्थित चार तीर्थस्थलों में से एक के बीच घूमता रहता है, यथा, (1) हरिद्वार, उत्तराखंड में, गंगा के तट पर; (2) मध्य प्रदेश के उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर; (3) नासिक, महाराष्ट्र में गोदावरी के तट पर; एवं (4) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और पौराणिक अदृश्य सरस्वती के संगम पर। प्रत्येक स्थल का उत्सव, सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति की ज्योतिषीय स्थितियों के एक अलग सेट पर आधारित है। उत्सव ठीक उसी समय होता है जब ये स्थितियां पूरी तरह से व्याप्त होती हैं, क्योंकि इसे हिंदू धर्म में सबसे पवित्र समय माना जाता है। कुंभ मेला ऐसा आयोजन है जो आंतरिक रूप से खगोल विज्ञान, ज्योतिष, आध्यात्मिकता, अनुष्ठानिक परंपराओं और सामाजिक-सांस्कृतिक रीति-रिवाजों और प्रथाओं के विज्ञान को समाहित करता है, जिससे यह ज्ञान में बेहद समृद्ध हो जाता है।

कुम्भ मूल शब्द कुम्भक (अमृत का पवित्र घड़ा) से आया है। ऋग्वेद में कुम्भ और उससे जुड़े स्नान अष्ठान का उल्लेख है। इसमें इस अवधि के दौरान संगम में स्नान करने से लाभ, नकारात्मक प्रभावों के उन्मूलन तथा मन और आत्मा के कायाकल्प की बात कही गई है। अथर्ववेद और यजुर्वेद में भी कुम्भ के लिए प्रार्थना लिखी गई है। इसमें बताया गया है कि कैसे देवताओं और राक्षसों के बीच समुद्र मंथन से निकले अमृत के पवित्र घड़े (कुम्भ) को लेकर युद्ध हुआ। ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर कुम्भ को लालची राक्षसों के चंगुल से छुड़ाया था। जब वह इस स्वर्ग की ओर लेकर भागे तो अमृत की कुछ बूंदे चार पवित्र स्थलों पर गिरीं जिन्हें हम आज हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज के नाम से जानते हैं। इन्हीं चार स्थलों पर प्रत्येक तीन वर्ष पर बारी बारी से कुम्भ मेले का आयोजन किया जाता है।

कुम्भ मेला दुनिया में कहीं भी होने वाला सबसे बड़ा सार्वजनिक समागम और आस्था का सामूहिक आयोजन है। लगभग 45 दिनों तक चलने वाले इस मेले में करोड़ों श्रद्धालु गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती के पवित्र संगम पर स्नान करने के लिए आते हैं। मुख्य रूप से इस समागन में तपस्वी, संत, साधु, साध्वियां, कल्पवासी और सभी क्षेत्रों के तीर्थयात्री शामिल होते हैं। कुंभ मेले में सभी धर्मों के लोग आते हैं, जिनमें साधु और नागा साधु शामिल हैं, जो साधना करते हैं और आध्यात्मिक अनुशासन के कठोर मार्ग का अनुसरण करते हैं, संन्यासी जो अपना एकांतवास छोड़कर केवल कुंभ



**प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ का आध्यात्मिक महत्व तो है ही, साथ ही, आज के परिप्रेक्ष्य में इस महाकुम्भ का आर्थिक महत्व भी है। प्रत्येक 3 वर्षों के अंतराल पर आयोजित होने वाले कुम्भ के मेले में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु ईश्वर की पूजा अर्चना हेतु प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में पहुंचते हैं। प्रयग्राज में आयोजित तो रहे महाकुम्भ की 44 दिनों की इस इस पूरी अवधि में प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालुओं के भारत एवं अन्य देशों से प्रयागराज पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, इस प्रकार, कुल मिलाकर लगभग 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुगण उक्त 44 दिनों की अवधि में प्रयागराज पहुंचेंगे। करोड़ों की संख्या में पहुंचने वाले इन श्रद्धालुगणों द्वारा इन तीर्थस्थलों पर अच्छी खासी मात्रा में खर्च भी किये जाने की सम्भावना है। जिससे विशेष रूप से स्थानीय अर्थव्यवस्था को तो बल मिलेगा ही, साथ ही करोड़ों की संख्या में देश में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित होंगे एवं होटल उद्योग, यातायात उद्योग, पर्यटन से जुड़े व्यवसाय, स्थानीय स्तर के छोटे छोटे उद्योग एवं विभिन्न उत्पादों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यापारियों के व्यवसाय में भी अतुलनीय वृद्धि होगी। इस प्रकार, देश की अर्थव्यवस्था को भी, महाकुम्भ मेले के आयोजन से बल मिलने की भरपूर सम्भावना है।**

मेले के दौरान ही सभ्यता का भ्रमण करने आते हैं, अध्यात्म के साधक और हिंदू धर्म का पालन करने वाले आम लोग भी शामिल हैं। कुंभ मेले के दौरान अनेक समारोह आयोजित होते हैं; हाथी, घोड़े और रथों पर अखाड़ों का पारंपरिक जुलूस, जिसे पेशवाई कहा जाता है, शाही स्नान के दौरान चमचमाती तलवारें और नागा साधुओं की रस्में, तथा अनेक अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां, जो लाखों तीर्थयात्रियों को कुंभ मेले में भाग लेने के लिए आकर्षित करती हैं।

महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज में 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। यह एक हिंदू त्यौहार है, जो मानवता का एक स्थान पर एकत्र होना भी है। 2019 में प्रयागराज में अर्ध कुंभ मेले में दुनिया भर से 15 करोड़ पर्यटक आए थे। यह संख्या 100 देशों की संयुक्त आबादी से भी अधिक है। यह वास्तव में यूनेस्को द्वारा अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में सूचीबद्ध है। कुंभ मेला कई शताब्दियों से मनाया जाता है। प्रयागराज कुंभ मेले का सबसे पहला उल्लेख वर्ष 1600 ई. में मिलता है और अन्य स्थानों पर, कुंभ मेला 14वीं शताब्दी की शुरुआत में आयोजित किया गया था। कुंभ मेला बेहद पवित्र और धार्मिक मेला है और भारत के साधुओं और संतों के लिए विशेष महत्व रखता है। वे वास्तव में पवित्र नदी के जल में स्नान करने वाले पहले व्यक्ति होते हैं। अन्य लोग इन साधुओं के शाही स्नान के बाद ही नदी में स्नान कर सकते हैं। वे अखाड़ों से संबंधित हैं और कुंभ मेले के दौरान बड़ी संख्या में आते हैं। घाटों की ओर जाते समय जब वे भजन, प्रार्थना और मंत्र गाते हैं, तो उनका जुलूस देखने लायक होता है।

कुंभ मेला प्रयागराज 2025 पौष पूर्णिमा के दिन शुरू होता है, जो 13 जनवरी 2025 को है और 26 फरवरी 2025 को समाप्त होगा। यह पर्यटकों के लिए भी जीवन में एक बार आने वाला अनुभव है। टेंट और कैंप में रहना आपको एक गर्मजोशी भरा एहसास देता है और रात में तारों से भरे आसमान को देखना अपने आप में एक अलग ही अनुभव है। कुंभ मेले में सत्संग, प्रार्थना, आध्यात्मिक व्याख्यान, लंगर भोजन का आनंद सभी उठा सकते हैं। महाकुंभ मेला 2025 में गंगा नदी में पवित्र स्नान, नागा साधु और उनके अखाड़े से मिलें। बेशक, यह कुंभ मेले का नंबर एक आकर्षण है। कुंभ मेले के दौरान अन्य आकर्षण प्रयागराज में घूमने लायक जगहें हैं जैसे संगम, हनुमान मंदिर, प्रयागराज किला, अक्षयवट और कई अन्य। वाराणसी भी प्रयागराज के करीब है और हर पर्यटक के यात्रा कार्यक्रम में वाराणसी जाना भी शामिल है। महाकुम्भ 2025 में आयोजित होने वाले कुछ मुख्य स्नान पर्व निम्न प्रकार हैं -

मुख्य स्नान पर्व 13.01.2025
मकर संक्रान्ति 14.01.2025
मौनी अमावस्या 29.01.2025
बसंत पंचमी 03.02.2025
माघी पूर्णिमा 12.02.2025
महाशिवरात्रि 26.02.2025

प्रयागराज का अपना एक एतिहासिक महत्व रहा है। 600 ईसा पूर्व में एक राज्य था और वर्तमान प्रयागराज जिला भी इस राज्य का एक हिस्सा था। उस राज्य को वत्स के नाम से जाना जाता था और उसकी राजधानी कौशाम्बी थी, जिसके अवशेष आज भी प्रयागराज के दक्षिण पश्चिम में स्थित है। गौतम बुद्ध ने भी अपनी तीन यात्राओं से इस शहर को सम्मानित किया था। इसके बाद, यह क्षेत्र मौर्य शासन के अधीन आ गया और कौशाम्बी को सम्राट अशोक के एक प्रांत का मुख्यालय बनाया गया। उनके निर्देश पर कौशाम्बी में दो अखंड स्तम्भ बनाए गए जिनमें से एक को बाद में प्रयागराज में स्थानांतरित कर दिया गया। प्रयागराज राजनीति और शिक्षा का केंद्र रहा है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय को पूरब का ऑक्सफोर्ड कहा जाता था। इस शहर ने देश को तीन प्रधानमंत्रियों सहित कई राजनैतिक हस्तियां दी हैं। यह शहर साहित्य और कला के केंद्र के साथ साथ भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का भी केंद्र रहा है।

प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ का आध्यात्मिक महत्व तो है ही, साथ ही, आज के परिप्रेक्ष्य में इस महाकुम्भ का आर्थिक महत्व भी है। प्रत्येक 3 वर्षों के अंतराल पर आयोजित होने वाले कुम्भ के मेले में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु ईश्वर की पूजा अर्चना हेतु प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में पहुंचते हैं। प्रयग्राज में आयोजित तो रहे महाकुम्भ की 44 दिनों की इस इस पूरी अवधि में प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालुओं के भारत एवं अन्य देशों से प्रयागराज पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, इस प्रकार, कुल मिलाकर लगभग 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुगण उक्त 44 दिनों की अवधि में प्रयागराज पहुंचेंगे। करोड़ों की संख्या में पहुंचने वाले इन श्रद्धालुगणों द्वारा इन तीर्थस्थलों पर अच्छी खासी मात्रा में खर्च भी किये जाने की सम्भावना है। जिससे विशेष रूप से स्थानीय अर्थव्यवस्था को तो बल मिलेगा ही, साथ ही करोड़ों की संख्या में देश में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित होंगे एवं होटल उद्योग, यातायात उद्योग, पर्यटन से जुड़े व्यवसाय, स्थानीय स्तर के छोटे छोटे उद्योग एवं विभिन्न उत्पादों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यापारियों के व्यवसाय में भी अतुलनीय वृद्धि होगी। इस प्रकार, देश की अर्थव्यवस्था को भी, महाकुम्भ मेले के आयोजन से बल मिलने की भरपूर सम्भावना है।

**(लेखक, आर्थिक विषयों के विशेषज्ञ एवं स्तम्भकार हैं।)**


## विचार

# क्या शिक्षा का अधिकार ऐसे ही सार्थक होगा?

*राकेश दुबे*

यदि हमारे देश भारत के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निःस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है।

स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। देश में आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो




गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं, समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें।

जरूरत इस बात की है कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं, दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 प्रतिशत स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। दूसरी ओर 53 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा?

विडंबना यह है कि वंचित समाज व कमजोर वर्ग के परिवारों में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके पास न तो कंप्यूटर है और न ही स्मार्ट फोन। दरअसल, उनके परिवारों के जीवन यापन का संघर्ष इतना बड़ा है कि कंप्यूटर व स्मार्ट फोन उनकी प्राथमिकता नहीं बन सकते। चिंता की बात यह है कि निम्न मध्यवर्गीय लोग तो निजी स्कूलों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, लेकिन कमजोर वर्ग के विद्यार्थी कहां जाएंगे? दरअसल, मौजूदा दौर में सिर्फ साक्षरता से खुश नहीं हुआ जा सकता, जरूरत गुणवत्ता की शिक्षा की भी है। ताकि स्कूल से निकलकर विद्यार्थी देश-दुनिया के साथ कदमताल कर सकें।

मंथन इस बात को लेकर भी होना चाहिए कि क्यों लाखों बच्चे स्कूलों की दहलीज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। आखिर क्यों छात्र स्कूल में दाखिला लेने के बाद पढ़ाई बीच में छोड़कर जा रहे हैं? शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब सामाजिक विसंगतियां दूर होंगी। यहां सवाल स्कूलों में शिक्षकों व छात्रों के अनुपात का भी है। यह ठीक है कि स्कूलों के भवनों के स्तर में सुधार हुआ है, स्कूलों में बिजली, पानी व जेंडर अनुकूल शौचालय बने हैं। लेकिन हमारी प्राथमिकता केवल स्कूलों में संरचनात्मक विकास ही नहीं होना चाहिए, बल्कि शैक्षिक वातावरण भी बच्चों की पढ़ाई के अनुकूल होना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## साहित्य



# नई भोर

**अनिल मिश्र प्रहरी**

खुशी से सराबोर होगी
कहेगी मुबारक मुबारक
कहेगी बधाई बधाई

आज की रंगीन हलचल
दिल कमल को खिला गई
मस्त मेला मिलन बेला
दिल से दिल को मिला गई
रात रानी की महक
हर ओर होगी
कल जो नई भोर होगी
खुशी से सराबोर होगी।
कहेगी बधाई बधाई!

चांदनी इस नील नभ में
नव उमंग चढ़ा गई
और ऊपर और ऊपर
मन पतंग उड़ा गई
सुबह के कोमल करों
में डोर होगी
कल जो नई भोर होगी
खुशी से सराबोर होगी।
कहेगी बधाई बधाई!

यामिनी सबके ह्रदय में
अमृत कोष बना गई
हीर कनियों सी दमकती
मधुर ओस बना गई
स्नेह से भीगी सुबह की
पोर होगी
कल जो नई भोर होगी
खुशी से सराबोर होगी।
कहेगी बधाई बधाई





# राशिफल

**मेषः**- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**वृषभः**- नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः**- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः**- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः**- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः**- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः**- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकरः**- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः**- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीनः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# भारत के उत्थान की प्रेरणा है राष्ट्र मंदिर

*हितानंद शर्मा*

अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय वह अभिजीत मुहूर्त, जब प्राण-प्रतिष्ठा कर रामलला के नेत्रों से पट्टिका हटाई गई तो पूरे विश्व के सनातन संस्कृति के उपासकों के नेत्रों में श्रद्धा, आस्था, आनंद और प्रतीक्षा के आँसू थे। पौष शुक्ल द्वादशी, 22 जनवरी 2024 केवल अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव का दिवस नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की दृष्टि और विचारों के परिवर्तन की उपलब्धि का दिन है। पीढ़ियों की तपस्या, त्याग, बलिदान और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या ने इस शुभ घड़ी का स्वागत किया था।

भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा से आनंदित, उत्साहित यह वही अयोध्या है जिसके परिचय में अथर्व वेद में उल्लेख आता है कि -

अष्ट चक्रा नव द्वारा देवाना पूः अयोध्या। तस्या हिरण्यमय-कोश स्वर्गो ज्योतिषावृतः।।

अयोध्या, जिसका अर्थ ही है जो अजेय है, अपराजित है। सहस्रों वर्षों तक अयोध्या अपने स्वर्णिम इतिहास के लिए जानी जाती रही। वही अयोध्या जहाँ हिन्दू समाज के आराध्य श्रीराम का जन्म सकल लोक के मंगल के लिए हुआ। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी अयोध्या का वर्णन कुछ इस प्रकार करते हैं-

विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार। निज इच्छा निर्मित प्रभु माया गुन गो पार।।

हिन्दू समाज की आस्था के केंद्र, समरसता, नैतिकता व कर्तव्यपालन का बोध कराने वाले श्रीराममंदिर का कालांतर में विध्वंस कर मुगल आक्रांताओं द्वारा गुलामी के प्रतीक के रूप में बाबरी मस्जिद बना दी गई। इसके बाद 1528 से ही आरंभ हुए श्रीराममंदिर आंदोलन का 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय पर विराम हुआ। 5 अगस्त 2020 को भूमिपूजन के साथ करोड़ों लोगों की भावनाओं ने विविध प्रकार से उत्सव की अभिव्यक्ति की। यह एक ऐसा आंदोलन रहा जिसमें साधु-संतों ने युद्ध भी किया और वे आध्यात्मिक जागरण के केंद्र भी बने। बैरागी अभिराम दास (योद्धा साधु), राममंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष महंत रामचन्द्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ व देवरहा बाबा ने संपूर्ण आंदोलन को एक दिशा प्रदान की। कोठारी बन्धुओं के बलिदान को हिन्दू समाज भला कैसे विस्मृत कर सकता है? विष्णु डालमिया, अशोक सिंहल वे तेजपुंज हैं, जिन्होंने सनातन ऊर्जा को संग्रहीत कर इस पवित्र कार्य से जोड़ा।

मंदिर आंदोलन के मूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित ही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने पूरे आंदोलन में जनजागरण करते हुए आस्था के उच्चतम प्रतिमानों को विश्वव्यापी स्वरूप दिया। विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विचार परिवार के सभी संगठनों ने अपनी पूर्ण सामर्थ्य के साथ तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहब देवरस की मंशा के अनुरूप धैर्यपूर्वक योजनाबद्ध आंदोलन किए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में देशव्यापी रथयात्रा ने पूरे भारत में वातावरण का निर्माण किया तो असंख्य कारसेवकों के बलिदान ने राम राष्ट्र के इस यज्ञ में समिधा का कार्य किया। मंदिर आंदोलन के इतिहास में अनेक बलिदानियों के रक्त व उनके परिजनों के त्याग का बिंदु समाहित है। राममंदिर के प्रति समाज की आस्था इतनी प्रबल रही है कि जब श्रमदान आवश्यक था तब श्रमदान किया। वहीं राष्ट्रमंदिर को भव्यता और दिव्यता देने के लिए निधि समर्पण अभियान में जाति, वर्ग, दल, समूह के सभी बंधनों को ध्वस्त करते हुए जिससे जो बन पड़ा उसने भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पण किया।

भारतीय पंचांग के अनुसार पौष शुक्ल द्वादशी के आज ही के दिन जो पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को पड़ी थी, भगवान के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी। संपूर्ण भारत की आस्था के केंद्र श्रीराम मन्दिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना को बल मिला और देशवासियों में स्वाभिमान का जागरण हुआ। वहीं जो लोग मन्दिर निर्माण का विरोध कर रहे थे उनके सारे अवरोधों का प्रति उत्तर भी इस एक वर्ष में मिला। प्राण-प्रतिष्ठा से आज प्रथम वर्षगांठ तक असंख्य दर्शनार्थियों ने न केवल रामलला के दर्शन किए बल्कि अयोध्या सहित आस-पास के क्षेत्र के आर्थिक तंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

नागर शैली में निर्मित अलौकिक सुंदरता से परिपूर्ण श्रीराम मंदिर की लंबाई पूर्व से पश्चिम 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट व ऊंचाई 161 फीट है। भव्य तीन मंजिला मंदिर में 392 स्तंभ और 44 द्वार हैं। भूतल में प्रभु श्रीराम का मोहक बाल रूप तो प्रथम तल में श्रीराम दरबार का गर्भगृह है। नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना व कीर्तन मंडप है। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी विराजित हैं। मंदिर के समीप ही पौराणिक काल का सीताकूप रहेगा। 732 मीटर लंबे व 14 मीटर चौड़े चहुंमुखी आयताकार परकोटे के चार कोनों पर भगवान सूर्य, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में ही महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व देवी अहिल्या के मंदिर प्रस्तावित हैं। यह मात्र एक मंदिर नहीं बल्कि भारत की संस्कृति और अस्मिता का प्रतीक है। एक स्वाभिमानी राष्ट्र अपने ऐसे ही प्रतीकों से ऊर्जा प्राप्त करता है। राम मंदिर भारत की चेतना का पर्याय है और इसका भी कि राम जन-जन की स्मृति में कितने गहरे रचे-बसे हैं। यह आधुनिक विश्व के इतिहास में पहली बार है, जब किसी समाज ने अपने प्रेरणा पुरुष के जन्मस्थान एवं उनके उपासना स्थल को अतिक्रमण और अवैध कब्जे से न्यायपूर्वक छुड़ाने में सफलता प्राप्त की। इसी कारण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने देश-विदेश में कोने-कोने में बसे भारतीयों को भाव विभोर कर दिया था। प्राण-प्रतिष्ठा भारत ही नहीं, विश्व इतिहास में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व का सबसे बड़ा आयोजन था। इस आयोजन को लेकर उमड़ा भावनाओं का ज्वार ऐसे अनेक प्रश्नों का उत्तर दे रहा था कि राम मंदिर का निर्माण क्यों आवश्यक था और हिंदू समाज उसके लिए इतनी व्यग्रता से क्यों प्रतीक्षा कर रहा था? अच्छा होता कि यह प्रतीक्षा स्वतंत्रता के बाद ही पूरी हो जाती, किंतु संकीर्ण राजनीतिक कारणों और सेक्युलरिज्म की विजातीय-विकृत अवधारणा के चलते ऐसा नहीं हो सका। यह विडंबना ही रही कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की हिंदू समाज की सदियों पुरानी स्वाभाविक अभिलाषा की अनदेखी की गई।

जिस अयोध्या को अवनी की अमरावती और धरती का बैकुंठ कहा गया, वह सदियों तक अभिशप्त थी, उपेक्षित रही, सुनियोजित तिरस्कार झेलती रही। अपनी ही भूमि पर सनातन आस्था पद दलित होती रही, किंतु राम का जीवन हमें संयम की शिक्षा देता है और भारतीय समाज ने संयम बनाए रखा। समय के साथ समाज का संकल्प भी दृढ़ होता गया और आज समस्त सृष्टि अयोध्या के वैभव को निहार रही है। यह धर्म नगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में प्रतिष्ठित हो रही है। संकल्प और साधना की सिद्धि के लिए, हमारी प्रतीक्षा की इस समाप्ति के लिए और संकल्प की पूर्णता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों का भी अभिनंदन है। एक दूरद्रष्टि लेकर भारत के न भूतो न भविष?यति के स्वर्णिम अवसर को साकार करने में उनकी महती भूमिका रही। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आध्यात्मिक अनुष्ठान है। यह राष्ट्र मंदिर है। अब भारत को भव्य बनाने के संकल्प को पूर्ण करने की बारी है और भगवान श्रीराम का मंदिर इसकी प्रबल प्रेरणा है। ऐसा होना निश्चित ही है क्योंकि इस प्राण प्रतिष्ठा से समस्त दिशाओं से शुभ संकेत मिलना आरंभ हो ही चुका है। गोस्वामी तुलसीदास जी की इन पंक्तियों के साथ- ऽमोरे जिय भरोस दृढ़ सोई, मिलहि राम सगुन सुभ होई.'' शुभमस्तु।

**(लेखक, भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के संगठन महामंत्री हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# गौशाला का बीडीओ ने किया निरीक्षण, दिए आदेश

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



गौशालाओं में बंद अन्ना जानवरों के उचित रखरखाव तथा भीषण सर्दी से बचाव हेतु किये गए विशेष प्रबंधों का खंड विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण कर अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। विकासखंड क्षेत्र के परछा गांव में स्थित वृहद गौशाला का शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी दुर्योधन ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने गौशाला में मौजूद गायों के लिए उपलब्ध भूसाए हरा चाराए पानी की व्यवस्था तथा साफ सफाई एवं सर्दी से बचाव हेतु किये गए विशेष प्रबंधों सहित अन्य बिंदुओं का स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें खंड विकास अधिकारी ने गौशाला में उचित साफ सफाई बनाए रखने के लिए अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए तथा कहा कि पड़ रही भीषण सर्दी से जानवरों को बचाना अपनी पहली प्राथमिकता में शामिल करें। गौशाला में बंद अन्ना जानवरों के उचित रखरखाव एवं बीमार होने वाले जानवरों के ईलाज के बारे में चौकीदारों से त्वरित पशु चिकित्साधिकारियों को सूचना देने की बात कही। इस दौरान खंड विकास अधिकारी के साथ अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रूद्र प्रतापए पंचायत सचिव गिरीश चंद्र तथा ग्राम प्रधान सहित चौकीदार मौजूद रहे।

## दो ट्रकों की टक्कर में युवक घायल

**मौदहा हमीरपुर।** नेशनल हाईवे में शुक्रवार की सुबह भयंकर कोहरे होने से दो ट्रकों में आपसी टक्कर हो गई जिसमें एक युवक घायल हो गया लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मवइया गांव के निकट दो ट्रक घने कोहरे के बीच दिखाई कम देने पर आपस में टकरा गए जिसमें प्रदीप 25 वर्ष पुत्र जगदीप रमदीश बलरामपुर निवासी को गंभीर चोट आने पर लहूलुहान हालत में साथी अशोक एवं राजगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिये वजन मशीन वितरण किया गया

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय विकास खंड कार्यालय सभागार में कुपोषण से बच्चों को बचाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों बैठक संपन्न हुई कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मौजूद रहे।

विकास खंड कार्यालय में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की बैठक कुपोषण से बच्चों के बचाव के लिए वजन मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा किया गया। जिसमें जिला अधिकारी घनश्याम मीणा ने संबोधित करते हुए बताया कि शैशव अभियान एक कदम सुपोषण की ओर के तहत आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चो का वजन कराकर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन किए जाने का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री करें तथा इलाज के द्वारा इनके स्वास्थ्य में सुधार किया जाए। जिन केंद्र में बच्चों के वजन करने की मशीन नहीं है। उनको आज मशीन का वितरण किया गया। बच्चों के वजन की तौल करने वाली दस मशीन का तथा वयस्क की तौल करने वाली चार मशीन का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा गीतम सिंह कुरारा प्रभारी डॉ. सुनील कुमार जायसवाल, खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह सहित आदि मौजूद रहे। ग्रामीण क्षेत्र में कुल 146 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित है। जिसमें बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा 101 बच्चो के वजन तौल करने वाली मशीन व 85 वयस्क की तौल करने वाली मशीन की मांग की गई थी। जिन केंद्र की मशीन खराब थी उनके लिए मांग की गई थी आज दस बच्चो के तौल करने वाली मशीन व चार वयस्क तौल करने वाली मशीन का वितरण किया गया है।

### पछहिया लोहार ने डीएम को बतायी अपनी समस्या

**कुरारा।** खंड विकास कार्यालय में वजन मशीनों का वितरण करते समय खण्ड विकास कार्यालय के सामने डेरा लगा पछहिया लोहार अपनी शिकायत लेकर पहुच गए जिसमे हसीनाए अजयए काजलए गंगाराम आदि ने जिलाधिकारी को बताया कि इस भीसड सर्दी में नगर पंचायत द्वारा कोई भी सहायता नही की जा रही है न ही अलाव के लिए लकड़ी दी जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से बताया कि नगर पंचायत की गाड़ियां लकड़ी लेकर निकलती गई मांगने पर उन्हें डांटकर भगा दिया जाता है। जिलाधिकारी ने उक्त शिकायत कर्ताओ को कंबल का वितरण किया। वही खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता से उन्हें लकड़ी आदि की व्यवस्था करवाये जाने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### गरीब जन कल्याण फाउंडेशन ने वितरित किए कंबल



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** गरीब जन कल्याण फाउंडेशन के द्वारा नगर के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ पाण्डेय के द्वारा केन्द्रीय कार्यालय में पदाधिकारियों को नव वर्ष के मौके पर बैठक कर पदाधिकारियों को मिष्ठान एवं गर्म कम्बल वितरित किए गए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ पाण्डेय ने बताया कि वर्ष के शुभारम्भ सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाओं के साथ अन्य सामग्री गरीब जन कल्याण फाउंडेशन प्रदान की गई। राजनाथ पाण्डेय के मुताबिक जन जन तक शिक्षा पहुंचाने की मुहिम के तहत फाउंडेशन कार्य कर रही हैं। राष्ट्रीय महामंत्री सरिता चंदेल ने बताया कि विगत कई वर्षों से नगर सहित प्रदेश के कई जिलों में फाउंडेशन के द्वारा जरूरतमंदों को समय समय पर वस्त्र खाद्य एवं पाठ्य सामग्री सहित दवाएं नि:शुल्क वितरित की जा रही हैं। तथा 13 जनवरी को दर्शनपुरवा केन्द्र में निर्धन बच्चो को गर्म कपड़े जैसे इनर पैजामी वितरित कर मकर संक्रांति पर्व के तहत विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया जाएगा। जिसमे हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रोहित सिंह महामंत्री सरिता सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गा सिंह रामेश्वर शर्मा कोषाध्यक्ष अमित सिंह पदमिनी तिवारी सीमा देवी रचना देवी अंजुला तिवारी चांदनी शर्मा सोनी शबनम शगुन सोनी सीमा कृष्णकांत गुप्ता रवि मिश्रा प्रियंका कल्पना पूजा सिंह पूजा अग्निहोत्री सुप्ती मोहित्रा प्राची श्रीवास्तव सौरभ पाण्डेय सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

### खाद की सूचना मिलते ही समिति में लगी भीड़, समस्या ज्यो की त्यो




**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के पीसीएफ केंद्र में यूरिया का वितरित होने की खबर फैलते ही केंद्र में किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई। खाद लेने के चक्कर में महिला किसानों को धक्का–मुक्की का सामना करना पड़ा हालांकि बगैर पुलिस बल के केंद्र प्रभारी ने किसानों को खाद्य वितरित की। वर्तमान समय में नगर समेत क्षेत्र का किसान यूरिया खाद के लिए परेशान हाल भटक रहा है। नगर समेत क्षेत्र की किसान सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों के सामने यूरिया खाद की समस्या मुँह बाए खड़ी है वहीं समितियों में आने वाली खाद किसानों के सामने ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है जिसके चलते अधिकांश किसान बाजार से महंगे दामों में यूरिया खाद लेकर अपने खेतों में डाल रहे हैं। शुक्रवार को नगर के पीसीएफ केंद्र में यूरिया खाद आने की खबर फैलते ही वहां किसानों की भीड़ जमा हो गई। केंद्र खुलने के पूर्व किसानों की लंबी–लंबी लाइने लग गई। खाद लेने के चक्कर में महिला किसानों को धक्का मुक्की का सामना भी करना पड़ा। केंद्र प्रभारी रमा शंकर ने किसानों को संख्या को देखते हुए प्रति किसान तीन बोरी खाद यूरिया खाद वितरित की। प्रभारी ने बताया कि उनके पास 1100 बोरी यूरिया खाद उपलब्ध है आज जो किसान खाद पाने से वंचित रह गए हैं उन्हें शनिवार की सुबह खाद वितरित की जाएगी। गुरुवार की रात राजमार्ग में गहबरा चौकी के समीप कुछ किसानों ने एक ट्राली में लदी 150 बोरी यूरिया खाद को रोक रीवन के केंद्र प्रभारी पर खाद की कालाबाजारी करने का आरोप लगा हंगामा काटा था जबकि केंद्र प्रभारी ने उक्त खाद कई किसानों की बात कही थी। मामला बढ़ने पर उपजिलाधिकारी ने इस मामले की जांच करने को संबंधित कृषि अधिकारी को लगाया था।

### ठंड से बचाव के लिए गौशाला में हुई अलाव, चोखर, गुड और अजवायन की व्यवस्था



**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।** जिला अधिकारी महोबा मृदुल चौधरी के निर्देश पर गोवंश को ठंड से बचाव लिए गोशाला में जलवाये अलाव भूसा चारे की पर्याप्त व्यवस्था हेतु दिए गए निर्देश पर डीडीओ/बीडीओ पंकज कुमार यादव एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी एडीओ आईएसबी चेतराम वर्मा ,पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमडी सिंह राजपूत ने चरखारी ब्लाक क्षेत्र के गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत अस्थौन एवं अकठौहां गोशाला में से। स्वयं गोशाला में पहुंच कर गोवंश को ठंड से बचाव हेतु साफ सफाई कराकर अलाव जलवाए। ग्राम पंचायत अस्थौन ,एवं अकठौहा में गोवंश को ठंड से बचाव हेतु टीन सेड में पालीथीन ,साफ सफाई अलाव भूसा चारे,चोकर गुड़ अजवायन की व्यवस्था प्रधान गीता देवी, काशीप्रसाद ने कराई। अस्थौन, अकठौहां, गोशाला का पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमपी सिंह राजपूत व सचिव रमेश गुप्ता ने निरिक्षण करते हुए व्यवस्था को परखा। वहीं, अकठौहा, अस्थौन आदि गौशालाओं में गोवंश को ठंड से राहत के लिए गोशाला में टीन सेड, पालीथीन,व खाने के लिए भूसा हरे चारे, पेयजल आदि की व्यवस्था दुरुस्त कराई। इस मौके पर अकठौहां प्रधान काशी प्रसाद, ग्राम प्रधान अस्थौन, गीता देवी, सचिव रमेश गुप्ता आदि ने गोशाला का निरिक्षण किया।

### राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने पत्रकार की हत्या के विरोध में दिया ज्ञापन



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** पत्रकारों के संगठन राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजिस्टर्ड के महोबा जिला अध्यक्ष नरेंद्र नायक के नेतृत्व में पत्रकारों ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले में बीजापुर जिले के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या किए जाने पर विरोध प्रदर्शन करते हुए आज महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोबा के माध्यम से दिया गया बताते चलें कि दिनांक 1 जनवरी 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले में पत्रकार की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी इसके विरोध में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के पदाधिकारियों द्वारा आज एक ज्ञापन राष्ट्रपति महोदय को संबोधित जिला अधिकारी महोबा को सौंपा गया जिसमें सरकार से मांग की गई है कि पीड़ित पत्रकार के परिवार को 5 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए साथ ही साथ हत्यारे को फांसी की सजा सुनिश्चित करने की मांग की गई है ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकारिता की वजह से पत्रकारों से बहुत से गलत काम करने वाले लोग बुराई मानने लगते हैं जिससे पत्रकारों की जान जोखिम में बनी रहती है और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों में भय व्याप्त रहता है। इसलिए सरकार को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों की सुरक्षा के लिए शीघ्र से शीघ्र पत्रकार सुरक्षा बिल पास करके पत्रकारों के जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते समय जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार नायक के अलावा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजिस्टर्ड) संगठन के जिला प्रभारी महंत जुगुल किशोर द्विवेदी, जिला महासचिव आलोक शर्मा जिला सचिव हरिओम सोनी चित्रकूट धाम मंडल प्रभारी आनंद तिवारी, पत्रकार भगवती प्रसाद सोनी सहित एक दर्जन के लगभग पत्रकारों की मौजूदगी रही।

# धर्म परिवर्तन कराने पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, चार को भेजा जेल

- बीमारी ठीक कराने को लेकर किया जा रहा था नाटक, इसके पहले भी कई लोगों के साथ हो चुकी है घटनाएं

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर में एक हिंदू परिवार को बरगला कर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बना रहे मौलानाओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है, नगर के पूर्वी तरौस वार्ड नंबर एक निवासी उर्मिला वर्मा पत्नी अजीत वर्मा ने पुलिस को बताया कि दो साल से वह बीमार चल रही है। इसी बीच उसकी नूरुद्दीन पुत्र शकूर उर्फ बुद्धू निवासी छिपटहरी मर्दाना नाका बांदा से नगर के मथुरा मंदिर के पास मुलाकात होने पर उसने घर में मजार बना फतिया करने पर तबीयत ठीक होने की बात कही। 10 जनवरी को नूरुद्दीन अपने भतीजे मेराज हसन निवासी छिपटहरी बांदा खालिक पुत्र अज्ञात निवासी रागौल इरफान पुत्र स्वर्गीय यूनुस खान निवासी हुसैनगंज मौदहा व मोहम्मद हनीफ पुत्र अच्छे पूर्वी तरौस मौदहा मेरे घर आकर कमरे में बनी मजार में फतिहा पढ़ने लगे और मेरे पति से धर्म परिवर्तन करने की बात कही जिस पर मेरे द्वारा धर्म परिवर्तन को मना करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी तक दे डाली। इस घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचे आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेने के बाद घटना की जांच पड़ताल करते हुए उपर्युक्त पांचो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर नूरुद्दीन खालिद इरफान व मोहम्मद हनीफ को जेल भेज दिया है जबकि पुलिस को पांचवें आरोपी मेंराज हसन की तलाश कर रही है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह का कहना है कि घटना की जानकारी होते ही पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाही की जा रही है। यह घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत



**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के डामर गांव में हाइवे किनारे पुलिया निर्माण के लिए सीमेंट बालू का मसाला बना रहे मजदूर को बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दिया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे कुरारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए। वहां से जिला अस्पताल रिफर किया गया। इलाज के दौरान मजदूर की जिला अस्पताल में दर्दनाक मौत हो गई। परिजनो का रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र के डामर गांव निवासी नीतू अनुरागी (36) पुत्र रामरतन गांव के मुल्लू चौधरी विद्यालय के पास हाइवे किनारे ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्य पुलिया का कराया जा रहा था। जिसमें मजदूरी कर रहा था। दोपहर में कस्बा कुरारा से बाइक चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुपसे घायल हो गया। जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी।

## हाईवे पर बाइक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कानपुर सागर नेशनल हाईवे के सुमेरपुर कस्बे स्थित फैक्ट्री एरिया के निकट कोहरे की वजह से ई-रिक्शा और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। घटना से मृतक के घर कोहराम मचा हुआ है। सुमेरपुर कस्बे के वार्ड 12 चांदथोक निवासी 62 वर्षीय बद्री प्रसाद गुप्ता ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार की सुबह बद्री प्रसाद फैक्ट्री एरिया से ई-रिक्शा लेकर कस्बे की ओर आ रहा था। हाईवे पर कोहरे की वजह से ई रिक्शा और सामने से आ रही बाइक में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा चकनाचूर हो गया और उसमें सवार बद्री प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शा चालक को पीएचसी पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसकी मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में लगी है। घटना की सूचना जैसे ही मृतक के घर पहुंची वैसे ही कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## एसडीएम ने ग्राम प्रधानों संग की बैठक, समस्याएं सुन दिया निस्तारण का आश्वासन

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार दोपहर बाद उप जिला अधिकारी यादवेंद्र सिंह ने तहसील सभागार में ग्राम प्रधानों संग बैठक की और उनकी समस्याएं सुनी, उप जिला अधिकारी एक–एक प्रधान से गाव की समस्या सुनने के बाद सभी प्रधानों की समस्याएं हल करने का आश्वासन दिया इस मौके पर ग्राम प्रधान धरमंगदपुर धुरु सिह सचिन, बीरबल अकबरपुर ग्राम प्रधान रामकिशोर निषाद, सजेती ग्राम प्रधान उर्मिला सोनकर डुहरु ग्राम प्रधान रामकरण सिंह, अजौरी ग्राम प्रधान मनोज दिवाकर, टिकवापुर ग्राम प्रधान नागेंद्र तिवारी, निमधा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल सचान सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे, मालूम हो कि ग्रामीण अंचल के कई प्रधान एसडीएम को ज्ञापन देने आज तहसील पहुंचे थे इसी बीच एसडीएम ने उनसे बैठक करके समस्याओं को सुनने की बात कही थी।

# ग्रामीणों ने महिला आयोग की सदस्या को समस्याओं की दी जानकारी

- अपनादल एस के जिलाध्यक्ष के यहां जाकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुईं, गोहांड में भी हुआ जोरदार स्वागत

**सरीला (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने अपनादल एस के ज़िलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार राजपूत के आवास पर जाकर उनकी माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी श्रद्धांजलि में शामिल हुए वही गोहांड मैं अर्चना पटेल का कार्यकर्ताओं ने प्रथम आगमन पर ज़ोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने रोडवेज़ बसों के संचालन सरीला से ज़रिया छिबौली से सरीला सम्पर्ग मार्ग सहित कई गंभीर मामलों को लेकर ज्ञापन भी दिया साथ ही किसानों की मूँगफली ख़रीद मैं बिचौलियों द्वारा किसानों के निर्धारित मूल्य न दिये जाने की बात कही। वहीं खनन माफियाओं द्वारा रात दिन नदी की जलधारा से अवैध खनन व इच्छोरा मैं नहर को बंद करके पानी रोक दिया गया उस पर अवैध ट्रकों को ओवर लोड वाहन निकाले जा रहे जिससे टेल तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है सरकार मैं बैठे अधिकारी मुख्यमंत्री की छवि को ख़राब कर रहे है सदस्य ने कहा कि सरकार की छवि ख़राब करने वालों को किसी भी दशा मैं बख्शा नहीं जाएगा इस क्षेत्र की समस्याओं को वो व्यक्तिगत रूप से मिलकर मुख्यमंत्री को अवगत कराने का काम करेंगी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हमारा आयोग लगातार पूरे प्रदेश मैं जनसुनवाई कर रहा है महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न को रोकने व अपराधियों को लगाम लगाने को हर कदम उठाये जा रहे है। अपनादल एस के ज़िलाध्यक्ष महेन्द्र राजपूत ने कहा की आज़ादी के बाद से सरीला तहसील को आज भी मूलभूत सुविधाएँ पूरी तरह नहीं मिली है सरकार बहुत सारी योजनाये जनता के हित मैं चला रही है, लेकिन उनको आज भी उन योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा आगे चुनाव आ रहे है पार्टी की नीतियों को हमे जनता तक पहुँचाना है । इस मोके पर जालौन के ज़िलाध्यक्ष अनिल पटेल, मंत्री प्रतिनिधि बब्बू अटा, अभिलाषा मिश्रा, रोहित राठौर, महेन्द्र भदारी, रामगुलाम, ओंकार ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# केवाईसी न होने से बजट का नहीं हो पा रहा आहरण, विकास कार्य ठप, बैंकों का हाल बेहाल

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड के खातों में केवाईसी की समस्या विकास कार्यों में व्यवधान उत्पन्न कर रही है। धन की निकासी न होने पर मौदहा विकासखंड के अधिकांश गांव के विकास कार्य अवरुद्ध पड़े हुए हैं जिससे आम उपभोक्ता इधर-उधर बैंक के चक्कर काटने में मजबूर है। मौदहा विकासखंड के सचिव शिवमूरत सिंह, उपेंद्र पांडे, वीरेंद्र पाल, गिरीश चंद्र आदि लोगों ने बताया कि बैंक खातों में केवाईसी की समस्या जटिल उत्पन्न हो गई है जो भी भुगतान लगाया जा रहा है। वह रिजेक्ट हो जा रहा है। बैंकों के कई चक्कर काटने के बावजूद केवाईसी नहीं हो पा रही है।ग्राम प्रधान अब्दुल्ला मदारपुर ने बताया कि दो बार सचिव साहिब के साथ बैंक के चक्कर लगा चुके हैं लेकिन सर्वर न होने के कारण केवाईसी अभी तक नहीं हो सकी है। विकासखंड के अधिकांश गांव अभी भी केवाईसी से वंचित है जिसकी वजह से पैसा नहीं निकल पा रहा है जिससे विकास के कामों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है इसी प्रकार आंगनबाड़ी कोमल वर्मा ने बताया कि मेरा हांट कुक का खाता इंडियन बैंक में है और केवाईसी दो दिन पूर्व मैंने करवाया है लेकिन जब पैसा निकालने के लिए गई तो मैनेजर ने कहा कि आपका खाता बंद हो चुका है। बैंक की मनमानी के चलते उपभोक्ता इधर-उधर भटकने पर मजबूर हैं। विकासखंड एडीओ पंचायत अमर सिंह यादव ने बताया कि बैंकों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। बी डी ओ भी फोन से वार्ता कर चुके हैं सभी अधिकारियों की नजर बैंकों पर है क्योंकि जो भी भुगतान लगाया जा रहा है केवाईसी न होने कारण रिजेक्ट हो जा रहा है। बैंक ने जल्द केवाईसी करने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में इंडियन बैंक मौदहा के लोन ऑफीसर अदनान एवं एम भानु प्रकाश ने बताया कि बैंकों से निर्देश प्राप्त हुआ है हर खाता धारक की केवाईसी होना जरूरी है यदि के वाई सी नहीं हुई तो बैंक के द्वारा लेनदेन नहीं हो सकता।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइकसवार मां-बेटे की मौत

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**



सजेती थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार सुबह कुआं खेड़ा चौकी के एक मोटरसाइकिल में अज्ञात वाहन जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे मे बाइक सवार मां, बेटे गम्भीर रूप से घायल हो गए।

घटना में स्थानीय पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलो को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आयी। जहां चिकित्सकों ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कर दोनों मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संचेती थाना क्षेत्र के कैथा गांव निवासी अखिलेश पाल 24 अपनी मां शयामा 60 के साथ खेत में पानी लगाने जा रहा था और जैसे ही कुआं खेड़ा चौकी के समीप पहुंचा कि तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घटना में मोटरसाइकिल में सवार मां और बेटा दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर लेकर आयी। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मां और बेटे को मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतकों के शव का पुलिस ने पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भेज दिया। युवक अपनी तीन बहनों में इकलौता था। एक वर्ष पूर्व पिता की मौत हो चुकी थी। घटना में हुई मौतों से परिवार जनों का रो -रोकर बुरा हाल हो गया है।

# चौकीदारों को अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि ने वितरित किए कंबल

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में प्रशासन द्वारा गरीबों असहायों को कड़के की ठंड से राहत दिलाए जाने को लेकर कंबल वितरित किए जा रहे हैं, वहीं थाना पनवाड़ी प्रभारी और ग्राम पंचायत अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि ने रातों में जागकर पहरेदारी कर लोगों को सुरक्षा प्रदान करने वाले चौकीदारों को सर्दी से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि और थानाध्यक्ष ने सुरक्षा की दृष्टि से चौकीदारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। विकासखंड पनवाड़ी के ग्राम पंचायत अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि बब्लू रावत व थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी ने क्षेत्र के 40 चौकीदारों को सर्दी से राहत दिलाए जाने को लेकर कंबलों का वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम की प्रधान प्रतिनिधि द्वारा पहले से रुपरेखा तैयार करते हुए क्षेत्र के सभी चौकीदारों को सूचित कर दिया गया था और तय तिथि अनुसार कार्यक्रम का आयोजन थाना परिसर में किया गया। थानाध्यक्ष और प्रधान प्रतिनिधि ने एक एक चौकीदार को बुलाकर अपने हाथों से कंबल दिए और चौकीदार भी कंबल पाकर खासे खुश नजर आए।

इस मौके पर थाना प्रभारी गुलाब त्रिपाठी ने कहा कि जब सब लोग अपने अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं, तो चौकीदार रात भर जाग कर इनकी रक्षा सुरक्षा करता है। वह हाथ में डंडा लेकर सारी रात जमीन पर ठकठक करता रहता है। वह मुस्तैदी से कालोनी अथवा इलाके का चक्कर लगाता है, ताकि कहीं अप्रिय घटना होने से रोका जा सके। प्रधान प्रतिनिधि बब्लू रावत ने कहा कि चौकीदार अपने दयित्वों को निभाते हुए संपत्ति संप्रभुता और मानवता की रक्षा के प्रति सजग रहता है और अवांछनीय तत्वों के इरादों को नाकाम करने के लिए पहरा देता रहता है।

## एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुन निस्तारण के दिए निर्देश




**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# बिना भेदभाव के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य : ब्लॉक प्रमुख

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र पंचायत समिति हैदरगढ़ की बैठक शुक्रवार को विकास खंड सभागार में ब्लॉक प्रमुख देशराज की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता के संचालन में संपन्न हुई।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ने वित्तीय वर्ष में क्षेत्र पंचायत से कराए गए विकास कार्यों की पूरी जानकारी सदन को दी ।जिसका अनुमोदन सदन द्वारा सर्वसम्मति से कर दिया गया रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख/जिला पंचायत सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि बिना किसी भेदभाव के हर क्षेत्र पंचायत सदस्य के क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं और आगे भी कराए जाते रहेंगे। खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत के समग्र विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और जनप्रतिनिधियों से इन योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सहयोग की अपील की।

चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने चीन के बाद देश में फैले एचएमपीवी वायरस के लक्षणों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उनसे बचाव के उपाय बताएं और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। वही सदन में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़, पूर्ति निरीक्षक प्रभास त्रिपाठी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बैठक में मौजूद प्रधानो, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य करने के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए जिन्हें कार्य योजना में शामिल किया गया।

बैठक में प्रधान सुरेंद्र सिंह, , शिव दिनेश सिंह राजू, विक्रम सिंह,संतोष शुक्ला एडवोकेट, मनोज मिश्रा, आनन्द कुमार सिंह उर्फ अलगू सिंह, प्रधान राजन सिंह, गौरव सिंह ,गौतम पाठक, बबलू सिंह, कुलदीप सिंह, राहुल वाजपेई, राजीव मोहन चौधरी, विपिन कुमार सिंह, सनत तिवारी, विजय कुमार सिंह, निलेश कुमार, आसाराम वर्मा,कमल यादव, आसिफ, सुशील कुमार, फूलचंद, सत्यदेव रावत, विनय रावत सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गांव की समस्या, गांव का समाधान चौपाल आयोजित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के मोहद्दीपुर और राजापुर गांवों में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। दोनों गांवों में कुल 4 शिकायतें सामने आईं, जिनमें से का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। मोहद्दीपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि केदारनाथ की अध्यक्षता और पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी के संयोजन में चौपाल हुई। यहां ग्रामीणों ने आवास से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन पंचायत सचिव ने दिया। राजापुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजबहादुर वर्मा की अध्यक्षता और सचिव राजेश कुमार के संयोजन में हुई चौपाल में प्रधानमंत्री आवास और शादी अनुदान से जुड़ी शिकायतें आईं। शादी अनुदान की शिकायत का तत्काल निपटारा किया गया।

# आईएसपी के तत्वावधान में टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित



**जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

इंडियन स्टूडेंट पावर के तत्वाधान में हरख खेल मैदान मे सरदार वल्लभभाई पटेल टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन किया गया।

बताते चले की शुक्रवार को हरख खेल मैदान मे दो दिवसीय इंडियन स्टूडेंट पावर के बैनर तले हरख खेल मैदान में सरदार वल्लभ भाई पटेल टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिनमे कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया एक दिन मे दो मैच संपन्न कराये जायेंगे जिसमे 4 स्कूल की टीमे अपना वर्चस्व दिखाएंगी ये क्रिकेट टूर्नामेंट 10 जनवरी से 12 जनवरी के बीच संपन्न होगा वहीं इस क्रिकेट के स्पॉन्सर मे होटल रॉयल क्लासिक इन बाराबंकी, बरखा ट्रेडर्स ननमऊ, श्री श्याम मेगा मार्ट, हर्षित इवेंट एंड साउंड, धन्या आरो वॉटर सप्लाई, के सहयोग से मैच कराया जा रहा है।

## राज्यमंत्री की लगवाई हाईमास्क लाइट ले गए खोल चोर

**सिद्धौर,बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र के सोहासा मजरे दुल्लापुर गांव में दो दिनों पूर्व राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा की निधि से लगाई गई हाईमास्ट लाइट बीती रात चोर खोल ले गए शुक्रवार सुबह जानकारी होने पर प्रधानपति ने थाने पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी।

थाना क्षेत्र के सोहासा मजरे दुल्लापुर गांव स्थित पानी टंकी के निकट प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए अभी दो दिनों पूर्व ही अपनी निधि से यह हाई मास्ट लाइट लगवाई थी । लाइट लग जाने से शाम होते ही पूरा गांव रोशनी से जगमगा जाता था। बेहतर प्रकाश व्यवस्था होने से लोग सुगमता से आवागमन भी करने लगे थे।

## मानसिक विक्षिप्त की ट्रेन से कटकर मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**
कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बहरामपुर मजरे सतरही गांव में शुक्रवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आकर एक 44 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। बहरामपुर गांव निवासी बजरंग लाल पुत्र रामचंद्र का लगभग पिछले 9 वर्षों से मानसिक रोगों का उपचार चल रहा था। जिसके चलते वह कभी घर से बाहर नहीं निकलता था, परन्तु आज सुबह मौका पाकर वह घर से बाहर निकल आया और भटकते हुए गांव के बाहर से गुजरी रेलवे पटरियों के किनारे आ गया। लगभग 8:30 बजे अपने खेतों के लिए निकले ग्रामीणों ने बजरंग लाल को लहू लुहान अवस्था में रेलवे की पुत्री के किनारे पड़ा देखा, ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना परिजनों के साथ–साथ हैदरगढ़ पुलिस को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय रवाना किया है।

# जीआईसी के निर्धन छात्रों को प्रधानाचार्य ने बांटा जैकेट

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



राजकीय इंटर कॉलेज सुबेहा में निर्धन छात्र व छात्राओं को ठंड से बचाव हेतु प्रधानाचार्य की तरफ से जैकेट व जूते वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रमुख प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने बच्चो को जैकेट व जूते वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने प्रधानाध्यापक की इस अनूठी पहल की प्रशंसा की और कहा जहां जैकेट व जूते मिलने से बच्चे ठंड में राहत महसूस कर सकेंगे जिससे नियमित रूप से विद्यालय आकर शिक्षण ग्रहण कर सकेंगे । प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि निर्धन मद के तहत 45 बच्चे को जैकेट व 10 बच्चो को जूते वितरित किए गए है। जिससे इस ठंड के मौसम में नियमित रूप से शिक्षण ग्रहण कर सकेंगे। उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो सके।जैकेट व जूते पाकर स्कूली बच्चों के चेहरे खुशी से खिल खिला उठे। इस मौके पर शिक्षक अच्छे लाल यादव , पत्रकार मोहम्मद नसीम , किशोर वैश्य सहित समस्त शिक्षक व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# कृषि उत्पादक समूहों के साथ डीएम ने की बैठक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में पीएम प्रणाम योजना एवं कार्बन क्रेडिट वृद्धि के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, सेवानिवृत्त आईएफएस राजकुमार श्रीवास्तव, संस्था की मुख्य कार्यकारी अधिकारी छाया भाटी, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़ के प्रभारी डॉ. अश्वनी कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. भास्कर प्रताप सिंह, जनपद के विभिन्न कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि पुष्पेंद्र कुमार, अंशू दीक्षित, शिशुपाल, सुशील कुमार श्रीवास्तव, विनय वर्मा, नीरज पटेल के साथ ही विभिन्न विकास खण्डों के प्रगतिशील कृषकों नवनीन वर्मा, विशम्भर दयाल, सत्येन्द्र कुमार, सुनील कुमार, दिनेश चन्द्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

बैठक में अवगत कराया गया कि पीएम प्रणाम योजनान्तर्गत जिन राज्यों द्वारा विगत वर्षों के सापेक्ष रासायनिक उर्वरकों के उपभोग में कमी की जा रही है उन्हें उसी अनुपात में भारत सरकार से अन्य विकास कार्यों हेतु अतिरिक्त धनराशि प्राप्त होगी। साथ ही भूमि का कार्बन क्रेडिट बढ़ेगा जिससे किसानों की भी आय में वृद्धि होगी। बैठक में नामित संस्था, कृषक उत्पादक संगठनों एवं प्रगतिशील कृषकों के मध्य वार्ता से इस दिशा में साथ कार्य करने को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई जिसके आधार पर वर्तमान में रायानिक उर्वरकों के प्रयोग को कम करने की दिशा में कार्य कर रहे कृषकों के माध्यम से उक्त योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जायेगा। इस कार्य को प्रारम्भ करने हेतु मॉडल विकास खण्ड के रूप में जनपद के दो विकास खण्डों सूरतगंज एवं त्रिवेदीगंज का चयन किया गया।

# घर लौट रहे युवक के साथ हुई मारपीट, छीने रुपये

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

घर लौट रहे युवक के साथ मारपीट व रुपए छीनने का प्रयास करने की घटना को अंजाम देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शरीफाबाद गांव निवासी दीपचंद पुत्र इलमदास ने पुलिस से को दिए शिकायती पत्र में बताया है वह बीती 9 जनवरी की देर शाम अमेठी जनपद के शुकुलबाजार ऑफिस से वापस घर आ रहा था कि तभी सुबेहा थाना क्षेत्र के अनियारी पुलिस चौकी के समीप पहुंचा था कि तभी पीछे से घात लगाए अपाची मोटरसाइकिल से आए दो युवकों ने उसकी कार को रोकने का इशारा किया लेकिन जब उसने कार को नहीं रोका तो सामने मोटरसाइकल लाकर खड़ी कर दी और युवक को गाड़ी से खींचकर मारना पीटना शुरू कर दिया और पैसा व समान न देने पर जान से मारने की धमकी दी ।पीड़ित युवक के शोरगुल मचाने पर स्थानीय लोग दौड़ पड़े युवकों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन दोनों युवक मौके से भाग निकले ।जिसके उसकी जान बच सकी ।पीड़ित युवक ने बताया कि पता चला है घटना को अंजाम देने वाला युवक अमेठी जनपद के थाना शुकुल बाजार के शेवली गांव निवासी राहुल सिंह पुत्र अज्ञात जिन्होंने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उसके साथ घटना को अंजाम दिया है। डायल 112 पुलिस को सूचना देने के बाद थाने जाकर मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की है।प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सभी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें : विश्वजीत प्रताप सिंह

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

> वाहन चालकों को फूल देकर की नियमों का पालन करने की अपील

सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह ने गुलाब का फूल देकर नियमों का पालन करने की अपील की। आज शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा पटेल तिराहे पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।

जहां बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के वाहन चलाने वाले चालको को गुलाब देकर जागरुक किया गया। आरटीओ अयोध्या श्री सिंह ने वाहन चालको को हेलमेट-सीट बेल्ट का प्रयोग करने के फायदे बताते हुये कहा कि जीवन बहुमूल्य है। ऐसे में वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूर करें और सुरक्षित घर पहुंचे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने वाहन चालको को हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने व नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान यातायात प्रभारी रामयतन यादव, प्रवर्तन सिपाही राम सिंह सहित पुलिस एंव परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सिलाई कढ़ाई से आत्मनिर्भर बने महिलाएं: विधायक



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

महिलाओं द्वारा ली गई सिलाई कढ़ाई के प्रशिक्षण से वह खुद आत्मनिर्भर बनाकर परिवार के पालन पोषण में अहम जिम्मेदारी निभायेगी। उक्त विचार मुख्य अतिथि विधायक धर्मराज यादव द्वारा विकास खण्ड बंकी के सभागार में शुक्रवार को एन आर एल एम के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका मिशन के क्रम में सिलाई मशीन का वितरण के दौरान कही। श्री यादव ने कहा कि महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारी निभाती है है और सिलाई कढ़ाई के बदौलत मिलने वाली धनराशि परिवार में खुशहाली आयेगी। खण्ड विकास अधिकारी डॉ संस्कृता मिश्रा ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए अजीविका केन्द्र के रूप में विकसित करने के सम्बन्ध में कहा की आप सब महिलाओं के साथ घर की बालिकाओं को भी सिंचाई कढ़ाई का ज्ञान हो सकेगा । जिससे दो परिवारों को सिलाई कढ़ाई का आवश्यकता पूर्ण होगी तथा बताया कि यह कार्यक्रम कई चरणों में होगा ताकि सभी इच्छुक महिलाएं लाभ प्राप्त कर सशक्त हो कर खुद आत्मनिर्भर बन सके।

इस अवसर पर एडीओ आईएसबी सूरज सिंह ने एन आर एल एम के अन्तर्गत आजीविका हेतु समूह की गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी दी अंश स्वयं सहायता समूह जहांगीराबाद सुशीला,दीपाली स्वयं सहायता समूह जहांगीराबाद रीना, सोनी बुएटी पार्लर स्वयं सहायता समूह जहांगीराबाद मंजू,बाई पास स्वयं सहायता समूह दाउदपुर बृजरानी, मां लक्ष्मी स्वयं सहायता मानेर मोनी विश्वकर्मा, लक्ष्मी स्वयं सहायता सराय अकबराबाद अनीता, मां अम्बे स्वयं सहायता समूह सुल्तानपुर ऊषा देवी की दस समूहो को सिलाई मशीन वितरण किया गया।



## मिशन पहचान प्रतियोगिता हुई आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** श्री सुन्दर लाल इण्टर कालेंज औरेला सैदनपुर बाराबंकी में तहसील स्तरीय मिशन पहचान प्रतियोगिता व सम्मान समारोह कार्यकम आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय इण्टर कालेज सिरौलीगौसपुर,जनता इण्टर कालेज, कोटवाधाम इण्टर कालेज, भक्त दलगंजन इण्टर कालेज, पीडी जैन इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमे सभी कक्षा वर्ग से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, प्रबन्धक राकेश कुमार दीक्षित ने मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता प्रधानाचार्य अनन्त कुमार यादव, प्रधानाचार्या अंजना देवी प्राचार्य राज कुमार यादव प्रधानरचार्य शैलेन्द्र नाथ द्विवेदी की उपस्थिति में सम्पन हुई वहीं वरिष्ठ प्रवक्ता डाक्टर आशुतोष कुमार यादव व्यवस्थापक आदित्य दीक्षित ले निष्पक्ष मूल्यांकन किया इस अवसर पर व्यवस्थापिका दीक्षा दीक्षित, प्रवक्ता चन्द्रेश कुमार, प्रवक्ता अनुपम आदि सहित सभी शिक्षक व प्रतिभाग करने वालें सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रंजिशन युवक से मारपीट

**जालौन,उरई।** रंजिश के चलते युवक के साथ गाली, गलौज व मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी पंकज सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही सुंदर उससे रंजिश मानते हैं। जब वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी सुंदर वहां आए और उसके साथ रंगाबाजी दिखाते हुए गाली, गलौज करने लगे।

### सूचना

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम BHAVANA PATHAK व जन्मतिथि 22.11.2004 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम BHAWANA PATHAK व जन्मतिथि 22.11.2003 है। BHAWANA PATHAK D/o of Army No-3005726P, रैंक-लांस/हवलदार, सत्य प्रकाश शर्मा, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-टेटुका, मढाभाऊ, जिला-धौलपुर, राज्य-राजस्थान-328029, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160278, 10 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

# खाद लेने आये किसानों ने मजदूर से अभद्रता कर की मारपीट

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

खाद लेने आए किसानों ने मजदूर के साथ गाली-गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर चाचा भतीजे को घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बंगरा मार्ग पर कृषि उत्पादन मंडी समिति के पास मोहल्ला रावतान में सईद की खाद की दुकान है। बीती छह जनवरी को उनकी दुकान पर कुछ किसान खाद की खरीदारी करने आए थे। खरीदी गई खाद को दुकान में मजदूरी कर रहे पंजाब सिंह ट्रैक्टर ट्राली में लाद रहे थे। तभी किसानों ने मजदूर के साथ गाली, गलौज शुरू कर दी। जब पंजाब सिंह के भतीजे दीपक कुमार निवासी खंडेराव ने मना किया तो किसानों ने मिलकर युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी।

इतना ही नहीं धारदार हथियार से हमला कर दीपक को घायल कर दिया था। मारपीट के बाद सभी आरोपी वहां से टैक्टर लेकर भाग निकले थे। हालत गंभीर होने पर घायल दीपक को सीएचसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया था। इलाज कराकर आए दीपक की तहरीर पर पुलिस ने मामले में आरोपी हरिओम निवासी अज्ञात व उनके तीन अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीसरे दिन टैक्सी वाहन चालकों को पढ़ाया जागरुकता का पाठ

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग की ओर से चलाया जा रहा अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को शहर के विभिन्न चौराहों पर आरटीओ प्रशासन की सुश्री ऋतु सिंह द्वारा ऑटो और टेंपो चालकों को जागरूक किया गया और उन्हें यातायात संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सुश्री सिंह द्वारा चालकों को बताया गया कि वे पर्यटकों और अयोध्या आने वाली आम जनमानस व यात्रियों के साथ सौम्य,शिष्ट व मृदुल व्यवहार करें और यात्रा शुरू होने से पूर्व अभिवादन करें।व्यवसायिक वाहनों के चालक स्वच्छ व नियमानुसार वर्दी धारण करें। वाहन के टैक्स,फिटनेस, परमिट,परमिट ऑथराइजेशन (जहां लागू हो),लाइसेंस,बीमा, प्रदूषण रहित प्रमाण पत्र,हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट सहित सभी प्रपत्र अद्यतन वैध/अपडेट रखें।उन्होंने कहा कि महिला यात्रियों के साथ व्यवहार संयमित व सम्मानजनक हों। महिलाओं,बच्चों एवं बुजुर्गों को यात्रा में कोई असुविधा होने पर उनकी मदद की जाए एवं उनके गन्तव्य स्थान तक पहुंचने में उनकी सहायता की जाए। सुश्री सिंह ने कहा कि आगन्तुकों से निर्धारित रेट से अधिक किराया न वसूला जाए। डैशबोर्ड पर वाहन स्वामी/चालक का नाम व मोबाइल नम्बर अवश्य प्रदर्शित हो।

चालक धूम्रपान/गुटखा आदि का सेवन न करें व वाहनों को भी साफ-सफाई के साथ रखें।वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगे हों जिससे रात्रि के समय कोहरा व धुंध में वाहन ठीक से प्रदर्शित हों।परिवहन विभाग का टोल-फ्री नम्बर 1800-1800-151 वाहनों पर प्रदर्शित हों।वाहनों पर क्षमता से अधिक यात्री या भार ओवरलोडिंग न की जाए,अन्यथा प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जाए।वाहन चालक ड्रंकेन ड्राइविंग कदापि न करें।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन अधिकारी अभियान चलाकर चेकिंग करें।निजी वाहनों का कमर्शिलय प्रयोग न किया जाए।यात्री व विभिन्न विभाग भी ध्यान रखें कि निजी वाहन का कमर्शिलय प्रयोग पाये जाने पर ऐसी वाहन बन्द चालान की जा सकती है।टैक्सी वाहनों को ही किराये या अनुबन्ध पर लें और असुविधा से बचें।माल वाहनों में सवारियों न ढोई जायें।आरटीओ ऋतु सिंह ने बताया कि सभी वाहन स्वामी,एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य,वाहन डीलर्स इन संदेशों का प्रचारप्रसार करें।

## बाइक सवारों को वैन ने मारी टक्कर,घायल

**बेलहरा-बाराबंकी।** खेत देखकर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को सामने से रही मारुति वैन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनो बाइक सवार घायल हो गए।परिजनों द्वारा घायलो को सीएचसी सूरतगंज में भर्ती कराया गया जहां से एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बसौली गांव निवासी निखिल मिश्रा,करनपुर निवासी विपिन कुमार के साथ शुक्रवार शाम गांव से कुछ दूरी पर खेत देख कर वापस लौट रहे थे कि फतेहपुर-सूरतगंज मार्ग पर बसौली गांव के पास पहुचते ही सामने से आ रही मारुति वैन ने जोरदार टक्कर मार दी।दुर्घटना में दोनो बाइक सवार घायल हो गए।आस पास के ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज में भर्ती कराया गया जहां से विपिन की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेज कर दोनो वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

### सूचना

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम ASWINI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम ASWINI SASI AP है।,ASWINI SASI AP W/o of Army No-3011446X, Rank- Hav/Clk (SD), सिगिन चंद्रन, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-हेड आफिस-ओट्टापिलावुलाथिल, ग्राम-मरुथोनकरा, पोस्ट-कुंदुथोडे, जिला-कोझिकोड, राज्य-केरला-673513, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160279, 10 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 214875278 में मेरा नाम विष्णु नारायण शुक्ला पुत्र रामराज शुक्ला अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम विवेक कुमार पुत्र रामराज अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही है इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में मेरा नाम विष्णु नारायण शुक्ला उर्फ विवेक कुमार अंकित किया जाए।

**विष्णु नारायण शुक्ला उर्फ विवेक कुमार, पुत्र रामराज शुक्ला, ग्राम डिकरा-पोस्ट चेतियामुरार, जिला श्रावस्ती पिन कोड 271835**

# निशुल्क नेत्र शिविर में 150 मरीजों की हुई जांच

**धुरियापार/उरुवा/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल धुरियापार गोरखपुर के तत्वाधान में शुक्रवार को धुरियापार कस्बे में निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन धर्मा हॉस्पिटल , गोला द्वारा किया गया। जिसमें 150 मरीजों के आंखों की जांच कर उचित परामर्श के साथ निः शुल्क दवा भी वितरित किया गया। मरीजों की जांच डॉक्टर दनिश व डॉक्टर जी के गुप्ता ने किया।

निःशुल्क नेत्र शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य गौरी शंकर मिश्रा उर्फ डिंकू मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर धर्मा हॉस्पिटल गोला के संचालक राजकुमार यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मा हॉस्पिटल गरीब तबके के लोगों को सस्ते में इलाज उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को मुफ्त इलाज की सुविधा धर्मा हॉस्पिटल पर उपलब्ध है। आयुष्मान कार्ड धारक इलाज के लिए धर्मा हॉस्पिटल गोला पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण गुप्ता व संचालन जय प्रकाश त्रिपाठी ने किया। निशुल्क नेत्र शिविर में दीनानाथ त्रिपाठी, पूजा गुप्ता, खलील अहमद, सुल्तान अहमद, राम निवास व हीरा प्रसाद सहित 150 मरीजों ने जांच करा कर निः शुल्क दवा प्राप्त किया। इस अवसर पर नूर असद खान उर्फ राजू, गोविंद जायसवाल, हकीक खान उर्फ काजू, सुधीर गुप्ता उर्फ मोनू, महताब खान उर्फ सोनू, रमेश कनौजिया, सतीश गुप्ता, आधाराम कसौधन, रामपाल गुप्ता, मनीष तिवारी, सुनील कसौधन, बृजेश वर्मा एवं व्यापार मंडल के अन्य सदस्य सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# खेत की रखवाली करने जा रहे किसान से दबंग ने की मारपीट

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

> पुलिस कर रही है मामले की जांच

खेत पर रखवाली के लिए जा रहे किसान के साथ रास्ते में एक व्यक्ति ने गाली, गलौज करते हुए न सिर्फ मारपीट की बल्कि सिर पर डंडे से वार कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी झुंडन सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका खेत गांव के बाहर स्थित रात के समय खेत में जंगली जानवर नीलगाय आदि आ जाते हैं, जो खेत में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह अपने खेत पर रखवाली के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में अजय कुमार ने जबरन उसे रोक लिया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। जब उसने समझाना चाहा तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने डंडे से सिर पर वार कर दिया जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शराब पीकर उपद्रव करने वाले पुलिस ने की कार्यवाही

**जालौन,उरई।** शराब के नशे में भाई व गांव के अन्य लोगों के साथ गाली, गलौज व झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार सालाबाद निवासी जीतू ने पुलिस को बताया कि उनका भाई सचिन शराब के नशे में आए दिन उसके साथ गाली, गलौज करता रहता है। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन समझने के लिए तैयार नहीं है। इतना ही नहीं शराब के नशे में गांव के अन्य लोगों के साथ भी झगड़ा व मारपीट करता रहता है। शुक्रवार की सुबह भी वह उससे व गांव के लोगों के साथ झगड़ा कर रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत धवार वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 11.01.2025 से 17.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदाएं खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क 100 रूपये**

| क्र. सं. | योजना | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धवार | टाइल्सीकरण कार्य प्राथमिक विद्यालय रूरीखुर्द में | 272144 | | सीमेन्ट, टाईल्स बालू, गिट्टी, आदि | - | 6 माह |

**नियम व शर्तें**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

# थानों में लंबित विवेचनाओं का तत्काल करें निस्तारण : एसपी


पुलिस कर्मियों के साथ बैठक करते एसपी विनोद कुमार

**थाना स्तर पर समस्या का होगा समाधान**

नवागत पुलिस अधीक्षक ने पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में जनपद के पत्रकार बंधुओं के साथ बैठक का आयोजन कर वार्ता की। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि पत्रकारिता एक जिम्मेदारीपूर्ण पेशा है। और निष्पक्ष व सटीक रिपोर्टिंग से समाज में शांति और सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने में योगदान मिलता है। उन्होंने कहा कि जनपद में शांति व्यवस्था, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा के विषय में चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनपद में अपराधों की रोकथाम और निष्पक्ष पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। और शिकायतों का थाना स्तर समाधान किया जाएगा।

▸ **नवागंतुक एसपी ने बैठक कर पुलिसकर्मियों को दिए दिशा- निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नवागंतुक पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस कार्यालय सभागार में गोष्ठी आयोजित की।

जिसमें सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी ने प्रतिभाग किया। एसपी ने माफियाओं के विरुद्ध गुंडा, गैंगस्टर, संपत्ति जब्ती, हिस्ट्रीशिटर,गैंग पंजीकृत करने तथा (रासुका) के तहत कार्यवाही करके अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु निर्देशित किया।कि समस्त प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारियों को जनपद में कानून व शांति व्यवस्था, थाना क्षेत्र के अन्तर्गत असामाजिक व शरारती तत्वों को चिन्हित कर भारी धन राशि से पाबंद, जनपद में सीसीटीवी कैमरे के जाल में और अधिक सघनता बनाने हेतु तथा लगे हुए सीसीटीवी की बारीकी से निगरानी करें। कंट्रोल रूम, ट्रैफिक व्यवस्था तथा डीसीआरबी मुख्यालय को हाईटेक और आधुनिक बनाएं। निर्देश दिए कि थानों में लंबित विवेचनाओं को तत्काल निस्तारित करने व थाने के सभी रजिस्टरो को अद्यावधिक करें। प्रत्येक गांव में जाकर लाइसेंस धारकों का भौतिक सत्यापन करने व हिस्ट्रीशीटरो का सत्यापन करें। जिला बदर अपराधियों के जनपद की सीमा में होने की संभावना पर अभियान चलाकर गिरफ्तार करने व संवेदनशील मामले को चिन्हित कर, प्रभावी पैरवी करके जल्द से जल्द अपराधियो को न्यायालय द्वारा सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया।

# युवाओं ने किया ऊर्जा और उत्साह का प्रदर्शन

▸ **मिधौली स्टेडियम में हुई जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

निघौली के खेलो इंडिया ग्रामीण स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में हुई जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में युवाओं ने अपनी ऊर्जा और उत्साह का प्रदर्शन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने फीता काटकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए कहा यह प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान करती हैं। हमें उम्मीद है कि यह प्रतियोगिताएं युवाओं को प्रेरित करेंगी और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा आप खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं क्योंकि खेल आपको शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करता है। सभी प्रतिभागी खेल को खेल की भावना से ही खेलें। तत्पश्चात एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं हुईं। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरस्कार से सम्मानित किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार ने कहा जनपद स्तर पर यहां विभिन्न खेलों में विजेता खिलाड़ी जोन स्तर पर और फिर जोन स्तर पर जीतने वाले खिलाड़ी राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कन्नौज अंशिता श्रीवास्तव व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी छिबरामऊ आकाश सिंह उपस्थित रहे।

# माइक्रोप्लान तैयार कर गणतंत्र दिवस पर करें कार्यक्रम


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस 2025 के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 24- 26 जनवरी 2025 की अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस- 2025 को समारोह पूर्वक आयोजित किया जायेगा। ÷उत्तर प्रदेश दिवस-2025 की थीम, विकास व विरासत, प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश रहेगी। 12 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती, 23 जनवरी को नेता सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन, मतदाता जागरूकता दिवस तथा 26 जनवरी 2025 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगें। प्रमुख तिथियों में होने वाले कार्यक्रमों का माइक्रोप्लान प्रत्येक दशा में तैयार कर लिये जाये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन के संबंध में संबंधित कलाकार द्वारा संस्कृति विभाग की वेबसाइट से पंजीकरण की कार्यवाही कराकर सांस्कृतिक प्रोग्राम में भाग लिया जा सकता है। जो कलाकार जिस जनपद से संबंधित है उसे उक्त जनपद से ही कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाना होगा तथा निर्णायक मंडल के स्तर से चयनित 3 कलाकारों को मंडल स्तर पर अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जानी होगी तथा मंडल स्तर चयनित कलाकारों को लखनऊ में 18 से 20 जनवरी में कार्यक्रम कराया जायेगा। अंतिम रूप से चयनित कलाकारों को 24 से 26 जनवरी 2025 में लखनऊ में सम्मानित कर पुरूस्कार दिया जाएगा।

## टट्र तोड़कर चोरी कर ले गए हजारों का सामान

**तिर्वा।** कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज के निकट गुरूवार की देर रात एक दुकान में टट्र काटकर चोरो ने हजारों का सामान चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी पर दुकानदार ने अज्ञात चोरो के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। कस्बे के अन्नपूर्णा नगर मोहल्ला निवासी मनीष सविता की डीएन इंटर कॉलेज के निकट एक दुकान है। प्रतिदिन की तरह वह गुरूवार की रात अपनी दुकान बंद घर चले गए। देर रात अज्ञात चोरो ने उनकी दुकान के बाहर टट्टर को काट दिया और दुकान में रखा हजारों का सामान चुरा ले गए। शुक्रवार की सुबह जब वह अपनी दुकान पर पहुंचे, तो उनको चोरी की जानकारी हुई। जिसपर उन्होने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

# कुम्भ मेले के लिए जनपद को आवंटित हुआ 35 बसों का बेड़ा



एआरएम सुदेश निगम ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा महाकुम्भ मेले के लिए निगम बसों में किसी भी संस्था व श्रद्धालु अपने समूह के लिए बुकिंग स्थल से गंतव्य स्थल प्रयागराज तक अथवा वापसी ट्रिप के लिए एक मुश्त 52 यात्रियों की बुकिंग कराने की स्थिति में उक्त को बुकिंग स्थल से गंतव्य स्थल तक दो यात्रियों को (फ्री) यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। बस कानपुर, फतेहपुर रुट होते हुए कुंभ मेला प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगी। बताया कि मुख्य स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने पर उनके लिए अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

▸ **यात्रियों की बुकिंग पर दो यात्रियों को मिलेगी नि:शुल्क सुविधा**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

महाकुंभ मेला शुरू होने में महज दिन ही शेष है। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने इस बार खास तैयारी की है। पूरी बस बुकिंग करने पर दो यात्रियों को किराये में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, सवारियों को लेने बस बुकिंग करने वाले के बताए गए स्थान पर पहुंचेगी।

13 जनवरी से प्रारम्भ हो रहे महाकुम्भ मेले के सफल संचालन के लिए अनुसगिंग व्यवस्थाओं एवं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों, पर्यटकों को सुगम एवं सुचारू परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए महाकुम्भ मेला- 2025 में कन्नौज डिपो को 35 बसों का आवंटन निर्धारण किया गया है। प्रयागराज में 13 जनवरी से 28 फरवरी तक महाकुंभ 2025 का आयोजन हो रहा है। कुंभ के चलते परिवहन निगम ने जनपद को महाकुंभ तक सवारियों को लाने व ले जाने के लिए 35 भगवा रंग की बसों को आवंटित किया है। साथ ही परिवहन निगम ने महाकुंभ को लेकर प्रोत्साहन योजना लागू की है।

## खबरें एक नजर में

### भाकियू (भानू) अधिशाषी अभियंता ने दिया ज्ञापन

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) अधिशाषी अभियंता छिबरामऊ को लिखित ज्ञापन देते हुए कांशीराम कॉलोनी में हो रही अवैध वसूली को रोकने की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव के नेतृत्व में किसानों ने खंड कार्यालय पहुंचकर अधिशाषी अभियंता को लिखित ज्ञापन देते हुए काशीराम कॉलोनी मैं लाइनमैन अजय व रवि 500 रूपया से लेकर हजार रुपए प्रत्येक घर से वसूली की जाती है स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर भी अवैध वसूली की जा रही है यदि शासन स्तर से कोई शुल्क नही लिया जा रहा है अगर लिया जाता तो उपभोक्ताओं के पास नोटिस के जरिए अवगत कराया जाना चाहिए था। ऐसी 15 मांगों के साथ भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने लिखित ज्ञापन विद्युत उप खंड अधिकारी छिबरामऊ को सौपा।

### राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक का निधन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल बीएन इंटर कॉलेज मैं जयपुर प्रवक्ता एनसीसी के पुरोधार डॉक्टर आत्म प्रकाश शर्मा का उपचार के दौरान कानपुर में हुआ निधन हीरालाल बीएन इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता एनसीसी के पुरोधार वर्तमान में छिबरामऊ के निदेशक तथा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ आत्माराम शर्मा जी का अभी कुछ देर पूर्व कानपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। जेएस सीनियर सेक्रेडी स्कूल , संस्था के डायरेक्टर हिमांशु सक्सेना ने शोक शोक व्यक्त करते हुए अपनी भाव विहनी श्रद्धांजलि दी।

### जान से मार देने के मामले में 10 साल की कैद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** डीपी एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय ने अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास व 40000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। थाना तिर्वा पर अभियुक्तगण द्वारा वर्ष 2017 में वादी की पुत्री पूजा से दहेज की अतिरिक्त मांग करना न देने पर जान से मार देने के सम्बन्ध में डीपी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय जिला जज ने अभियुक्त कमलेश पुत्र गंगाराम, गंगाजली पत्नी गंगाराम निवासीगण महती पुर्वा थाना तिर्वा को 10 वर्ष का कारावास और 40000 रुपये का जुर्माना लगाया।

### किशोर व किशोरी के लापता होने की रिपार्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से किशोर और किशोरी गायब हो गए। जिसको लेकर अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने दोनों की खोजबीन शुरू कर दी है। ग्राम अमरौली निवासी तेजराम पुत्र फतेह बहादुर राजपूत ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 06 जनवरी की सुबह 08 बजे उसका 15 वर्षीय पुत्र धनपाल साइकिल से स्कूल गया हुआ था। जब उसका पुत्र शाम तक घर वापस नहीं लौटा तो उसने अपने पुत्र की काफी खोजबीन शुरू की। इसी प्रकार ग्राम निवासी युवक ने पुलिस को बताया है कि 04 जनवरी की शाम उसकी पुत्री शाम 06 बजे घर से कहीं चली गई। इसके बाद उसने अपनी पुत्री की आस पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

### कूड़ा डालने का विरोध करने पर की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दरवाजे पर कचरा लगाने से मना करने पर आरोपितों ने दंपति के साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम डुडवाबुजुर्ग निवासी अंजुम बेगम पत्नी अब्दुल सत्तार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 28 दिसंबर को मोहल्ले के ही अदनान ने उसके दरवाजे पर नाली साफकरके कूड़ा लगा दिया था। जब उसने इस बात का विरोध किया तो इंतजार, इखलाख और इकबाल ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके पति अब्दुल सत्तार को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संस्कृत और एकता का प्रतीक है हिंदी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में स्थित कंचन कान्वेंट स्कूल में विश्व हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षकों और छात्रों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने हिंदी दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है। बल्कि यह हमारी संस्कृति और एकता का प्रतीक है। शिक्षकों ने भी अपने संबोधन में हिंदी भाषा के वैश्विक प्रभाव और इसे दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को हिंदी में लेखन और वाचन का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हिंदी भाषा के संरक्षण और प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। यह आयोजन भाषा के प्रति गर्व और समर्पण का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आया। इस अवसर पर उमाशंकर यादव,मोहम्मद माजिद, रणजीत सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, पवन सिंह, विनय गुप्ता, विजय मिश्रा, राम जी मिश्रा, राम सिंह वर्मा, रमाकांत त्रिपाठी, अबरार अहमद, शिवकुमार सिंह, जगदेव प्रसाद, विवेक पाल, अमित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# दतिया के पीठाधीश्वर का हुआ भव्य स्वागत

**तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कन्नौज शहर के बोर्डिंग ग्राउण्ड मैदान में शुरू हो रहे 1008 कुण्डीय महायज्ञ को लेकर दतिया पीठ के पीठाधीश्वर संत रामदास महाराज का तिर्वा में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। उन्हे प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। श्रद्धालुओं ने पीठाधीश्वर को भरोसा दिलाया कि तिर्वा से बड़ी तादात में श्रद्धालु महायज्ञ में शामिल होगें।



कन्नौज में शुरू हो रहे महायज्ञ को लेकर दतिया में स्थित मां पीताम्बरा देवी धाम के पीठाधीश्वर संत रामदास महाराज तिर्वा में श्रद्धालुओं को महायज्ञ में शामिल होने का निमत्रंण देने के लिए आए थे। उनका ठठिया रोड चैराहे पर भाजपा नेता व परशुराम सेवा संस्था से जुड़े मोनू द्विवेदी ने अपने दर्जनों साथियों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला स्टेट बैंक के सामने रूका। यहां नवदुर्गा सेवा समिति के महासचिव प्रभात वर्मा ने अपने साथियों के साथ उनका अभिनन्दन किया। उन्हे मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा भेंट की। इसके बाद उनका काफिला गांधी चैक चैराहे पर पहुंचा। यहां पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार गुप्ता ने पीठाधीश्वर का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद वह रामजानकी ठाकुर द्वारा में पहुंचे। यहां उन्होने मौजूद श्रद्धालुओं को होने जा रहे महायज्ञ के लिए निमंत्रण दिया। कहा कि भारी संख्या में तिर्वा के लोग महायज्ञ में शामिल हो। इस मौके पर रामजानकारी ठाकुर द्वारा के पुजारी मुकेशानन्द, सपा नेता कूक्कू चैहान, अरूण सिंह बघेल, राजू चैहान, राजेश गुप्ता, रामऔतार मनवसिया, महेश पाण्डेय, गोविन्द गुप्ता, राजेश गोल्डी, राजेन्द्र गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मारपीट करने बालों को सात साल की सजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** थाना ठठिया में पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को धारा 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 6500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित लगाया गया। थाना ठठिया पर वादी के घर वालो के साथ लाठी डण्डो से मारपीट करने के सम्बन्ध में वर्ष 2017 में अभियुक्तगण पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय जिला जज ने अभियुक्त रामहेत पुत्र भोला, सुमन पत्नी रामहेत निवासी दलेलपुर को 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 6500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# युवक ने टेंपो चालक पर लगाया जेब कटवाने का आरोप

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

टेंपो पर बैठ कर तहसील की ओर जा रहे एक युवक की जेब से अज्ञात युवक ने जेब काटकर हजारों रुपये की नगदी पार कर दी। जिस पर पीड़ित युवक ने टेंपो चालक के साथ भी अभद्रता कर दी। जिस पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के तिर्वा रोड निवासी कमलाकांत अग्निहोत्री पुत्र स्वर्गीय मुन्नू बाबू अग्निहोत्री ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 10 जनवरी की सुबह वह निजी कार्य से सदर तहसील टेंपो पर सवार होकर जा रहा था। तभी टेंपो चालक ने रास्ते में ग्राम मिरगांवा के समीप फोन करके एक जेबकतरे को टेंपो में बैठा लिया। जिसमें जलालाबाद के निकट अज्ञात युवक ने उसकी जेब में रखी हजारों रुपये की नगदी पार कर दी और वह टेंपो से उतर गया। जानकारी होने पर वह भी आरोपी युवक के पीछे भागा। वही टेंपो चालक ग्राम मिरगांवा निवासी अकीब ने पुलिस को बताया कि एक अज्ञात युवक ने उसके मोबाइल पर फोन करके उसे हजरत पुलिया के समीप रोक लिया और टेंपो में जेब काटने की शिकायत की। उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। मोबाइल भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। टेंपो से 1260 रुपये निकाल कर ले गया। वहीं कोतवाली पुलिस ने दोनों की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दहेज के विवाहिता को मारपीट कर किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

शादी में दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

क्षेत्र के ग्राम सराय दौलत निवासी प्रियंका कुशवाहा पुत्री अमन सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसका विवाह 04 वर्ष पूर्व जनपद हरदोई के ग्राम सिमरा चौराहा निवासी शिवम पुत्र राम प्रकाश कुशवाहा के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति शिवम, देवर सत्यम, सास बबली, ससुर राम प्रकाश ने अतिरिक्त दहेज के रूप में 05 लाख रुपये और सोने की चेन की मांग करने लगे। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए 05 जनवरी को उसे घर से बेघर कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कल से बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों को नही मिलेगा पेट्रोल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मृत्यु और गंभीर चोटों को रोकने के लिये एक ठोस कदम उठाया गया है। जनपद में रविवार से समस्त पेट्रोल पम्पों पर बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नही दिया जाएं।

इसका कड़ाई से पालन कराया जाए। यह बात जिलाधिकारी ने कही। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने गांधी सभागार में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु नो हेलमेट- नो फ्यूल के सफल क्रियान्वयन के किये पेट्रोल पम्पों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पम्प संचालक अपने- अपने पेट्रोल पम्प प्रांगण में नो हेलमेट- नो फ्युल से संबंधित बैनर, होर्डिंग लगाना सुनिश्चित करें।


बैठक कर निर्देश देते जिलाधिकारी

साथ ही पम्प पर किसी भी दुपहिया वाहन चालक को बिना हेलमेट पेट्रोल न दिया जाये। कहा कि पेट्रोल पम्प संचालक यह भी सुनिश्चित करेगें। कि उनके पेट्रोल पम्प हमेशा सीसीटीवी कैमरें की निगाह में रहे ताकि किसी भी वाद की स्थिति व अपराध को रोकने में आसानी हो। उन्होनें एएसपी को निर्देश दिये कि बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर अधिक से अधिक चालान करे। शहर के पेट्रोल पम्पों पर पुलिस की ड्युटी लगाएं। जिससे बिना हेलमेट के कोई दुपाहिया वाहन चालक को पेट्रोल न मिले।

▸ **जिलाधिकारी ने पेट्रोल पम्पों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश**
▸ **बोले इसका कड़ाई से कराया जाये पालन**

कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में जनसहभागिता सुनिश्चित कराएं। इस दौरान एएसपी अजय कुमार, एआरटीओ इज्या तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# स्वच्छ अभियान में थाली दान कर सहयोग करें शिक्षक

▸ **शिक्षकों ने थैला व थाली का किया दान**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालु गंगा में स्नान करेंगे। जिसमें शिक्षक अपना सहयोग देते हुए एक थैला और एक थाली दान करें। जिससे पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिल सके।


अभियान के दौरान प्रबंधक के साथ मौजूद शिक्षक।

सभी शिक्षक इस अभियान से जुड़कर महाकुंभ अभियान को मजबूती प्रदान करेंगे। यह बात प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने कही। शुक्रवार को नगर के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में स्वच्छ महाकुंभ अभियान के तहत गोष्टी को आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने कहा कि महाकुंभ 2025 को स्वच्छ हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान में सभी शिक्षक भाग लेंगे।

इस पहल का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना और कचरे का प्रबंधन करना है। कार्यक्रम में 22 शिक्षकों ने 110 थाली व थैला दान कर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता, आनंद राजन, मुकेश कुमार, करतार सिंह, विजय शंकर पाठक, रमेश चंद्र, अवनीश पटेल, बृजेश गंगवार, सुनील सिंह, रिचा, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक वर्मा, रामाश्रय वर्मा सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# हज़रत ख्वाजामुईनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी की मनायी गई छठी व नौवीं शरीफ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

हज़रत ख्वाजामुईनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी की शान में उनकी छठी व नौवीं शरीफ़का एहतिमाम किया गया। जिसमें कुरान मजीद की तिलावत महफ़िले मीलाद तकरीर के बाद मुल्क और अवाम की तथा हिन्दू मुस्लिम भाई चारे व तरक्की, खुशहाली और अमनचैन के लिये दुआ की गयी। इसके बाद नजर दलिया का लंगर तकसीम किया गया। डा0 अरशद मंसूरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ख्वाज़ा गरीब नवाज़ की दरगाह पर हर साल की भांति इस बार भी चादर भेजकर क़ौमी एकता को संदेश दिया है। प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर हिन्दू-मुसलमान को मिलजुलकर भाईचारे के साथ रहना चाहिए।


अमन चैन की दुआ करते सज्जादानशीन

सज्जादानशीन सूफ़ी हज़रत मुशीर अहमद, क़ादरी चिश्ती वारसी मुफ़्ती, मुनीर अहमद, नूरी हाफिज़, आज़म, आकिल ख़ान, मंसूर ख़ान, बबलू, मसूद खान, भुल्ला राजू, आविद हुसैन, डा0 आदित्य रतन, हरिओम, आमिर हुसैन, शानू, तौहीद, तारिक, हमज़ा, ख़लील, शमशाद, सनी बाथम, जमील, प्यारे ख़ान, जावेद खान, जुनैद ख़ान, डा0 राहुल सागर, जव्वाद खान, आसिफ़ मंसूरी, धनेश गौड़, अजमेरी, ज़मीर आदि मौजूद रहे।

# 50 किलो आलू के पैकेट पर नहीं मिला 50 किलो आलू का दाम

- किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन, घंटों आलू की बिक्री रही बाधित
- मंडी सचिव बोले शत-प्रतिशत नये नियम को किया जायेगा लागू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार सुबह एशिया की सबसे बड़ी सातनपुर आलू मंडी में व्यापारियों द्वारा आलू की खरीद ना किए जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने बात करते हुए बताया कि 20 दिसंबर को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत सातनपुर आलू मंडी में महा पंचायत करने आए थे।

उसी समय आलू की घटतौली को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया था और बताया था कि कानपुर मंडी में 50 किलो आलू का पैकेट देते हैं, तो 50 किलो आलू का दाम मिलता है, लेकिन फर्रुखाबाद में 50 किलो आलू पैकेट में लेकर 47 किलो आलू का दाम दिया जाता है। यह किसान देने को तैयार नहीं है। किसानों की मांग है कि 50 किलो पैकेट आलू की भर्ती लो और 50 किलो आलू का दाम दो और इसको लेकर पूर्व में सहमति बन गई थी।

सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा था कि सचिव से बैठक के बाद यह नियम लागू कर देंगे और किसानों को 50 किलो आलू के पैकेट पर 50 किलो आलू का दाम मिलेगा। कल एजेंडा भी मंडी में घुमाया गया, लेकिन आज



प्रदर्शन के दौरान मौजूद किसान

नये हिसाब से किसानों के आलू की खरीद जब शुरु की गयी, तो व्यापारी बोले कि हम इसे नहीं मानेंगे और 50 किलो के पैकेट पर 47 किलो आलू के ही दम देंगे और आज आलू का भाव भी गिरा दिया है। कानपुर आलू मंडी में आज 1330 रुपए प्रति कुंतल का भाव खुला है, लेकिन यहां 1200 रुपये प्रति कुंतल का भाव खोला गया। व्यापारी यहां पर मनमाने तरीके से भाव गिराकर ही आलू खरीद रहे हैं और 50 किलो के पैकेट पर 47 किलो आलू का दाम भी दे रहे हैं। इस हिसाब से किसान पेमेंट को लेने को तैयार नहीं है। दरअसल मंडी सचिव के द्वारा जारी किये गये एजेंडे में कहा है कि किसानों को 50 किलो आलू का पूरा भुगतान हो। किसानों के द्वारा मंडी में बिक्री के उपरांत किसानों को 6 आर प्राप्त करायें, किसानों को मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत कूपन जारी किये जायें, इसके साथ मंडी समिति में आने वाले किसानों की खुली बिक्री के लिए टीम गठित की गयी है। टीम का सहयोग करें। यदि कोई व्यापारी सहयोग नहीं करता है तो कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सचिव के एजेडें पर आढ़तियों और व्यापारियों के हस्ताक्षर भी कराये गये। सचिव के एजेंडा जारी करने के बाद आढ़ती और व्यापारी आक्रोशित हो गये। व्यापारियों नें आलू की तय शर्तो पर खरीद करनें से मना कर दिया। जिसके बाद शुक्रवार को आलू मंडी में निर्धारित समय पर खरीद शुरू नहीं हुई। बड़ी संख्या में आढ़ती और व्यापारियों ने काम बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। जिससे घंटों काम बाधित रहा, लेकिन मंडी सचिव के एजेंडे के हिसाब से कोई बिक्री नहीं हुई। किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अजय कटियार, किसान नेता अरविन्द शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, प्रभाकांत मिश्रा आदि भी आलू मंडी पहुंचे।

सुबह सबसे पहले आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर वर्मा रिंकू ने कहा कि आज पूर्व की तरह की तौल होगी। इसके बाद अधिकारियों से वार्ता के बाद कोई रास्ता निकाला जायेगा। इंडियन पोटैटो ग्रोवर एंड एक्सपोटर्स सोसाइटी के अध्यक्ष सुधीर शुक्ला ने बताया कि सचिव ने यह फरमान जारी किया है। आज दोपहर में वार्ता प्रस्तावित थी, तो उसके बाद ही कोई एजेंडा जारी किया जाता है।

उसका प्रचार होता। किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने बताया कि वह दोपहर में सेंट्रल जेल चौराहे के निकट हाई-वे जाम करेंगे और फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग भी बंद करेंगे। मंडी सरकारी होने बाद भी निजी लोगों के हाथ में चल रही है। मंडी पर पैसे वाले लोगों नें कब्जा कर लिया। आढ़ती और व्यापारी सुबह खड़े रहे जबकि मंडी सचिव गायब मिले। मंडी सचिव सूरज सहाय सक्सेना ने दावा किया कि एजेंडे को शत प्रतिशत लागू किया गया है। यदि कोई आढ़ती इसको नहीं मानेगा तो उसके लाइसेंस को निलंबित किया जायेगा।

## नीरज अवस्थी अमृतपुर तथा लाल राजपूत सलेमपुर के मंडल अध्यक्ष बने

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा ने नीरज अवस्थी को अमृतपुर एवं लाल राजपूत को सलेमपुर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

प्रदेश में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों का चयन चल रहा है। जिसमें आज अमृतपुर विधानसभा से अमृतपुर मंडल से नीरज अवस्थी को अध्यक्ष नामित किया गया। वहीं सलेमपुर मंडल से लालू राजपूत को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जैसे ही मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई लोग बधाई देने के लिए घरों पर पहुंच गए। वहीं कार्यकर्ताओं का कहना है इस बार भारतीय जनता पार्टी



मंडल अध्यक्ष नीरज अवस्थी

ने मंडल अध्यक्षों की जिम्मेदारी सच्चे कार्यकर्ताओं को सौंपी है। ऐसे मंडल अध्यक्षों के मार्गदर्शन में पार्टी को मजबूती प्रदान होगी एवं आने वाले 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। नीरज अवस्थी को बधाई देने के लिए पहुंचे अमृतपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनुराग सिंह एवं उपाध्यक्ष आलोक बाजपेई एवं मंडल के मीडिया प्रभारी करुणेश सिंह, बूथ अध्यक्ष गोपाल सक्सेना आदि ने अपने नए मंडल अध्यक्ष के कार्यकाल का स्वागत किया एवं उन्हें बधाई दी।

### नीरज अवस्थी का बूथ अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक का सफर

नीरज अवस्थी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर स्नातक फर्रुखाबाद बद्री विशाल डिग्री कॉलेज से किया। उसके बाद उन्होंने वकालत की डिग्री हासिल की। शुरुआत से ही राजनीति से जुड़ाव रहा है। सबसे पहले वह भाजपा में बूथ अध्यक्ष बनाए गए। इसके बाद सेक्टर प्रमुख बनाए गए। दो बार मंडल महामंत्री का दायित्व बखूबी से निभाया। 2005 से लेकर 2010 तक क्षेत्र पंचायत के सदस्य भी रहे। आज भारतीय जनता पार्टी ने इनकी कार्य निष्ठा को देखकर मंडल अध्यक्ष का पद सौंपा है। नीरज अवस्थी ने समृद्धि न्यूज़ संवाददाता से वार्ता करते हुए कहा कि मेरा पूरा जीवन भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित रहा है। किसी को देखते हुए पार्टी ने मुझ पर भरोसा करते हुए जो दायित्व सौंपा है। उसका मैं पूरी निष्ठा से निर्वहन करुंगा और मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देता हूँ। जिन्होंने मुंह जैसे छोटे कार्यकर्ता पर इतना बड़ा विश्वास जताया है। इस दौरान नीरज अवस्थी अपने समर्थकों से मिलते हुए काफी गदगद दिखे।

## बीडीओ ने ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की सुनीं समस्यायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रभारी विकास खंड अधिकारी ने जन चौपाल के तहत ग्राम पंचायत में सचिव के साथ जनता की समस्याएं सुनीं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रजपालापुर में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जन चौपाल योजना के तहत प्रभारी विकास खंड अधिकारी एडीओ आईएसबी सुखदेश सिंह तथा ग्राम सचिव अरविंद कुमार ने ग्राम पंचायत में पहुंचकर पंचायत भवन में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही योजना के तहत जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनीं।

जिसमें वहां मौजूद ग्रामीणों ने गांव में गली का निर्माण तथा सफाई व्यवस्था के तहत कई शिकायतें कीं। जिसमें प्रभारी विकास खंड अधिकारी सुखदेव सिंह ने ग्राम सचिव अरविंद कुमार को बताया कि वह सफाई कर्मचारी को एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह से बात कर सुचारू रूप से गांव में सफाई




ग्रामीणों की समस्यायें सुनते प्रभारी बीडीओ

व्यवस्था आदि का ध्यान रखें। वहीं ग्राम पंचायत में हो रही असुविधाओं के लिए पंचायत सहायक को समय-समय पर निर्देशित करते रहें। जिससे कि किसी भी ग्रामीण को कहीं विकास खंड स्तर से लेकर अन्य अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़ें। इस मौके पर प्रभारी विकास खंड अधिकारी एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह तथा ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार मौजूद रहे।

ग्राम प्रधान तथा पंचायत सहायक केयरटेकर के साथ-साथ ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## किसानों के गन्ने का बकाया 3 करोड़ 94 लाख भुगतान चीनी मिल ने किया

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

चीनी मिल में 2 हजार 1 सौ 66 किसानों का करीब 3 करोड़ 94 लाख का भुगतान मिल प्रशासन ने कर दिया है। अब तक 4 लाख 42 हजार कुंतल गन्ने की पेराई हो चुकी है। मिल प्रशासन ने 36 घंटे के लिए मिल में क्लीनिंग की घोषणा की है।

जीएम ने किसानों से इस दौरान गन्ना न लाने की अपील की है। दि किसान सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र को चालू हुए करीब सवा महीना हो गया है। पिछले पेराई सत्र अपेक्षा इस बार पेराई में तकनीकी खराबी कम आड़े आई। इस कारण पेराई कार्य जारी रहा। यदि अब तक आंकड़ों पर नजर डाली



साफ-सफाई के दौरान बंद चीनी मिल

जाए तो अभी तक करीब 4 लाख 42 हजार कुंतल गन्ने की पेराई हो चुकी है। मिल प्रशासन ने 9 दिसंबर तक 2 हजार 1 सौ 66 किसानों का करीब 3 करोड़ 94 लाख का का भुगतान कर दिया है। कहा जा सकता है कि एक माह का भुगतान किसानों का बकाया है। हालाकि पिछले सत्र से भुगतान की स्थिति अच्छी है। इधर लगातार गन्ना पेराई होने से पुरानी मशीनों को देखते हुए मिल प्रशासन ने शुक्रवार से 36 घंटे के लिए मिल में क्लीनिंग की घोषणा की है। इस समय में मिल के कर्मी मशीनों की मरम्मत के साथ ही साफ सफाई करेंगे। जीएम कुलदीप सिंह ने क्लीनिंग के समय तक गन्ना न लाने की अपील की है। इसके बाद गन्ना लिया जाएगा।

## कोटे पर राशन लेने गये युवक की साइकिल चोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के मोहल्ला चौखंडा निवासी मुकेश कुमार पुत्र राधेश्याम दोपहर के वक्त राशन विक्रेता रविंद्र सिंह यादव के यहां राशन लेने साइकिल द्वारा गया था। शिकायती पत्र के अनुसार वह नई साइकिल जिसे कोटेदार के घर के समीप खड़ा कर दिया और अंदर चला गया। जब राशन लेकर वापस लौटा, तो साइकिल नहीं थी। साइकिल न पाकर युवक घबरा गया और उसने मामले की जानकारी स्थानीय लोगों को दी। शिकायती पत्र में कहा गया उसने काफी खोज की लेकिन पता नहीं चल सका। थक हारकर पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बताते हैं इस क्षेत्र में इससे पूर्व में भी कई लोगों की साइकिलें चोरी हो चुकी हैं। पीड़ित साइकिल स्वामियों द्वारा पुलिस को शिकायती पत्र दिए गए। मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। बताते हैं अज्ञात चोरों द्वारा साइकिल चोरी की घटनाओं के वीडियो भी वायरल हुए। जिसमें आरोपी बड़े आराम से साइकिल चुराकर ले जाते हुए देखा गया। इतना सब कुछ होने के बाबजूद थाना पुलिस हाथ पर हाथ रखकर चुपचाप तमाशा देख रही है। जो एक चिंता का विषय बना हुआ है।

## कारखाने की दीवार में नकब लगाकर नकदी व सामान चोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कारखाने की दीवार में नकबू लगाकर चोरों ने हजारों की नकदी व सामान चोरी कर लिया। पीड़ित कारखाना स्वामी के अनुसार पिछले महीने भी अज्ञात चोरों ने इसी तरह चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांसंत निवासी कारखाना स्वामी रतन शर्मा पुत्र पूर्व प्रवक्ता सहदेव प्रसाद शर्मा का फैजबाग चौराहे पर कारखाना है। बीते दिवस की रात्रि अज्ञात चोर जो छत के सहारे अन्दर दाखिल हुए और नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया 2 दिन पूर्व रिश्तेदारी कन्नौज गए थे। शुक्रवार की शाम 3 बजे जब वापस लौटे, तो कारखाने का दरवाजा खोला तो



दीवार में लगाया गया नकब

अंदर समान बिखरा हुआ था। अज्ञात चोरों ने पीछे की दीवार में नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना के बाद तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उन्होंने बताया अज्ञात चोर गोलक में रखी लगभग 20000 की नगदी, 10 डिब्बे मोबाइल तथा कॉपर की केबिल चुरा ले गए। उन्होंने बताया घटना की सूचना देने जब चौकी गया, तो वहां कोई नहीं था। फिलहाल चोरी की घटना से पुलिस को अवगत करा दिया गया है।

कारखाना स्वामी रतन शर्मा ने बताया इससे पूर्व में भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। उस वक्त अज्ञात चोर अल्टीनेटर से हजारों रुपए का कीमती तार निकालकर ले गए थे। उन्होंने बताया अज्ञात चोर मशीनरी खोलने के यंत्र छोड़ गए। उन्होंने आशंका जाहिर की हो सकता अज्ञात चोर जिस वक्त चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हो उस वक्त खटपट होने की आहट मिली हो और वो भाग गए हों।

## तालाब में डूबने से पांच वर्षीय प्रधान पुत्र की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** तालाब में डूबने से पांच वर्षीय बालक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम पंजू खिरिया निवासी वर्तमान प्रधान सर्वेश के पांच वर्षीय पुत्र विशाल की तालाब में डूबने से मौत हो गई। कल शाम 7.00 बजे लगभग विशाल अपने घर पर था और अपने पिता सर्वेश से खेलने के लिए मोबाइल की मांग की। सर्वेश ने अपना मोबाइल उसे दे दिया। मोबाइल चलाते चलाते बच्चा घर से बाहर निकल गया और प्रधान सर्वेश दूध को डेरी पर देने के लिए चले गए। काफी देर तक जब पुत्र विशाल घर पर नहीं आया, तो वापस लौटने पर विशाल की मां संध्या ने सर्वेश को बताया कि पुत्र अभी तक



वापस नहीं आया है। परिजनों के साथ विशाल की खोजबीन प्रारंभ की गई, तो गांव के पास में सर्वेश का मोबाइल पानी पर तैरता हुआ मिला। शक होने पर गांव के लोगों ने तालाब में उतरकर देखा तो विशाल को तालाब से निकाला गया, लेकिन तब तक विशाल की सांसें चल रही थीं। आनन-फानन में विशाल को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घर पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। विशाल अपनी बहनों में सबसे छोटा इकलौता पुत्र था। उसकी दो बहनें शालिनी उम्र 13 वर्ष एवं पल्लवी उम्र 9 वर्ष है।

## नगर मजिस्ट्रेट के सामने हंगामा, वार्ता विफल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर की सातनपुर आलू मंडी में 50 किलो आलू की तौल पर 47 किलो के दाम किसानों को मिलने के मामले में किसानों के हंगामा करने पर नगर मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंच गये। नगर मजिस्ट्रेट के सामने आढ़तियों, व्यापारियों व भाकियू की वार्ता करने का प्रयास हुआ, लेकिन नगर मजिस्ट्रेट के सामने ही जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद भी दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनी।

नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल, सीओ सिटी एश्वर्या उपाध्यय ने समझाकर भाकियू व आढ़तियों आदि के मध्य वार्ता कर बीच का रास्ता निकालनें का प्रयास किया गया। इस दौरान दोनों पक्षों



वार्ता के दौरान अधिकारीगण व भाकियू नेता आदि

में जमकर नोकझोंक हुई। आढ़ती सरकार की नियमावली के तहत आलू बिक्री करने को तैयार नहीं हुए। इस दौरान एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाये गये। नगर मजिस्ट्रेट के सामने ही जमकर हंगामा हुआ। फिर उसके बाद वार्ता में बात रखी गयी कि जूट के पैकेट में 50 किलो की तौल पर 2 किलो की कटौती की जायेगी। जबकि जाली के पैकेट में 1 किलो की कटौती की जायेगी। जिसमें पैकेट व्यापारी का होगा। किसान यूनियन ने वार्ता में हुए फैसले को लिखित में देने की बात कही।

जिस पर समझौता पत्र तैयार किया गया, लेकिन व्यापारी और आढ़ती मौके पर ना होने से समझौता पत्र पर हस्ताक्षर नहीं हो सके। लिहाजा वार्ता असफल रही। इस मौके पर मंडी सचिव सूरज सहाय सक्सेना, किसान नेता अरविन्द शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, प्रभाकांत मिश्रा, राजीव चतुर्वेदी, अजय वर्मा आदि रहे। भाकियू जिलाध्यक्ष अजय कटियार नें बताया कि वार्ता में फिलहाल अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। वार्ता के दौरान दूसरा पक्ष मौके से चला गया था।



## दुर्वासा ऋषि आश्रम पर हुआ विशाल भंडारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिनी कुंभ कहे जाने वाले मेला रामनगरिया में दुर्वासा ऋषि आश्रम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर साधु संतों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार मेला रामनगरिया का उद्घाटन 13 जनवरी को होगा। जिसकी लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। साधु संतों ने भी पूजा पाठ करना शुरु कर दिया है। वहीं कल्पवासी भी बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा भजन कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को दुर्वासा ऋषि आश्रम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में संतों ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात साधु संतों को कंबल का वितरण किया गया। बताते चलें कि यह भंडारा ईश्वरदास महाराज की ओर से किया गया। ईश्वरदास महाराज ने बताया कि मेले में कुछ कमियां हैं। हालांकि कल एडीएम आये थे। उनसे वार्ता भी हुई थी। उन्होंने प्रशासन से मेले में चाक चौबंद व्यवस्थायें करने की मांग की है।

## सफाईकर्मी को टेंपो चालक ने टक्कर मारकर किया घायल



पीएचसी में भर्ती सफाईकर्मी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

टेंपो चालक ने लापरवाही से चलाते हुए सफाईकर्मी के टक्कर मार दी। जिससे सफाईकर्मी गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कमालगंज इंद्रा नगर निवासी रामवीर पुत्र जगदीश जो की फतेहगढ़ विकास भवन के डीपीआरओ ऑफिस में सफाईकर्मी है। फतेहगढ़ से डियूटी समाप्त कर जब वह वापस आ रहा था, तभी भोजपुर कुतुबपुर बघार नाला के निकट टेंपो चालक ने बाइक में लापरवाही से टक्कर मार दी। जिससे रामवीर गंभीर रूप से घायल हो गया एवं दो जगह से उसका पैर टूट गया।

वहीं सूचना मिलने परिजन मौके पर पहुंचे एवं मौके से टेंपो की नंबर प्लेट बरामद कर ली जो टूटकर गिर गई थी। वहीं मौका पाकर टेंपो चालक टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया। 108 एंबुलेंस से गंभीर रूप से घायल हुए रामवीर को कमालगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### महिला ने गृहकलह में पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर खास निवासी कंचन उम्र 30 वर्षीय पत्नी राजू ने ग्रह कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## कथित फौजी ने कई साधु संतों से की हजारों की ठगी

- आधुनिक सुविधाओं के उपकरण दिलाने का दिया था भरोसा
- शिकायत लेकर पहुंचे संतों को पुलिस ने थाने से किया चलता

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ढाईघाट शमशाबाद में रामनगरिया मेला आजकल अपने सबाब पर है। यहां सैकड़ों की संख्या में साधु संत, श्रद्धालु ओर व्यापारी कल्पवास करने लगे हैं। सुबह उठकर गंगा स्नान तथा गंगा मैया की चरण वंदना से ऐसा लगता जैसे जंगल में मंगल हो गया हो। बताते है ढाई घाट शमशाबाद में कल्पवास करने वाले सैकड़ों साधु बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं, लेकिन यहां कोई संतों के भी साथ फ्रॉड करेगा यह किसी ने सोचा भी नहीं था। बताते हैं कुछ दिन पूर्व यहां एक व्यक्ति आया जिसने अपने आप को फौजी बताया। उसने यह भी बताया वह एटा जनपद की थाना जसरतपुर अलीगंज का रहने वाला है। उसने अपना मोबाइल नंबर भी दिया और कहा वह साधु संतों को बहुत सस्ती कीमतों पर कुछ आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से संबंधित उपकरण व कुछ अन्य वस्तुओं को उपलब्ध कराना चाहता है। इसके लिए साधु संतों को प्रति व्यक्ति 750 रुपए जमा करना होगा। बताते है फर्जी फौजी बनकर साधुओं को ठगी का शिकार बनाने वाले व्यक्ति ने यह भी बताया वह 13 तारीख को सभी लोगों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करा देगा। जिसमें गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, कंबल, राशन, सूर्य लाइट, बैटरी तथा 5 बर्तन होंगे। सभी संतों ने फर्जी फौजी की बातों पर भरोसा कर रुपए दे दिए। इसके बाद उसने खबर नहीं ली। बताते हैं संतों को शक तब हुआ जब उन्होंने फर्जी फौजी द्वारा उपलब्ध कराए गए फोन नंबर से संपर्क करना चाहा, मगर फोन नहीं मिला। संतो के अनुसार लगभग आधा सैकड़ा साधु संतों से 750 रूपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से हजारों की नकदी दी गयी थी। इसके बाद संत थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें चलता कर दिया। जिससे साधु संतों में रोष देखा गया। ठगी के शिकार होने वाले संतों में अशोक दास, सोबरन दास, माधव दास, गंगादास, कमला दास, बाबू दास, जीवाराम दास, जलेबी दास, हरिदास, ठाकुरदास, नाम चेतन महाराज, अशोक दास, माया देवी, अमर दास, भरत दास, नारायण दास सहित लगभग आधा सैकड़ा संत बताए गए हैं।

# लालगेट पर चौपाल लगाकर चालकों को किया गया जागरूक

**21 वाहनों के किए गए चालान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शुक्रवार को लालगेट स्थित प्राइवेट बस अड्डा पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत चालकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बस, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा तथा टैक्सी के लगभग 90 चालक, वाहन स्वामी तथा बस व टैम्पो यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन दिन के साथ-साथ रात में भी अवश्य किया जाना चाहिए। अक्सर चालक रात में हेडलाइट के हाई बीम तथा लो बीम के प्रयोग के संबंध में जागरूक नहीं होते हैं। जब वाहन का संचालन किसी ऐसे मार्ग पर किया जा रहा हो जिस पर यातायात कम हो तथा दूर तक दृश्यता की आवश्यकता हो तब हाई बीम का प्रयोग किया जाना है, परंतु दूसरे वाहन के पास आने अथवा दो पहिया वाहन आदि के निकट से गुजरने के समय लो बीम का प्रयोग किया जाना चाहिए, ताकि अधिक प्रकाश के कारण दूसरे वाहन की सुरक्षा खतरा में न हो। रात्रि में हेडलाइट का प्रयोग दृश्यता एवं संकेत के लिए किया जाता है। अतः वाहनों के बीच उचित दूरी बनाकर रखें तथा डिपर का प्रयोग करें, ताकि यातायात सुरक्षित रहे।



सम्बोधित करते एआरटीओ



मौजूद वाहन स्वामी व चालकगण

उन्होंने सभी यूनियन पदाधिकारियों तथा चालकों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई तथा आवाह्न किया कि किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें। सभी चालक गाड़ी पर यदि अपने सामने अपने परिवार की फोटो लगाकर रखेंगे तो उन्हें याद रहेगा कि उन्हें सकुशल घर पहुंचना है तब वह जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाएंगे। सभी सुरक्षित रहें यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने जनपद को दुर्घटना रहित जनपद बनाएं। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा मार्ग चेकिंग करते हुए बिना एचएसआरपी लगे वाहन, गलत दिशा में चलने वाले वाहन तथा बिना हेलमेट के वाहन संचालन के उपयोग में 21 चालान किए गए। इस मौके पर बड़ी संख्या में वाहन मालिक व चालक मौजूद रहे।

# बाइक एजेंसी के संचालक ने वाहन चालकों को पहनाये हेलमेट

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहन चालकों को होने वाली दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जिले भर में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

तिराहे-चौराहे पर विभाग की ओर से चौपाल लगाकर यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रह है। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि आप वाहन चलाते समय किन बातों का विशेष ध्यान रखें, जिससे आप दुर्घटना से बच सकें। दो पहिया वाहन चालक अपने सिर को सुरक्षित रखने के लिए हेलमेट अवश्य लगाये। बिना हेलमेट के वाहन को न चलाये। वहीं चार पहिया वाहन चालक भी सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें। जिससे की यदि कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई दुर्घटना घटित होती है तो उससे बच सकें। इसी के तहत थाना शमशाबाद क्षेत्र में भी दो पहिया वाहन चालकों को आकांक्षा बाकइ एजेंसी व बालिस्टर सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक की ओर से सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हेलमेट पहनाये गये। इस दौरान थाना प्रभारी तरुण भदौरिया, आदित्य पाल सिंह उर्फ सर्वेश प्रधान आदि मौजूद रहे।



बाइक चालक को हेलमेट पहनाते आदित्य पाल सिंह व थाना प्रभारी आदि

# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर मनाया गया विश्व हिन्दी दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जटवारा जदीद सेवाकेंद्र पर विश्व हिंदी दिवस साप्ताहिक पाठ्यक्रम की हिंदी पुस्तक भेटकर विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी बीके शोभा बहन ने सभी को पुस्तक के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, हमें हिंदी पर जरूर गौर करना चाहिए।

भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन सबसे सरल भाषा सुरीली भाषा मातृभाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। जैसे अ से आम वैसे अ से आत्मा, प से परमात्मा, ब से बाबा भी ब्रह्मा कुमारीज में पढ़ाया जाता है एवं सृष्टि के आदि मध्य अंत के ज्ञान की भी जानकारी ब्रह्माकुमारी आश्रम में दी जाती है। साथ-साथ मेडिटेशन भी सिखाया जाता है, छोटे बच्चे बड़ो-बूड़ों को भी नैतिक मूल्य भी सिखाए जाते हैं।



कार्यक्रम में मौजूद बीके शोभा बहन आदि

जिस प्रकार बच्चों को ओलम के पूरे ज्ञान से पढ़कर डॉक्टर, वकील, इंजीनियर बनाया जाता है। उसी प्रकार से ज्ञान के ओलम से नर से श्री नारायण जैसा नारी से श्रीलक्ष्मी जैसा पद की प्राप्ति होती है। शोभा बहन ने सभी अपनी क्लास के भाई बहनों को अपनी जो शुद्ध सुरीली भाषा विश्व हिंदी दिवस पर सबको कॉपी पेन और पुस्तक भेंट कर माताओ को बोर्ड पर लिखना भी सिखाया। डॉ0 गंगा सिंह ने कहा कि सतयुग की भाषा भी हिंदी थी, इसलिए हिंदी परंपरा से चली आई है। विनोद एवं लालीजी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर उर्मिला, रामजानकी, दुर्गा, विमल, सीमा, सुदामा, विटोली, माधुरी, रेशमा, संतोष, सुखरानी, कमलेशा, रवि आदि मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में कम्पिल क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी सत्यवीर (27), सिकंदरपुर तिहैया निवासी सर्वेंद्र सिंह (26), नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी श्याम पाठक (16), जनपद शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के गांव जरियनपुर निवासी इद्रपाल (27), कम्पिल क्षेत्र के गांव मेंदपुर निवासी सुनील (24), भेटी निवासी राजदेव की 18 वर्षीय पुत्री रिंकी व जितेन्द्र (22), नगर के रेलवे रोड निवासी अमित (30), थाना शमसाबाद के गांव किसरौली निवासी कुलदीप (60) व कुलदीप की पत्नी रागिनी (55) घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों व 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद सरवेंद्र, रिंकी, जितेंद्र, अमित व रागिनी को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# रमला राठौर सहित जनपद के 15 मण्डल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला चुनाव अधिकारी ने जनपद के 15 मण्डल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि की सूची जारी की है।

फतेहगढ़ मण्डल रमला राठौर को बनाया गया है। कायमगंज विधानसभा में मण्डल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि के अचरा मंडल अध्यक्ष कुनेंद्र गंगवार व जिला प्रतिनिधि अजयवीर सिंह, कम्पिल मण्डल अध्यक्ष निर्मल कश्यप व जिला प्रतिनिधि किसानू चतुर्वेदी, कायमगंज ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र राजपूत व जिला प्रतिनिधि सीता चतुर्वेदी, कायमगंज नगर मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र दुबे व जिला प्रतिनिधि अमित राठौर, शमशाबाद मण्डल अध्यक्ष आदेश शाक्य व जिला प्रतिनिधि रामलखन राजपूत को बनाया गया है। वहीं अमृतपुर विधानसभा में नीबकरोरी मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान व जिला प्रतिनिधि सुभाष राजपूत, सलेमपुर मण्डल अध्यक्ष लालू राजपूत व जिला प्रतिनिधि स्वदेश त्रिवेदी, अमृतपुर मण्डल अध्यक्ष नीरज अवस्थी व जिला प्रतिनिधि अनुराग सिंह को बनाया गया। फर्रुखाबाद सदर के फतेहगढ़ नगर मण्डल अध्यक्ष रमला राठौर व जिला प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, फर्रुखाबाद नगर पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष वीर बहादुर पाल व जिला प्रतिनिधि प्रबल त्रिपाठी, बढ़पुर पश्चिम मण्डल अध्यक्ष सर्वेश कुमार उर्फसंतोष राजपूत व जिला प्रतिनिधि शेर सिंह शाक्य को बनाया गया है। भोजपुर विधानसभा के कमालगंज मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा व जिला प्रतिनिधि दिलीप श्रीवास्तव, जहानगंज मंडल अध्यक्ष अनुज कटियार व जिला प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह, मोहम्मदाबाद उत्तरी मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह राठौर व जिला प्रतिनिधि अंशुल दुबे, मोहम्मदाबाद दक्षिणी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा व जिला प्रतिनिधि रामदत्त गौतम को बनाया गया है। सभी मण्डल अध्यक्षों का अपने-अपने क्षेत्र में स्वागत किया गया और मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी गई। फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रमला राठौर के बनने पर भोलेपुर तिराहे पर फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें मिठाई खिलायी गई। इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामवीर सिंह चौहान, आशू राठौर, रिशु राठौर, अरुण त्रिवेदी, टिंकू भदोरिया, संजीव राठौर, हरिओम चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन आज

फर्रुखाबाद। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पर्व अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमन चतुर्वेदी 11 जनवरी शनिवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे जिलाध्यक्ष पद के लिए कार्यकर्ताओं से नामांकन लेंगी। उनके द्वारा नामांकन प्रक्रिया कार्यक्रम घोषित किया गया है। बड़ी संख्या में दावेदार पार्टी कार्यालय पर पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमन चतुर्वेदी के समक्ष नामांकन करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा कार्यालय पर नामांकन के दौरान गहमा-गहमी का माहौल बने रहने की आशंका है। इसको देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम भी रहेगें। जिससे किसी प्रकार शांति भंग न हो। बताते चले कि पार्टी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि 60 साल वाले कार्यकर्ता अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल नहीं किये जायेंगे। अभी तक जिन नामों की चर्चा हो रही थी उनमें से लगभग 5 ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता है जो 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। ऐसे में वह अध्यक्ष पद के नामांकन प्रक्रिया की दौड़ से बाहर हो सकते है।

# जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने नरहर विष्णु गाडगिल का मनाया जन्मदिवस

**आंदोलन के साथ-साथ समाज सुधारक के अग्रणी थे। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन किया**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने कार्यालय पर स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनैतिज्ञ नरहर विष्णु गाडगिल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। उनका जन्म 1986 में मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में हुआ।

वह आंदोलन के साथ-साथ समाज सुधारक के अग्रणी थे। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन किया। जिसके तहत उन्हें 8 बार कारावास की सजा भुगतनी पड़ी।

वह भारत के पहले मंत्री मण्डल में मंत्री भी रहे। वाणिज्य, निर्माण, खान और बिजली जैसे कई विभाग की जिम्मेदारी संभाली और कई परियोजनाओं की शुरुआत की। उनकी जयंती पर उन्हें याद किया गया। अध्यक्षता उत्तम कुमार मिश्रा ने की। संचालन कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने किया।

इस मौके पर शिवाजी कटियार, नरेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ मेहंदी हसन, मुन्ना सिंह, रामनाराण मिश्रा, पृथ्वीनारायण, शिवकुमार वर्मा, कृष्ण कुमार, ओमप्रताप सिंह, कमलेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मरीजों का किया परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हर द्वारा आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत कस्बे के एकीकृत सेवा केंद्र पर एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने कुल 124 रोगियों (64 पुरुष और 60 महिला) का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया।

शिविर में रोगी सर्दी, जुकाम, खांसी, चर्म रोग, बीपी, हृदय रोग, स्वांस दमा, एलर्जी, गठिया आदि से पीड़ित मिले। चिकित्सक ने सभी रोगियों को होम्योपैथिक उपचार के साथ-साथ जनपद में चल रहे 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के अंतर्गत रोगियों, उनके परिजनों एवं ग्रामवासियों को राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में जागरूक कर समझाया कि टीबी किसी भी व्यक्ति को हो सकती है, इसीलिए समय पर अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपने बलगम की जांच अवश्य करवाएं, क्योंकि ये बीमारी किसी टीबी संक्रमित व्यक्ति के खांसने छींकने से ही फैलती है, लेकिन यह कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। बलगम की जांच में संक्रमित पाए जाने पर, सभी सरकारी चिकित्सालयों पर इसका उपचार पूरी तरह से निःशुल्क है और अब सरकार टीबी का नियमित इलाज ले रहे रोगी को उसके उचित पोषण के लिए हर माह 1000 रुपए की सहयोग राशि भी पूरे इलाज के दौरान देती है। इस दौरान चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह, कक्ष सेवक आकाश मसीह, आलोक कुमार एवं ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।




मरीज का परीक्षण करते चिकित्सक

## उपचार के दौरान वृद्ध की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया था। सैफई में उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव इज्जत गढ़ी निवासी जफर अली उम्र 65 वर्ष जो की नगर पालिका के निकट देशी शराब के ठेके पर कैंटीन में पानी व गिलास बेचने का काम करता था। बीते दिनों अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। सैफई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# दबंग दंपत्ति ने युवक के हड़पे जेवरात, घर में लगायी आग

**डीएम से लेकर एसपी से तक कर चुका है पीड़ित शिकायत, नहीं हुई कार्यवाही**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देता पीड़ित

दबंग भाई-भाभी ने युवक के जेवरात हड़प लिये। जब पीड़ित अपने जेवरात मांगने गया तो दबंग दंपत्ति ने झूठा आरोप लगाकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित जब घर पहुंचा तो उक्त लोगों ने घर में आग लगा दी। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने से लेकर डीएम, एसपी को शिकायती पत्र दे चुका है, लेकिन अभी तक दबंग दंपत्ति के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद है और आये दिन धमकियां देते रहते है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र हुसैनपुर नौखण्डा निवासी राजेश पुत्र नरसी ने बताया कि भाई धनीराम व भाभी बिट्टी अपनी रिश्तेदारी में शादी में जा रहे थे। दोनों लोगों ने मुझे जेवरात मांगे, तब मैंने अपनी पत्नी के जेवरात पायल, सोने की बेसर, सोने के कुण्डल दे दिये। जब वह दोनों वापस आये तो मैंने अपने जेवरात मांगे तो उक्त लोग गाली-गलौज करने लगे, जब मैंने विरोध किया तो भाई धनीराम, पिता नरसी, चाचा रामनरेश ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने बच्चों के साथ भी मारपीट की और मेरे घर में आग लगा दी। आरोपी भाई ने मेरे हिस्से की जमीन भी पिता से लिखवा ली। घटना के संबंध में चौकी याकूतगंज में शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। आरोपीगण जानमाल की धमकी भी दे रहे है। आरोपी बच्चों के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित कर सकते है। इस संबंध में डीएम-एसपी से भी शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद है। पीड़ित का कहना है कि वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। वहीं हमारे समाचार का संज्ञान लेते हुए एडीजी व आईजी कानपुर जोन ने पुलिस अधीक्षक को कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

# पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ की जिला कमेटी घोषित

**अध्यक्ष रहीश अहमद व मंत्री अशोक कुमार बने, हुआ स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन देकर मांग की है कि संघ की जनपद शाखा फर्रुखाबाद को मान्यता प्रदान की जाये। संघ की जनपद शाखा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। शाखा के पदाधिकारी व कर्मचारियों के साथ संगठनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्षम है।प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला ने जनपद कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें संरक्षक राकेश चन्द्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष रहीश अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजेन्द्र कुमार पाल व मंत्री अशोक कुमार गंगवार को बनाया गया। उपाध्यक्ष रामनिवास, उपमंत्री शिवम कुमार यादव, संयुक्त मंत्री जागेश्वर, रिजवान, कालीचरण बने। संगठन मंत्री निजामुद्दीन व विपिन कुमार देवेन्द्र सिंह यादव को बनाया गया। कार्यालय सचिव वीर सिंह बने। कोषाध्यक्ष शिवकुमार को बनाया गया है। आडिटर विनोद कुमार बनाया गया है। प्रचार मंत्री अमर सिंह, अजय कुमार, आदेश कुमार को बनाया गया है। राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री प्रमोद कुमार दीक्षित सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस दौरान अभिषेक बाजपेयी आदि लोग मौजूद रहे।



मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

## मुख्यमंत्री से की घायल गाय का उपचार न कराने वाले बीडीओ की शिकायत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई गाय की दशा से आहत राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री व गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष सम्बोधित मांग पत्र नायब तहसीलदार मनीष वर्मा को सौंपा। जिसमें दर्शाया कि कंपिल रोड पर 8 दिन पहले एक गाय सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। जिससे वह चलने की स्थिति में नहीं थीं। गाय के घायल होने की जानकारी बीडीओ को दे कर उसका इलाज कराने की मांग की थी। खण्ड विकास अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और अनदेखी करते हुए घायल गाय का उपचार नहीं कराया। जिससे उसकी हालत बिगड़ती जा रही है। गाय को तड़पता देख हम लोगों को काफी आहत पहुंचा है। इस दौरान संगठन के ऋषभ, अमित सक्सेना, आकाश, मनोज, चन्दन, अनिल, प्रभात, प्रिन्स, अमित कुमार, राणा, मनमोहन आदि लोग मौजूद रहे।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते कार्यकर्ता

# शराबी ने फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शराब के नशे में पत्नी से झगड़ा करने के बाद अधेड़ युवक ने विद्युत केबिल से फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव कुबेरपुर निवासी 40 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र कन्हैयालाल शराब के नशे में घर आया और पत्नी के साथ लड़ाई-झगड़ा करने लगा। पत्नी सुनीता अपने बच्चे आशू, मनीष को लेकर बाहर निकल गयी, तभी सुनील ने घर में विद्युत केबिल के तार से फांसी लगा ली। सुनील को लटका मां रामादेवी ने चीखपुकार शुरु कर दी। चीखपुकार की आवाज सुनकर पत्नी सुनीता व पुत्र आशू आ गये और सुनील को नीचे उतारा। परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पत्नी सुनीता ने बताया कि उसका पति शराब पीकर आया और मेरे साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। जिसके बाद मैं व मेरा पुत्र घर के बाहर आ गये। इसी दौरान सुनील ने बिजली के तार से फांसी लगा ली। जानकारी होने पर उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया।



अस्पताल ले जाते परिजन

# दुनिया की सबसे पुरानी व समृद्ध भाषा हिन्दी




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदी दिवस जिसे हम अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस के रूप में मनाते है। हर साल 10 जनवरी को मनाया जाता है। यह हिंदी भाषा की सुंदरता, विरासत और बढ़ते वैश्विक प्रभाव का सम्मान करने का दिन है। इस दिन को मनाने से सांस्कृतिक एकीकरणकर्ता के रूप में हिंदी की भूमिका और वैश्विक साहित्यिक और भाषाई विविधता में इसके योगदान पर प्रकाश डाला जाता है। कुछ शिक्षकों ने अपने विचार साझा किये है।



**डा0 शालिनी सिंह**

मान्यवर काशीराम महाविद्यालय की निनौआ की प्राध्यापिका डा0 शालिनी सिंह ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस विश्व पटल पर हिन्दी के प्रबल जयघोष की तिथि के साथ-साथ हिन्दी के हवाले से उठते कुछ जरुरी सामयिक प्रश्नों पर चिंतन व आत्म मंथन का भी दिन है। हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता का भी प्रतीक है। यह दुनिया की सबसे पुरानी और समृद्ध भाषाओं में से एक है। इसलिए हमें हिन्दी भाषा पर गर्व है।



**डॉ0 आलोक बिहारी लाल शुक्ल**

भारतीय महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी प्रेमी डॉ0 आलोक बिहारी लाल शुक्ल ने बताया कि हिंदी को एकता और आपसी संवाद का माध्यम माना जाता है, क्योंकि यह हमारे देश के करोड़ों लोगों को एक साथ जोड़ती है। विश्व हिंदी दिवस की शुरुआत वर्ष 1975 में नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन से हुई थी। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाना है। हम हिन्दी प्रेमी हिन्दी को बढ़ावा दें।



**संतोष कुमार**

किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदन गनेशपुर के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हिंदी भाषा में इतना समृद्ध साहित्य है, जिसने पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है। तुलसीदास, कबीर, प्रेमचंद जैसे महान लेखकों ने अपनी रचनाओं से हिंदी को नया आयाम दिया। हिंदी में साहित्य, कला और विज्ञान के क्षेत्र में योगदान को प्रोत्साहित करना है और हिन्दी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य है।



**पुष्पा सिंह**

बेसिक शिक्षा परिषद ब्लाक मोहम्मदाबाद के गैसिंहपुर में कार्यरत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की शिक्षिका पुष्पा सिंह ने विश्व हिन्दी दिवस पर बताया कि आज जब हम तकनीक और वैश्वीकरण के युग में हैं, तो हमें अपनी भाषा के महत्व को समझने और उसे और मजबूत करने की जरूरत है। हमें हिंदी के प्रयोग को केवल पढ़ाई तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। जिससे मातृ भाषा हिन्दी की पहचान बढ़े।

# विकसित भारत के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग प्रवासी भारतीय : राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाना एक राष्ट्रीय मिशन है और इसमें प्रवासी भारतीयों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय तथा उत्साहजनक भागीदारी जरूरी है।

श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को ओड़िशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के दृष्टिकोण का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश आज वर्ष 2047 तक विकसित भारत की ओर अग्रसर है। यह एक राष्ट्रीय मिशन है जिसमें विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। प्रवासी भारतीय इस दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं। उनकी वैश्विक उपस्थिति उन्हें एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करती है और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में रखती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रवासी भारतीय देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर आए हैं, बल्कि वे मूल्य और लोकाचार भी लेकर आए हैं जो सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता के क्षेत्र में हो, प्रवासी भारतीयों ने ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है।

राष्ट्रपति ने सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की कहानियाँ न केवल भारत के लिए गौरव की बात हैं, बल्कि वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित भी करती हैं।

श्रीमती मुर्मु ने त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू को भी बधाई दी और कहा कि महिलाओं और प्रवासी भारतीयों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में उनके उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां विचारों का संगम होता है, सहयोग स्थापित होता है और भारत और प्रवासी भारतीयों के बीच संबंध मजबूत होते हैं। भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत दर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह दृष्टिकोण एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के बारे में है जो न केवल हमारी आवश्यकताओं को पूरा करता है, बल्कि वैश्विक कल्याण में भी योगदान देता है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा राष्ट्र बनना चाहते हैं जो आर्थिक प्रगति को सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित करे, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो। इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने में प्रवासी भारतीय समुदाय एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे-जैसे हम अपने प्रवासी भारतीय परिवार की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, हमें आशा और दृढ़ संकल्प के साथ भविष्य की ओर भी देखना चाहिए। हम सब मिलकर एक विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं, एक ऐसा राष्ट्र जो वैश्विक मंच पर ऊंचा स्थान रखता है और दुनिया के लिए प्रकाश की किरण बना रहता है।

## एआईसीटीई ने तकनीकी व प्रबंधन शिक्षा पर 13 हिंदी पुस्तकों का किया विमोचन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार ने हिन्दी भाषा में लिखी गई 13 पुस्तकों का विमोचन किया। यह पुस्तकें तकनीकी और प्रबंधन विषयों पर पांडुलिपियों के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत प्रकाशित हुई हैं।

इस मौके पर प्रो. राजीव कुमार ने तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा को हिंदी भाषी पाठकों के लिए और अधिक सुलभ बनाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इन विषयों पर हिंदी में पुस्तकें प्रकाशित करने की पहल की सराहना की और इसे समावेशी शिक्षा में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने उच्च शिक्षा में भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

प्रो. कुमार ने कहा कि ये पुस्तकें केवल संकाय सदस्यों और छात्रों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ये सभी के लिए ज्ञान प्राप्त करने का संसाधन हैं। इन 13 पुस्तकों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण अध्ययन, चित्रकला, कला और भारतीय मूल्यों से प्रेरित नीतियों सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है। यह पहल शिक्षा में भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने के लिए एआईसीटीई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में लेखकों ने संक्षेप में अपनी पुस्तक का परिचय दिया और इनके प्रकाशन के लिए एआईसीटीई व हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला के प्रति आभार व्यक्त किया

# ग्राम सचिव का डिजिटल हस्ताक्षर नहीं बनने से विकास कार्य बाधित

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**

स्थानीय विकास खंड के कलस्टर महुगढ़ के सचिव का डिजिटल हस्ताक्षर नहीं बनने से संबंधित क्लस्टर के ग्राम पंचायत महुगढ़, पुरवा औसान सिंह, कोटार, उंटी में विकास कार्य बाधित हो गया है।

महुगढ़ क्लस्टर में तैनात किये गए सचिव की डियूटी कंतित शरीफ व कुम्भ मेला में लगा दिया है जिससे डिजिटल हस्ताक्षर नहीं बन पा रहा है सचिव का डिजिटल हस्ताक्षर नहीं होने से विकास कार्य का पुराना भुगतान नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत कोटार में कूप जगत, इंटरलकिंग, सुख्ता गड्ढा, आदि कार्य करा देने के बाद भी एक महीने से भुगतान नहीं हो पा रहा है। पांच लाख रूपये श्रमिक मैटेरियल भुगतान नहीं हो पाया है मनरेगा कार्य प्रभावित है। साथ ही ग्राम प्रधान, केयर टेकर, पंचायत सहायक का मानदेय नहीं लग पा रहा है इसी तरह से ग्राम पंचायत पुरवा औसन सिंह, महुगढ़, उंटी में भी भुगतान नहीं हो पा रहा है साथ इन ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर, मृत्यु, जन्म प्रमाण पत्र, किसानों की फार्मर रजिस्ट्री भी नहीं जारी हो पा रहा है। महुगढ़ क्लस्टर में तैनात रहे सचिव प्रज्ञान शुक्ला को वित्तीय अनियमिता के आरोप में जिला विकास अधिकारी ने ग्राम की शिकायत पर जांच के बाद निलंबित कर दिया था। सचिव के निलंबित होने के बाद नये सचिव संदीप कुमार को महुगढ कलस्टर में तैनात किया गया लेकिन सचिव की ड्यूटी कंतित शरीफव कुंभ मेला में लगा दिए जाने से सचिव का डिजिटल हस्ताक्षर अधिकारीयों द्वारा नही बनाए जाने से महुगढ कलस्टर के ग्राम पंचायत कोटार, पुरवा औसान सिंह, महुगढ, उंटी में विकास कार्य बाधित हो गया है। न ही नया भुगतान कार्य हो पा रहा है और न ही ग्राम पंचायत में कराए गये कार्य का भुगतान हो पा रहा है जिससे संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान परेशान है।

इस संबंध में ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह ने बताया की क्लस्टर में तैनात सचिव को निलंबित होने के बाद तैनात किए गये सचिव का डिजिटल हस्ताक्षर नही बनने से विकास कार्य बाधित हो गया है और ग्रामीणों का परिवार रजिस्टर, मृत्यु जन्म प्रमाण पत्र जारी हो पा रहा है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया कि महुगढ कलस्टर में तैनात सचिव की ड्यूटी कंतित शरीफव कुंभ मेला में लगा दिए जाने से डिजिटल हस्ताक्षर जारी नही हो पाया है। जल्द ही डिजिटल हस्ताक्षर जारी करा दिया जायेगा।

## संविधान गौरव अभियान में अम्बेडकर के संविधान पर चर्चा



**समृद्धि न्यूज, सीखड़ (मिर्जापुर)।**

संविधान गौरव अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा मगरहा स्थित बाढ़ राहत भवन में बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रतिनिधि प्रमोद कुमार पांडेय रहे। मुख्य अतिथि ने भीमराव अंबेडकर जी के द्वारा बनाए गए संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल एवं जिला प्रतिनिधि प्रमोद कुमार पांडे को कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज व कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आनंद शर्मा ने किया।इस अवसर पर डॉक्टर मारकण्डेय सिंह विजय नारायण सिंह,संजय मिश्रा,शीतलेश्वर पाठक,हितेश पांडेय,ज्ञानधर शुक्ला राजू सिंह, अनूप सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महुगढ़ में विद्युत शिविर लगाकर 26 बकायेदारों का किया पंजीकरण

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**



**70 हजार रुपये की वसूली**

क्षेत्र के कम्पॉजिट विद्यालय महुगढ़ के परिसर में शुक्रवार को उपखण्ड अधिकारी दिलीप गुप्ता ने शिविर लगाकर विद्युत बकायेदारों के बकाया बिजली के बिल को जमा कराते हुए बकायेदारों के एकमुस्त समाधान योजना के तहत पंजीकरण कराया है। साथ ही बकाया बिजली के बिल को जमा कराया है और बिजली के बिल को संसोधन किया है। शिविर में 26 बिजली के बिल के बकायेदारों का एकमुस्त समाधान कराया गया और 70 हजार रूपये बिजली के बकाया बिल को जमा कराया है। इस दौरान बिजली के बिल को जमा करने ले लिए बकायेदारों की भीड़ लगी रही लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण बिजली कर्मियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही कुछ उपभोक्ताओं ने बिजली के बिल में गड़बड़ी का आरोप लगाया है।

बिजली के बिल में गड़बड़ी का आरोप लगाने वाले उपभोक्ताओं में दल गरिया, कन्हैया पाल, कमलावती, निर्मला, धनर्जीया, मनोज, अमृतलाल, अमरावती, फूलवा, अन्नू, इतवरिया, आदि ने बिजली के बिल में गड़बड़ी व दो दो बिल आने का आरोप लगाया है। आरोप की एक विद्युत विभाग द्वारा पूर्व में लगाए गए मीटर व सौभाग्य योजना के तहत कनेशक्शन का बिल आ रहा है। इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी दिलीप गुप्ता ने बताया की जिन उपभोक्ताओं के बिल दो आ रहे है वह उपभोक्ता पुराना व नया बिल लेकर आये जांच कराकर एक कनेक्शन को बंद करा दिया जायेगा। इस दौरान अवर अभियंता दया शंकर प्रजापति, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र पाण्डेय, लाइनमैन आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### शुभ वैकुंठ एकादशी पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के वैकुंठ एकादशी के शुभ अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना करने के लिए शुक्रवार को राज्य के मंदिरों, विशेषकर भगवान विष्णु को समर्पित मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पवित्र दिन का जश्न मनाते हुए, धर्मनिष्ठ हिंदुओं ने उपवास किया और मनोभाव से पवित्र ग्रंथों को पढ़ा। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, वैकुंठ को भगवान विष्णु का दिव्य निवास माना जाता है। यदागिरिगुट्टा के ऊपर श्री लक्ष्मीनरसिम्हा स्वामी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी।

### वीर गाथा 4.0 में 1.76 करोड़ विद्यार्थी जुड़े, वीर-वीरांगनाओं पर लेख के लिए 100 होंगे पुरस्कृत




**एजेंसी, नई दिल्ली।** सशस्त्र बलों के जवानों की वीरता की कहानियों को विद्यार्थियों के मानस तक पहुंचाने के लिए रक्षा और शिक्षा मंत्रालयों की पहल 'वीर गाथा' के इस बार चाथे चरण के कार्यक्रमों में पौने दो करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह पहल अब गणतंत्र दिवस समारोह का हिस्सा है। शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार रक्षा एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल 'वीर गाथा 4.0' के प्रति देश भर में भारी उत्साह दिखा है। इस वर्ष लगभग 2.31 लाख स्कूलों के लगभग 1.76 करोड़ छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि इसके तहत चार श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर पर 100 विजेताओं का चयन किया गया है। प्रत्येक श्रेणी से 25 विजेता हैं। राज्य और जिला स्तर पर मूल्यांकन के बाद, राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के लिए लगभग 4,029 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जहाँ शीर्ष 100 प्रविष्टियों को सुपर-100 विजेताओं के रूप में चुना गया। इन विजेताओं को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार और विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2025 देखने का अवसर मिलेगा।

### जिला मजिस्ट्रेट ने 24 अभियुक्तों को छह माह के लिये किया प्रतिबंधित

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।** जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन ने अपने न्यायालय में विभिन्न अपराधो में संलिप्त अभियुक्तो को दोषी ठहराते हुये 24 अभियुक्तो के विरूद्ध आदेश पारित करते हुये 6 माह के लिये प्रतिबन्धित करने का आदेश दिया। जिनको प्रतिबंधित किया गया है उनमें पवन कुमार उर्फबरसाती पुत्र शिवनाथ थाना अहरौरा, बेलाल अली पुत्र मरहम थाना कोतवाली कटरा, रामलखन उर्फनकहू पुत्र शिवनाथ थाना अहरौरा, आलोक सिंह पुत्र सुन्दर थाना चुनार, अरविन्द उर्फपचई पुत्र मनका थाना चील्ह, शिव कुमार पुत्र मंगरू थाना चील्ह, समऊ बिन्द पुत्र मेवालाल थाना कोतवाली कटरा, चन्दन पुत्र कन्हैया लाल थाना कोतवाली, लव कुमार बिन्द पुत्र झन्ना लाल थाना कोतवाली कटरा, कुश कुमार पुत्र झन्ना लाल थाना कोतवाली कटरा, गुलाबधर पुत्र सुकई थाना चील्ह, सुरेश पुत्र कन्हैया थाना चील्ह, सुभाष पुत्र सुकई थाना चील्ह, छोटू उर्फराजा पुत्र स्व0 शीतला थाना कोतवाली शहर, गोलू उर्फ कलीम पुत्र जहांगीर थाना अहरौरा, कल्लू शर्मा उर्फचंचल पुत्र दीनानाथ थाना अदलहाट, अशीष जायसवाल पुत्र राजकुमार थाना कोतवाली देहात, पवन कुमार पुत्र दया सोनकर थाना पड़री, पंकज जायसवाल पुत्र गोपाल थाना जिगना, बंटी पुत्र अनवर थाना कोतवाली कटरा, तौफीक अहमद पुत्र सलीम अहमद थाना कोतवाली कटरा, मंजीत यादव पुत्र फूलचन्द थाना चील्ह, इरसाद खां पुत्र अलाउद्दीन थाना कोतवाली देहात एवं मनेन्द्र यादव पुत्र जीवन थाना चील्ह को 6 माह तक के लिये प्रतिबन्धित किया गया हैं।



### संविधान गौरव दिवस मनाया, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के हलिया पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी हलिया मंडल द्वारा संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा हलिया मंडल के प्रभारी राजेश सिंह हिन्द रहे। मुख्य अतिथि ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। इस अवसर पर भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रहरी को भाजपा हलिया मंडल के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रहरी ने किया। नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने मुझे जो जिम्मेदारी सौपी है उसका पुरे मनयोग तन मन धन से करूंगा। कार्यकर्ताओं के लिए सदैव उपलब्ध रहूँगा। कार्यकर्ता ही मेरे लिए सब कुछ है। इस दौरान राजेश सिंह राष्ट्रवादी, पंकज सिंह चंदेल, मंतोष अग्रहरी, अवधेश पाल, पंकज सिंह, मुन्ना सिंह, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

# गलरा व गड़बड़ा गोकुल में ग्राम चौपाल आयोजित

- एडीओ एसटी ने सुनी समस्याएं

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**




स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गलरा व गड़बड़ा गोकुल में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत गलरा में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग ग्रामीणों ने रखी जिसमें एडीओ एसटी ने मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गड़बड़ा गोकुल में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यो का एडीओ एसटी ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने बताया की ग्राम पंचायत गलरा व गड़बड़ा गोकुल में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय, की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरानसचिव राजेंद्र प्रसाद,विनय यादव, अरुण मिश्रा, रजनीश कुमारआदि मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक के पिता का हुआ निधन, दी मुखाग्नि

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी पूर्व ग्राम 90 वर्षीय प्रधान लल्ला दुबे का गुरुवार की रात्रि में निधन हो गया है। पूर्व ग्राम प्रधान का एकलौता पुत्र विनय दुबे भाभा अनुशंधान इंदौर मध्य प्रदेश में वैज्ञानिक है। पिता की मौत की सूचना मिलने पर वैज्ञानिक पुत्र गांव में पहुंचकर पिता को मुखाग्नि दिया है। पूर्व ग्राम प्रधान की नातिन राधिका दुबे चिकित्साधिकारी है। पूर्व ग्राम प्रधान के निधन पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पूर्व ग्राम प्रधान समाजिक व्यक्ति थे। गांव के लोगो के सुख दुख में शामिल होते थे। पूर्व ग्राम प्रधान के निधन से राजू दुबे, राजीव दुबे, पप्पू, अमरेश दुबे, सुरेश दुबे, शंकर लाल, ग्राम प्रधान अमृत लाल, हकीम लाल, माधो लाल आदि ने शोक जताया है।

## अहरौरा विद्युत सब स्टेशन पर मेगा कैंप का किया गया आयोजन



**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।** एक मुफ्त समाधान योजना 2024-25 के द्वितीय चरण में मात्र 6 दिन शेष को देखते हुए अहरौरा विद्युत सब स्टेशन पर मेगा कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी एम डी शंभू सिंह व एक्सचियन सुभम मिश्रा ने नारायनपुर, अदलहाट कैंप में उपस्थित रहे। एसडीओ संजय यादव, जेई पंचधारी सिंह व लिपिक शंकर सिंह चंदेल, सुनीता देवी, प्रवीण सिंह, गौरव कुमार, छोटू यादव, अनमोल सिंह, त्रिभुवन सिंह, लक्कू सिंह,संदीप कुमार,अरविंद कुमार,संतोष कुमार समस्त स्टाफ नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं का एक मुस्त समाधान योजना में पंजीकरण कराकर विद्युत बिल के विलंबित भुगतान अधिभार (ब्याज) में भरपूर लाभ दिलाने का कार्य किया।

## एडीशनल एसपी ने अस्थाई पुलिस चौकी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश




**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**

ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर प्रयागराज अंतरजनपदीय सीमा पर बनाए गए अस्थाई पुलिस चौकी व लगाए गए बैरियर का शुक्रवार दोपहर एडीशनल एसपी आपरेशन ओपी सिंह ने निरीक्षण किया।

एडीशनल एसपी ने प्रयागराज महाकुंभ मेला को देखते हुए संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया। बड़े माल वाहक वाहनों को प्रयागराज जिले की सीमा में प्रवेश नही करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर जाने वाले यात्रियों पर रोक है। एडीशनल एसपी ने पुलिसकर्मियों से कहा कि इसके लिए लोगों को जागरूक करते हुए ट्रैक्टर ट्राली से प्रयागराज नही जाने की अपील करें। एडीशनल एसपी ने कुंभ मेला को देखते हुए अस्थाई पुलिस चौकी प्रभारी भरत राय और तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद सरोज,एसआई भरत राय, कृपाशंकर यादव, रामविशाल, काशी सिंह, जिउतबंधन यादव हेड कांस्टेबल मूलचंद वर्मा, सत्येन्द्र यादव,राम खेलावन आदि मौजूद रहे।

# बेटी के घर खिचड़ी एवं पशुओं के लिए चारा पहुंचाने जा रहे पिता की सड़क हादसे में मौत

- पुलिस ने घायलों को राजगढ़ अस्पताल भिजवाया जहां ट्रैक्टर चालक पिता की मौत हो गई
- तीनों घायलों को इलाज उपरांत भेजा गया घर

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



मड़िहान थाना क्षेत्र के नौडीहा लालपुर गांव के एक पिता अपने पुत्री के घर खिचड़ी एवं पशुओं के लिए चारा पहुंचाने जा रहे थे कि सिद्धनाथ दरी की चढ़ाई पर ट्रैक्टर अनियंत्रित हो जाने से पलट गया। जिसके नीचे दबकर पिता की मौत हो गई एवं साथ में बैठे तीन लोग घायल हो गए। बीच सड़क पर ट्रैक्टर पलट जाने से रास्ता जाम हो गया।

पुलिस ने जेसीबी मंगवा कर रास्ते को खुलवाया एवं घायलों को राजगढ़ अस्पताल भिजवाया जहां ट्रैक्टर चालक पिता की मौत हो गई और तीनों घायलों का इलाज कर घर के लिए भेजा गया। उक्त गांव निवासी पन्नालाल पटेल 55 वर्ष शुक्रवार को दोपहर में अपनी नातिन अलका 6 वर्ष पुत्री जितेंद्र एवं नाती लव पटेल 10 वर्ष पुत्री जितेंद्र पटेल एवं साथ में विमलेश36 वर्ष को बैठा कर चुनार थाना क्षेत्र के बरगवां गांव में अपनी बेटी के घर जा रहे थे जैसे ही वह सिद्धनाथ की चढ़ाई के पास पहुंचे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जिसके नीचे चालक पन्नालाल पटेल दब गए और तीनों सवार बगल में गिर गए। सड़क पर ट्रैक्टर पलट जाने से यातायात जाम हो गया चुनार पुलिस ने जेसीबी मंगवा कर ट्रैक्टर और ट्राली को अलग कर जाम को खुलवाया और घायलों को राजगढ़ अस्पताल पहुंचाया। जहां मौके पर तैनात डॉक्टर ने पन्नालाल को मृत घोषित कर दिया और घायलों का इलाज कर उन्हें घर भेज दिया। सक्तेशगढ़ चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह राजगढ़ अस्पताल पहुंचकर मृतक की डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजदिए।